श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी 11:59 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 324, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन डिब्बों में लगेंगे कैमरे 14

वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित 12

## सावन का पहला सोमवार आज



श्रावण मास के शुरू होते ही चहुंओर बम-बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। रविवार को हरिद्वार में कई राज्यों के कांवड़िये गांगाजल लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों के साथ भगवान शिव की प्रतिमा हर किसी को अकर्षित कर रही थी। ●एजेंसी

# 11 विरासत भवन व किले बनेंगे पर्यटन स्थल

- लखनऊ, गोंडा और कानपुर सहित बुंदेलखंड में मौजूद हैं किले, पर्यटन विकास से बढ़ेगा रोजगार
- महोबा का मस्तानी महल, मथुरा का सीताराम महल, गोंडा की वजीरगंज बारादरी का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोंडा में वजीरगंज की बारादरी।

**अमृत विचार:** खंडहर में तब्दील हो रहे राज्य के ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन देने के लिए प्रयास शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग 11 पुराने किलों और भवनों को चमकाने की तैयारी में है। विभाग ने एजेंसियों के माध्यम से इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किया है। ये काम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत होगा, जहां एजेंसी इन जगहों को डिजाइन करेगी, बनाएगी, पैसे लगाएगी, चलाएगी और बाद में सरकार को सौंप देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस पहल से न सिर्फ इन विरासत किलों और भवनों का इतिहास बचेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। विरासत स्थलों में ललितपुर का तालभेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भुरागढ़ किला, गोंडा की वजीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-एरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं। ये सभी जगहें अपनी खास वास्तुकला और इतिहास की कहानियों के लिए मशहूर हैं। इनका पुनरोद्धार करके इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय में बदला जाएगा, ताकि पर्यटक यहां ठहर सकें और इतिहास को करीब से महसूस कर सकें। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में ये योजना खास तौर पर फायदेमंद होगी, जहां पर्यटन बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### यूपी बन रहा देश-दुनिया का चहेता टूरिस्ट डेस्टिनेशन

यह कदम इसलिए भी खास है, क्योंकि इससे यूपी की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के साथ-साथ आधुनिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन विभाग के मुताबिक ये परियोजना न सिर्फ इन पुरानी इमारतों को नया रूप देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। मुख्यमंत्री ने पहले ही इको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उनकी ये कोशिशें यूपी को देश और दुनिया में पर्यटन का एक चहेता डेस्टिनेशन बना रही हैं।

## एक नजर

### केरल के सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आधिकारिक आवास क्लिफ हाउस को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमकी ईमेल के माध्यम से थम्पनूर पुलिस थाने को मिली थी और इसके स्रोत का अभी पता नहीं चल पाया है। ईमेल के अनुसार, क्लिफ हाउस में बम विस्फोट होने वाला था। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने स्वान और बम-रोधी दस्तों की मदद से गहन तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तलाशी के समय मुख्यमंत्री विजयन और उनका परिवार विदेश में था।

### तीन बसों की टक्कर में 10 अमरनाथ यात्री घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आधार शिविर लौटते समय रविवार को अमरनाथ यात्रियों के काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं, जिससे कम से कम 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सभी तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन करने के बाद काफिले में लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में तीनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बसों के अन्य तीर्थयात्रियों को आरक्षित बसों में ले जाया गया तथा काफिला रवाना हो गया।

# बारिश व वज्रपात से 14 लोगों की मौत, उफान पर नदियां

## कई स्थानों पर जनजीवन ठप, सड़कों-खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव

- लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली समेत कई जिलों में बिजली गिरने की घटनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में मानसून की बारिश आम जनजीवन को खसा प्रभावित कर रही है। राज्य के तमाम हिस्सों में तेज बारिश व आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है। कई स्थानों पर जनजीवन ठप है, वहीं सड़कों, खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति है।

उप्र के कई जिलों में नदियां उफना रहीं है और जलस्तर बांध पर दर्ज खतरे के निशान से ऊपर जा रहा है। ललितपुर, झांसी, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ और कानपुर जैसे क्षेत्रों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के कारण बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। ललितपुर के माताटीला बांध के 9, झांसी के पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोल दिए गए हैं। मऊरानीपुर में सुखनई नदी का जलस्तर बढ़ने से पुराना पुल डूबने की कगार पर है। झांसी में पथराई नदी के उफनाने से 300 परिवार घरों में कैद हो गए हैं। लखनऊ में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, भदोही में महिला और किशोरी की जान वज्रपात से चली गई। खेत में काम करने के दौरान उसपर बिजली गिरी। हमीरपुर, बांदा में भी दो लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है। कन्नौज में आकाशीय बिजली से पांच महिलाएं झुलस गईं। वहीं, चित्रकूट में घर ढहने से दो और हापुड़ में एक की मौत हो गई। आजमगढ़ और जौनपुर से भी एक-एक मौत की सूचना है।

लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर, बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली जैसे कई जिलों में तेज बारिश और बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। आईएमडी के ताजा बुलेटिन में बताया गया कि उप्र के 47 जिलों में 24 से 48 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।



चित्रकूट के राजापुर रोड चुनहा पुरवा में कमर तक भरे पानी से निकलते बच्चे और राहगीर।

### पिछली खामियों को इस बार नहीं दोहराएंगे

बीते वर्ष प्रदेश में 6 जिलों के 200 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। शासन ने उस दौरान राहत कार्यों, वर्क फोर्स और नियंत्रण के उपायों का ब्योरा तलब किया है ताकि इस बार समय रहते तमाम खामियों को सुधारा जा सके। उस वक्त बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की बाढ़ बटालियन की टीमें तैनात की गई थीं। पीलीभीत में तो फंसे लोगों को निकालने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर तक को लगाया गया था। इस बार भी रिहर्सल के साथ होमवर्क पूरा है।

### ठाकुरगंज हादसे पर योगी सख्त, जेई को किया निलंबित, एई को नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज क्षेत्र में शनिवार को नाले में गिरने से एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर (जेई) को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता (एई) को कारण बताओ नोटिस जारी करने और पीड़ित परिवार को कुल 9 लाख रु. की आर्थिक सहायता (5 लाख रु. मुख्यमंत्री राहत कोष तथा 4 लाख रु. आपदा राहत कोष) से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनता की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले नेपाली-बांग्लादेशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बिहार में निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने घर-घर जाकर की जांच

निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बिहार में मतदाता सूची के जारी के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच की और इस दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है।



### अगस्त से पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है।

# श्रृंगला, निकम समेत 4 रास के लिए मनोनीत

- प्रधानमंत्री मोदी ने चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी



उज्जवल निकम



हर्षवर्धन श्रृंगला



मीनाक्षी



सदानंदन मास्टर

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की है। मोदी ने निकम की सराहना करते हुए कहा, उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राजनयिक के रूप में श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोदी ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि मीनाक्षी जैन को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में व्याख्याता रहीं जैन पद्मश्री से सम्मानित हैं। वहीं सदानंदन मास्टर की सराहना कर कहा कि उनका जीवन साहस व अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है।

# गृह मंत्रालय ने माना जेलों में कट्टरता फैलना गंभीर चुनौती

- सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजा पत्र

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने जेलों में कट्टरपंथ को एक गंभीर चुनौती बताया है तथा सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के वास्ते त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए एक पत्र में गृह मंत्रालय ने कैदियों की जांच-पड़ताल, समय-समय पर जोखिम का आकलन और अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों को अधिक निगरानी के साथ अलग रखने समेत विभिन्न उपायों की सूची देते हुए दिशानिर्देश जारी किए हैं और ऐसे कैदियों को कट्टरपंथ से बाहर निकालने की प्रक्रिया को शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया है कि जेलों में कट्टरपंथ आमतौर पर खतरनाक हो सकता है, क्योंकि जेल बंद जगहें होती हैं जहां सामाजिक अलगाव, समूहों का प्रभाव और निगरानी की कमी जैसे कारण चरमपंथी विचारों को बढ़ावा दे सकते हैं।

# मालगाड़ी के 18 डिब्बे धू-धू कर जले

- तमिलनाडु के तिरुवल्लूर की घटना, डीजल से भरे थे डिब्बे सेवाएं बाधित

**चेन्नई।** उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। इस घटना से रेल यात्रियों को काफी असुविधा हुई। दक्षिणी रेलवे के अनुसार, डीजल ले जा रही मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए थे। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया। चेन्नई सेंट्रल से चलने वाली या वहीं समाप्त होने वाली 11 मेल/एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया। रेलवे ने कहा कुल 30 डिब्बों और इंजन को सुरक्षित रूप से हादसे वाली जगह से अलग कर दिया गया।



### लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा गया

आग और धुएं को देखते हुए घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा गया। रेल सेवाएं बाधित होने से राज्य परिवहन निगमों ने 170 से अधिक विशेष बस सेवाएं संचालित कीं। रेलवे ने बताया, तीसरे डिब्बे में आग लगने की सूचना मिलते ही लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

# विदाई समारोह में शुभांशु ने कहा- अंतरिक्ष से भारत महत्वाकांक्षाओं से भरा व निडर दिखता है

- पृथ्वी के लिए अपनी वापसी यात्रा आज शुरू करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



आईएसएस में विदाई समारोह के दौरान शुभांशु शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने रविवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षा, निडरता, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। शुक्ला ने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में कहे शब्दों को दोहराते हुए कहा, आज भी भारत ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।

उन्होंने आईएसएस पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह कहा। शुक्ला ने आईएसएस में अपने प्रवास का जिक्र करते हुए कहा, यह मुझे जादुई सा लगता है यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है। वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। आईएसएस पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की विदाई का समय आ गया है और वे सोमवार को पृथ्वी के लिए वापसी यात्रा शुरू करेंगे। शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री- कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड एवं हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे।

# पांच छोटी नदियों को पुनर्जीवित करेंगे आईआईटियन्स

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 10 विभागों की देखरेख में चल रहा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईटी कानपुर, बीएचयू, लखनऊ व रुड़की से टेक्निकल सपोर्ट टीम शामिल

**अमृत विचार:** प्रदेश की 75 छोटी और सहायक नदियों को नया जीवन देने काम शुरू हो गया है। इसमें प्रमुख तकनीकी संस्थानों के आईआईटियन्स और 10 अहम विभागों की सहभागिता से एक समन्वित रणनीति बनाई गई है। नदी पुनर्जीवन कार्य को प्रभावी और सतत बनाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश की नदियों के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग कर रही है। इस कार्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, बीबीएयू लखनऊ और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं।

ये संस्थान हर नदी की भौगोलिक, पारिस्थितिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर उपयुक्त पुनर्जीवन योजना बना रहे हैं। वैसे सरकार द्वारा मनरेगा योजना से नदियों के कायाकल्प का कार्य वर्ष 2018 से ही चल रहा है। लेकिन अब इस कार्य को और अधिक संगठित, तकनीकी और व्यापक स्वरूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत जलधाराओं की सफाई, चैनलिंग, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### इन विभागों की देखरेख में संचालन

तैयार किए गए मास्टरप्लान के अनुसार नदी पुनर्जीवन अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए 10 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की है। इनमें सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, पंचायती राज, वन, बागवानी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य, शहरी विकास, उत्तर प्रदेश राज्य जल संसाधन एजेंसी, ग्रामीण विकास और राजस्व विभाग शामिल हैं। इन विभागों के समन्वय से प्रत्येक जिले में योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बनी अनुश्रवण समिति

हर मंडल में एक अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संबंधित मंडलायुक्त कर रहे हैं। यह समिति पुनरुद्धार की योजनाओं का नियमित परीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा करती है। इसका उद्देश्य यह है कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त हो।

### जिला गंगा समितियों की भूमिका भी अहम

योगी सरकार ने जल संरक्षण और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इसके लिए जिला गंगा समितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की गई है। ये समितियां स्थानीय स्तर पर नदी तंत्र की निगरानी और जन सहभागिता को बढ़ावा दे रही हैं। यह भी सुनिश्चित करती हैं कि नदी का पुनर्जीवन एक सतत और समावेशी प्रक्रिया बन सके।

# मंदिरों में देर रात से लगीं भक्तों की कतारें

## आनंदेश्वर, सिद्धनाथ मंदिर में लगे भोले के जयकारों से माहौल हुआ भक्तिमय


आनंदेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन के पहले सोमवार का उत्साह भक्तों पर रविवार से ही छाया रहा। शिव मंदिरों में दर्शन के लिए भक्त देर रात से मंदिरों में पहुंचने लगे थे। आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर व सिद्धनाथ मंदिर में भक्तों की कतारें लगने लगी थीं। भक्तों की ओर से लगाए जा रहे जयकारों से माहौल में उत्साह रहा।

पहले सोमवार के भोर से दर्शन के लिए परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में भक्त पहुंचने लगे थे। रविवार रात की शयन आरती के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। रविवार रात को जागेश्वर महादेव मंदिर व सिद्धनाथ मंदिर में भी भक्त हाजिरी लगाने पहुंचे। इन मंदिरों को विशेषतौर पर रोशनी से सजाया गया। सावन के पहले सोमवार को सिद्धनाथ मंदिर में बाहर गुब्बारों से सजावट की जाएगी। जागेश्वर मंदिर में भी भक्तों को सीसीटीवी की नजर में मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। नागेश्वर मंदिर में सावन के पहले सोमवार के लिए तैयारी की जाती रही। मंदिर में सोमवार शाम विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसी तरह बनखंडेश्वर मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार के लिए रविवार को सुरक्षा जांच हुई।

**● सिद्धनाथ मंदिर रोशनी से जगमगाया, जागेश्वर मंदिर में भी हुआ पूजन**

इस दौरान मंदिर के सभी कैमरों का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी भी मंदिर सेवकों को दी गई।


परमट मंदिर में बाबा का जलाभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

### 30 कैमरे लगाए गए



● परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में सावन के पहले सोमवार को उमड़ने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए 30 कैमरों पर जिम्मेदारी है। इसके अलावा जिला प्रशासन की ओर से भी मंदिर परिसर व मुख्य द्वार के बाहर कैमरे लगाकर भक्तों की सुरक्षा पुख्ता की गई। सुरक्षा की जिम्मेदारी में जिला प्रशासन के अलावा मंदिर के सेवकों को भी लगाया गया।

### शिवभक्तों की भीड़ के चलते आज बदला रहेगा यातायात

**कानपुर।** सावन के पहले सोमवार को शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए यातायात विभाग ने कई रूटों पर डायवर्जन किया है। ये डायवर्जन सोमवार को रात 12 बजे तक लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार के मुताबिक आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर, खेरेश्वर मंदिर, वनखंडेश्वर और सिद्धनाथ मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते और जाम से बचाने के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। मंदिरों के आसपास पार्किंग व्यवस्था की गई है।

#### ये यातायात व्यवस्था

बिल्हौर से आने जाने भारी वाहन चौबेपुर से मंधना चौराहा नहीं जाएंगे बल्कि चौबेपुर क्रासिंग से शिवली रोड पर जाएंगे। मंधना चौराहा से भारी वाहन कल्याणपुर क्रासिंग की ओर नहीं जाएंगे बल्कि गंगा बैराज होकर चलेंगे। बिठूर स्थित ब्लू वर्ल्ड तिराहा से भारी वाहन बिठूर की ओर जाने के बजाय गंगा बैराज रास्ते से चलेंगे। गंगा बैराज से कंपनी बाग कोई वाहन नहीं जाएगा। ऐसे वाहन मंधना या शुक्लागंज होकर जाना पड़ेगा। बीमा चौराहा से सिद्धनाथ घाट की ओर जाने वाले वाहन जेके चौराहा होते हुए चलेंगे। शिवराजपुर से फतेहपुर चौरासी की ओर भारी व मध्यम वाहन नहीं जा सकेंगे। यशकोठारी चौराहे से वाहन कल्याणपुर और बिठूर नहीं जा सकेंगे।

#### यहां वाहन पार्क करें

● वक्कल पार्किंग, परमट, टेफ्को मेन से बक्कल पार्किंग तक सड़क के बाईं ओर। ग्रीन पार्क स्टेडियम के पीछे सड़क के दोनों ओर, ग्रीन पार्क चौराहा से शराब गद्दी तिराहा तक सड़क के दोनों ओर, जयंती पैलेस के सामने खाली खेत में, चुंगी चौराहा के सामने खाली खेत में, चौबेपुर बिठूर मार्ग पर खाली खेत में पार्क करें।

जगमग


श्रावण माह के प्रथम सोमवार के स्वागत में रंग बिरंगी लाइट से जगमगाता मॉडल टाउन पार्क पांडुनगर में स्थित शिव मंदिर। मंदिर के शिखर पर विशालकाय शिवलिंग स्थापित है। मंदिर में अलौकिक प्रकाश की अदभुद छटा छाई है। पुजारी मोहित शुक्ला ने भगवान का अभिषेक किया। फोटो-मनोज तिवारी

# सावन में प्रमुख मंदिरों में तैनात रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन के मौसम में भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनजर शिव मंदिरों के पास स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उदय नाथ ने जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में स्वास्थ्य कैंप लगाने का आदेश जारी किया है, साथ ही वहां पर डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती भी की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उदय नाथ ने बताया कि 14 जुलाई से चार अगस्त सावन के अंतिम सोमवार तक शिव मंदिरों में डॉक्टरों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। एसीएमओ डॉ.आरके गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। आनंदेश्वर मंदिर प्रशासनिक कैंप पर रविवार रात 12 बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक कल्यानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्सीय दल रोगी वाहन सहित रहेंगे। सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक डॉ.आलोक मिश्रा, फार्मेसिस्ट प्रमेश और साथ में तीन कर्मी रहेंगे। दोपहर तीन बजे से रात 11 बजे तक डॉ.आदेश श्रीवास्तव व फार्मासिस्ट राकेश वर्मा के साथ ही दो कर्मचारी रहेंगे। खेरेश्वर मंदिर शिवराजपुर में शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नीलकंडेश्वर मंदिर चौबेपुर में चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्सीय दल व 108 रोगी वाहन रहेगा। अधिक भीड़ या उमस भरी गर्मी के कारण किसी भी व्यक्ति की अगर तबीयत खराब होती है तो ऐसे में मंदिर के अंदर या भक्तों की लाइन के आसपास मौजूद सेवकों या स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल सूचित करें, ताकि तुरंत इलाज मिल सके।

**● मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टरों की मंदिरों में लगाई ड्यूटी**

# धनिरूठा और शतभिषा नक्षत्र में होगा महादेव का पूजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन के पहले सोमवार पर भक्तों को विशेष संयोग मिल रहा है। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि पहले सोमवार पर धनिरूठा और शतभिषा नक्षत्र पर भक्त महादेव का पूजन करेंगे। आयुष्मान और सौभाग्य योग भी मिल रहा है। इन शुभ संयोग से महादेव पर जलाभिषेक का महत्व अधिक बढ़ गया है।

**● सावन के पहले सोमवार पर भक्तों को मिले विशेष संयोग**

ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को भक्तों को विशेष संयोग में प्रभु का पूजन कर फल हासिल करना चाहिए। इन संयोग में महादेव दान की मुद्रा में होते हैं। इन विशेष संयोग में रुद्राष्टकम, शिव पुराण, शिव मंत्रों का पठन पाठन करना विशेष फलदाई माना जाता है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को चंद्रदेव का दिन है और चंद्रमा स्वयं भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। इसलिए यह दिन शिव उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। सावन के सोमवार इसलिए प्रभावशाली होते हैं क्योंकि इस ऋतु में सूर्य का प्रभाव कम और चंद्र का प्रभाव अधिक होता है। चंद्रमा मन के स्वामी हैं और यही समय मानसिक शुद्धि, भावनात्मक संतुलन और आत्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस दिन श्रद्धापूर्वक किया गया रुद्राभिषेक मन के विकारों को शांत करता है।


परमट मंदिर का निरीक्षण करते एडीएम सिटी। अमृत विचार

# आनंदेश्वर मंदिर का एडीएम सिटी ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने आनंदेश्वर मंदिर का भ्रमण किया और मंदिर के महंत से भेंटकर उनसे समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श किया। सोमवार को भक्तों की भीड़ को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम, एसीएम-4 और एसीपी कर्नलगंज सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। एडीएम सिटी ने सभी एसीएम और एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख शिव मंदिरों और घाटों का भ्रमण करें और आवश्यक प्रबंधों को अंतिम रूप दें।



ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर को जानकारी देते शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी।

# ज्वाइंट सीपी से मिले शहरकाजी कचहरी मस्जिद का ताला खुला

**कानपुर।** आजादी के पहले से कचहरी में मौजूद मस्जिद में शुक्रवार को ताला डाल दिया गया। ताला किसने डाला, क्यों डाला, कुछ स्पष्ट नहीं है। फिलहाल मस्जिद में तीन दिन से नमाज नहीं हो पा रही थी। पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने रविवार को ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार से मुलाकात की और रविवार शाम को मस्जिद का ताला खुल गया। शहरकाजी ने कहा कि कचहरी के आसपास कोई मस्जिद नहीं होने के कारण कचहरी की मस्जिद में ही मुस्लिम अधिवक्ता, अधिकारी, मुवक्किल नमाज अदा करते हैं। ये मस्जिद अंग्रेजों के जमाने की है।

# हैप्पीनेस स्कूल शिक्षा को देगा नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्कुराए कानपुर ने रविवार को हैप्पीनेस स्कूल के अंतर्गत सामाजिक व्यवहार व मानव मूल्यों पर संस्कारशाला की शुरुआत की। हैप्पीनेस स्कूल के संस्थापक डॉ.सुधांशु राय ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से अलग हटकर सामाजिक व्यवहार, नैतिक मूल्य आदि पर शिक्षा दी जाएगी। सत्र में विभिन्न स्कूलों में एक-एक घंटे के सेशंस रखे जाएंगे और कुछ स्कूलों को हैप्पीनेस स्कूल के रूप में प्रमुखता दी जाएगी। हैप्पीनेस स्कूल समन्वयक डॉ. नीलम त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को सामाजिक दृष्टिकोण, खुशी और आत्म संतुष्टि का महत्व बताया। हैप्पीनेस स्कूल समन्वयक अमित अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी समाज में छोटे से छोटा कार्य करके भी खुश हो सकते हैं, जैसे एंबुलेंस को रास्ता देकर भी। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा हैप्पीनेस स्कूल शिक्षा को एक नई दिशा देगा। समाजसेवी राजेश ग्रोवर ने कहा कि कोई भी कार्य खुश होकर करना चाहिए। मोटिवेशनल स्पीकर संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि जीवन में धैर्यता सबसे महत्वपूर्ण है और यही आपको सफलता दिलाता है। मोटीवेटर डॉ. सुशील मिश्रा ने खेल-खेल में नैतिकता का पाठ पढ़ाया। मुस्कुराए कानपुर सचिव दीपिका श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब दिए।


संस्कारशाला में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# फ्री कॅरियर गाइडेंस सेंटर का उद्घाटन

**कानपुर।** एएमपी टीम कानपुर एवं एमएचएम पब्लिक स्कूल के संयुक्त फ्री कॅरियर गाइडेंस सेंटर का उद्घाटन जेसीआईएससीई बोर्ड के सदस्य डॉ. सदरुल हसन एवं शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने किया।

नौबस्ता में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सदरुल हसन ने कहा कि करियर गाइडेंस सेंटर्स आज की सबसे बड़ी ज़रूरत हैं। जब युवाओं को सही समय पर दिशा मिलती है, तभी वे जीवन में ऊँचाइयों को छू सकते हैं। शहरकाजी ने कहा कि तालीम ही असली ताक़त है।

# खेल-खेल में बालक ने फंदा लगा लिया, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में पड़ोसी बच्चों के साथ छत पर खेल रहे 13 वर्षीय बालक ने वॉटर लेवल पाइप में फंदा लगाया और गले में बांध लिया। कुछ देर बाद जब उसका बड़ा भाई छत पर पहुंचा तो उसे फंदे से लटका पाया। घरवाले किशोर को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


अंकित।

बारासिरोही निवासी ओम प्रकाश शर्मा कश्यपनगर में परिवार सहित रहते हैं। परिवार में पत्नी सपना व तीन बेटे टिंकू, तीन वर्षीय नारायण व 13 वर्षीय अंकित था। ओम प्रकाश ने बताया कि शनिवार को वह काम के सिलसिले में मसवानपुर गए थे। बड़ा बेटा टिंकू काम से घर से बाहर था। दोपहर करीब तीन बजे पत्नी घर का काम निपटाने के बाद सो गई थीं। इस बीच अंकित छोटे भाई नारायण और पड़ोसी बच्चों के साथ छत पर खेलने चला गया। खेल-खेल में अंकित ने वॉटर लेवल पाइप व छत पर लगे रोशनदान से रस्सी बांध दी। उसी से फंदा लगा लिया। बच्चों ने खेलकूद में ध्यान नहीं दिया और अंकित का गला कसता चला गया। इसके बाद छत पर खेल रहे बच्चे भी भाग गए। कुछ देर बाद टिंकू घर लौटा तो उसने पड़ोसी बच्चों से अंकित के बारे में जानकारी ली। इस पर बच्चों ने बताया कि छत पर है। टिंकू छत पर पहुंचा तो भाई को फंदे से लटका देखकर चीख पड़ा। आवास सुनकर मां और पड़ोसी भी पहुंचे।

**● बड़ा भाई छत पर पहुंचा तो फंदे से लटका देखा**

विकास | पनकी पड़ाव क्रासिंग पर आरओबी बनना है प्रस्तावित

# पड़ाव ब्रिज के लिए शासन की झंडी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी पड़ाव क्रासिंग पर प्रतिदिन हजारों लोगों को जाम में घंटों तक फंसे रहना पड़ता है, लोगों की इस परेशानी को दूर करने के लिए यहां पर वाई आकार का पुल प्रस्तावित है। इस रेलवे ओवरब्रिज के लिए शासन की वित्त व्यय समिति ने स्वीकृति दे दी है। पुल से संबंधित फाइल शासन में पहुंच चुकी है। शासनादेश जारी होते ही टेंडर प्रक्रिया सेतु निगम द्वारा शुरू होगी।

दिल्ली-हावड़ा रूट पर स्थित पनकी पड़ाव क्रासिंग पर तीन रेलवे लाइन हैं। इस क्रासिंग पर हर 15 से 20 मिनट पर ट्रेनें गुजरती हैं। इन तीनों लाइनों पर ट्रेनों का आवागमन रहता है। हजारों लोगों को प्रतिदिन एक से डेढ़ घंटे तक जाम में फंसना पड़ जाता है। यहां पुल निर्माण के संबंध में गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी प्रयास किया और अब सांसद रमेश अवस्थी भी प्रयासरत हैं। जनप्रतिनिधियों के प्रयास की वजह से यहां पर रेलवे ओवर ब्रिज के लिए शासन से वित्त व्यय समिति से स्वीकृति मिल गई है। 305 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार लेन पुल के निर्माण के संबंध में फाइल शासन में पहुंच गई है। सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक विजय कुमार सेन के मुताबिक पनकी पड़ाव रेलवे ओबरब्रिज की फाइल शासन में है। निगम को शासन से निर्देश मिलने का ही इंतजार है।


पनकी पड़ाव क्रासिंग बंद होने से रुकता है ट्रैफिक। अमृत विचार

### वाई आकार का पुल

सेतु निगम अधिकारियों के मुताबिक ओवरब्रिज का आकार वाई आकार का होगा। वाहन ओवरब्रिज पर पनकी गंगागंज की तरफ से चढ़कर कालपी रोड पर उतर सकेंगे। वाहन सवारों को अगर भौंती की ओर जाना होगा तो वह उस ओर निकल जाएंगे। जिनको गंगागंज से भाटिया चौराहा या अर्मापुर की ओर जाना होना वह उस ओर जा सकेंगे। पनकी, गंगागंज व कल्यानपुर समेत आसपास के लोगों को लाभ तो मिलेगा ही, साथ ही भौंती, सचेंडी, देहात, औरैया या इटावा आदि से पनकी मंदिर आने वाले भक्तों को भी राहत होगी।

# मकान दिलाने के नाम पर पांच लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में मकान दिलाने के नाम पर परचून दुकानदार से ठगी हुई। प्रापर्टी डीलर ने मकान मालिक के साथ मिलकर झांसा दिया और पांच लाख रुपये आरटीजीएस कराकर हड़प लिया। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

13 ब्लाक निवासी नरेश कुमार परचून दुकानदार चलाते हैं। उन्होंने बताया कि लेबर कालोनी निवासी प्रापर्टी डीलर गुरमीत सिंह उर्फ काके सरदार ने एक फरवरी 2024 को उनसे संपर्क कर कहा कि इलाके में एक प्रापर्टी बिकाऊ है। उसे मिलकर खरीद लेते हैं। हां करने पर वह एग्रीमेंट बनवा लाए। विक्रेता में मकान मालिक उमेश कुमार मदान का नाम था। मकान का सौदा 75 लाख रुपये में तय होना उनसे बताया। दस लाख रुपये बयाने के तौर पर देने थे, जिसमें उनके खाते में पांच लाख आया। सात फरवरी 2024 को उन्होंने मकान मालिक के खाते में पांच लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए। बाद में मकान मालिक ने कहा कि काके सरदार से रुपये वापस कर दिए हैं। जब काके से पैसे मांगे तो उसने धमकी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने गलत आख्या देकर मामला दबा दिया। फिर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई।

**● पुलिस कमिश्नर से शिकायत पर दर्ज हुई ठगी की रिपोर्ट**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र पवन उम्र 31 वर्ष पुत्र दाताराम, निवासी -ग्राम तडेर पोस्ट नगला तहसील शाहाबाद जिला हरदोई मई 2024 में कार्य करने के लिए घर से गया और वापस नहीं लौटा। काफी तलाश किया परंतु पता नहीं चल सका। जिस किसी सज्जन को पता चले तो इस नंबर पर सूचित करें। **दाताराम पुत्र राजाराम निवासी ग्राम तडेर थाना शाहाबाद जिला हरदोई। मो0-7897 845510**



**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD AKHLAQU था. अब मैं अपना नाम बदलकर MO-AKHLAK रख लिया हूं अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। MO-AKHLAK S/O ALLA NAWAS, Address- TERHI BAZAR AYODHYA , PO- AYODHYA-AYODHYA

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **रामकिशोर पुत्र बाबूलाल,निवासी ग्राम -माल,परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला -लखनऊ** का हूं मै अपने पुत्र अवनेंद्र विश्वकर्मा को उसके गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार न होगा।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

| 33.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:25 | सूर्यास्त 07:04 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# घर में घुसे नकाबपोश, बच्ची को पिस्टल लगा लूट

**सनसनीखेज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नलगंज के छोटे मियां हाता में देर शाम की वारदात, एसीपी ने की जांच-पड़ताल
- पत्नी को पिस्टल दिखाकर बोले- यह खिलौना नहीं, इसे पिस्टल कहते हैं, गोली चली तो जान जाएगी
- आहट पर जेवर छोड़कर भागे, मोबाइल भी फेंका, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

**अमृत विचार।** कर्नलगंज में शनिवार देर शाम तीन नकाबपोश बदमाश कुंडी खटखटाकर होजरी कारोबारी के घर में घुस गए। बच्ची की कनपटी पर पिस्टल लगाकर महिला के जेवर उतरवाए। बच्ची को गोली मारने की धमकी दी। बाद में आहट पाकर पकड़े जाने के डर से जेवर का बैग छोड़कर भाग निकले। लूट की सूचना पर एसीपी अमित चौरसिया, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल कर परिजनों से पूछताछ की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

छोटे मियां का हाता निवासी सालिम खान होजरी कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार देर शाम दरवाजा खटका तो बड़ी बेटी ने कुंडी खोली। इस पर दरवाजा धकियाकर तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए और अंदर से कुंडी लगा ली। एक ने उनकी तीन वर्षीय बच्ची की कनपटी पर पिस्टल लगा दी, जान से मारने की धमकी देकर पत्नी से पहने हुए जेवर उतारने को कहा। पत्नी को धमकाते हुए पिस्टल खोलकर दिखाई। कहा कि यह खिलौना नहीं है, इसे पिस्टल कहते हैं। गोली चली तो जान चली जाएगी। इसलिए घर में जितनी नकदी व जेवर हैं, सब लाकर बैग में डाल दो। इसके बाद दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के हाथ का कंगन व अन्य जेवर उतरवाकर मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने अलमारी खोलने का प्रयास किया। इसी बीच कदमों की आहट पर दो बदमाश तुरंत जीने में जाकर खड़े हो गए। कुछ देर बाद तीसरा बदमाश भी बैग छोड़कर भाग निकला। जैसे उन्हें पकड़े जाने का डर था। बदमाशों के भाग जाने के बाद शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर एसीपी कर्नलगंज और थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव फोर्स समेत मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। कारोबारी ने तीन बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि बदमाश दरवाजा खुलवाकर कमरे में घुसे थे। लूट का माल नहीं ले जा सके। महिला का मोबाइल लेकर भागे थे, उसे भी कुछ दूरी पर जाकर फेंक दिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वारदात में किसी करीबी के शामिल होने की संभावना है।

### कम उम्र के नौसिखिया बदमाश थे

- सालिम खान के भतीजे मोहम्मद आकिब ने बताया कि दो युवक जो बाहर जीने में रुक थे, उनकी उम्र कुछ अधिक होगी, लेकिन जो युवक कमरे में सबसे आगे आया उसकी उम्र 20 साल से अधिक नहीं होगी। आकिब के अनुसार युवक कैप और मास्क लगाए थे। चेहरा पूरी तरह ढका होने से पहचान में नहीं आए। जबरन चाची के हाथ से सोने की चूड़ी उतारते समय खरोंच आई है। जिस तरह बदमाश डरकर भागे हैं, जाहिर है नौसिखिया होंगे। वरना हाथ में पिस्टल होने के बाद ऐसे नहीं भागते।




**एक नजर**

### ई रिक्शों पर चला ट्रैफिक टीम का डंडा

**कानपुर।** यातायात निरीक्षक समीर जावेद खान की अगुवाई में ई रिक्शों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे ई रिक्शों में भगदड़ मच गई। कई ई रिक्शों पर कार्रवाई की गई। ई रिक्शा चालकों को चेतावनी दी गई कि जो रुट उनके लिए निधारित किये गये हैं, उन्हीं रूट पर चलें। रविवार को डीसीपी यातायात रवींद्र कुमार के निर्देश पर टीआई समीर जावेद खान ने विभिन्न मार्गों पर ई रिक्शों की घेराबंदी की और ई रिक्शा चालकों को चेतावनी दिया कि कार्रवाई से बचना है तो सबसे पहले ई रिक्शा और चालक अपने पंजीयन कराएं।

### प्रभु जगन्नाथ को अर्पित किया बाल भोग

**कानपुर।** श्री यज्ञसैनी वैश्य नवयुवक मण्डल हलवाई समाज की ओर से रविवार को धार्मिक आयोजन आयोजित किया गया। समारोह में प्रभु जगन्नाथ स्वामी को महाप्रशाद अर्पित किया गया। इस दौरान भोग भंडारे और भजन का आयोजन भी हुआ। वेद गेस्ट हाउस सिविल लाइन में हुए आयोजन की शुरुआत श्री जगन्नाथ स्वामी की आरती से हुई। कार्यक्रम में प्रभु को बाल भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम में गायक मुकुल बंधुओं ने भजनों से भक्तों में उत्साह भर दिया।

**सांसद रमेश अवस्थी व विधायक सुरेंद्र मैथानी ने निरीक्षण कर जताई खुशी, मोदी व योगी जिंदाबाद के नारे गूंजे**

# अगले हफ्ते शुरू हो जाएगा दादानगर समानांतर पुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजय नगर से सीटीआई जाने के लिए दादा नगर समानांतर नए पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बस यहां डिवाइडर पर लगे एंगलों पर शेड लगना बाकी है। रविवार को सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कार्यकर्ताओं के साथ पुल का निरीक्षण किया और मोदी व योगी जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी जाहिर की। आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह से पुल चालू करा दिया जाएगा।


दादानगर समानांतर पुल का निर्माण पूरा होने पर निरीक्षण करते सांसद रमेश अवस्थी व विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

कानपुर दक्षिण क्षेत्र में आबादी बीते 10 साल में दो से तीन गुनी हो गई है। आबादी बढ़ने की वजह से वाहनों की संख्या भी अधिक हो गई है। इससे उत्तर और दक्षिण को जोड़ने वाले सभी पुल सुबह और शाम जाम की गिरफ्त में रहते हैं। लोगों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए दादा पुल के समानांतर पुल का निर्माण जून 2023 में शुरू किया गया था, जिसका कार्य वर्ष 2024 तक पूरा होना था, लेकिन मेट्रो के कार्य की वजह से निर्माण में देरी होने पर कार्य अब जुलाई 2025 में कार्य पूरा हो गया है। सिर्फ डिवाइडर पर लगे लोहे के एंगलों पर सपोर्ट शेड लगना बाकी है। सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पुल पर पहुंचकर मोदी व योगी जिंदाबाद के नारे लगाए। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि समानांतर पुल के निर्माण से लाखों लोगों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।


दादानगर पुल बनकर तैयार है। अमृत विचार

| 2023 | 2024 | 01 |
|---|---|---|
| जून में शुरू किया गया था निर्माण कार्य | तक पूरा होना था समानांतर पुल का निर्माण | साल लेट हुआ काम मेट्रो के काम के कारण |

### 728.70 मीटर लंबा व 7.50 मीटर चौड़ा है पुल

- सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक विजय कुमार सेन के मुताबिक दादा नगर नए पुल पर डामरीकरण का कार्य पूरा हो गया है, बस डिवाइडर पर लगे लोहे के एंगलों पर सपोर्ट शेड लगनी हैं। यह पुल 728.70 मीटर लंबा और 7.50 मीटर चौड़ा है, जिसकी लागत करीब 55 करोड़ रुपये है। लाइट आदि भी लग गईं हैं। अगले सप्ताह से इस पुल पर वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### पांच लाख से अधिक आबादी को मिलेगा लाभ

- दादा नगर समानांतर पुल के बन जाने से पांच लाख से अधिक आबादी को जाम से निजात मिलेगी, जिसमे मुख्य रूप से सीटीआई, गोविंद नगर, चावला मार्केट, शास्त्री चौक, बर्रा पांच, छह, सात, दबौली, गुजैनी, रतन लाल नगर, कारगिल पेट्रोल पंप क्षेत्र, मेहरबान सिंह पुरवा व जरौली क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को इस पुल के माध्यम से घर जाना आसान होगा।

# छेड़खानी-धमकी में पार्षद और सपा नेता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वार्ड-91 के पार्षद विनोद गुप्ता, भाई उत्तम गुप्ता और भांजे विनय गुप्ता पर कार्रवाई
- आरोप, सरकारी काम का लिखित वर्कआर्डर मांगने पर की गाली-गलौज व अश्लीलता

**अमृत विचार।** काकादेव में पार्षद, उनके भाई व भांजे के खिलाफ युवती से छेड़छाड़, अश्लीलता और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने सरकारी काम का वर्कआर्डर और पार्षद का आईकार्ड मांगा था। इसी पर भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए अश्लीलता की। विरोध पर धमकाया।

काकादेव क्षेत्र की रहने वाली युवती का आरोप है कि एक जुलाई की दोपहर वह अपने घर पर मौजूद थी, इसी बीच वार्ड-91 के पार्षद विनोद गुप्ता, अपने भाई उत्तम गुप्ता और भांजे विनय गुप्ता के साथ आए। विनय सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उनके साथ 10-12 लोग और थे। पीड़िता के अनुसार उसने देखा कि आरोपी सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे और फुटपाथ तोड़फोड़ रहे थे। इस पर उसने पार्षद और अन्य से आईकार्ड व सरकारी कार्य का लिखित वर्कआर्डर मांगा। इस पर आरोपी अश्लीलता व गाली-गलौज करने लगे। पार्षद ने अश्लील इशारा किया। पीड़िता के अनुसार आरोपी नाले की सफाई के दौरान आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मियों को सुरक्षा उपलब्ध कराए बिना काम कराते हैं। पीड़िता ने काकादेव पुलिस से शिकायत की। इस बारे में एसीपी स्वरूपनगर इंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पार्षद, उनके भाई उत्तम, भांजे विनय गुप्ता के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लीलता, शांतिभंग और धमकाने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं पार्षद विनोद गुप्ता का कहना है कि आरोप गलत हैं। विनय गुप्ता का कहना है कि घटना वाले दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के चलते वह लखनऊ में थे।

# ठेकेदार का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों का घटनास्थल पर हंगामा, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की जांच, जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** सचेंडी में तगादा करने निकले शटरिंग ठेकेदार का शव रविवार सुबह रैकेपुर रोड से करीब 100 मीटर अंदर पेड़ से लटका मिला। ठेकेदार के गले में उसकी ही शर्ट का फंदा कसा था। घरवालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।


विकास तिवारी।

कानपुर देहात के शिवली फत्तेपुर गांव निवासी सुशील तिवारी जमीन खरीद-बिक्री का काम करते हैं। उनका 28 वर्षीय बेटा विकास शटरिंग ठेकेदार था। विकास की तीन साल पहले शादी हुई थी। परिवार में पत्नी शिवानी के अलावा मां नीतू व छोटा भाई उज्जवल है। परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर वह तगादे के लिए घर से निकला था। रात करीब 10 बजे उसकी मां से बात हुई तो उसने कहा था कि घर आ रहे हैं, लेकिन नहीं आया। देर रात मोबाइल स्विच ऑफ मिला। रविवार सुबह उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों ने जानकारी हुई कि रैकेपुर के पास पेड़ पर फंदे पर एक युवक का शव लटका मिला है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। परिजन भी पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घरवालों ने आरोप लगाया कि जिससे वह तकादा करने आया था, उसी ने रुपयों के लिए उसकी हत्या की है। सचेंडी पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 92 हजार ठगे

**कानपुर।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने व सेवा डी-एक्टिवेड का झांसा देकर साइबर ठगों ने 92 हजार रुपये हड़प लिए। ट्रांजक्शन का मैसेज आने के बाद पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ और गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जरौली फेस-टू निवासी दिव्या के अनुसार 20 जून को उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड का प्रतिनिधि बताया। उसने कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड में एक ऐसी सेवा एक्टिवेड है, जिसका वार्षिक चार्ज 2499 रुपये देना होगा। उन्होंने सेवा लेने से मना किया तो बोला कि सेवा डी-एक्टिवेड के लिए मेल किया है। जल्द ही डी-एक्टिवेड कर दी जाएगी। इसके बाद 21 जून को दोपहर में फिर कॉल आई। सेवा डी-एक्टिवेड और लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर क्रेडिट कार्ड जानकारी ले ली। कुछ देर बाद 45,742 के दो ट्रांजक्शन का मैसेज आया।

# युवक का शव मिला, प्रेमिका के परिजनों पर लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी के सजारी गांव की घटना, प्रेमिका के पिता-भाई, मामा समेत आठ पर रिपोर्ट दर्ज
- प्रेमिका के परिजनों ने युवक को पीटा था, शिकायत पर नहीं हुई थी कार्रवाई

**अमृत विचार।** चकेरी के सनिगवां में युवक का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने उसकी प्रेमिका के परिजनों पर पीटकर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। परिजनों की तहरीर पर प्रेमिका के पिता-भाई समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

सजारी गांव निवासी 20 सुरेश राजपूत उर्फ राजा पेशे से राजमिस्त्री था। परिवार में पिता सूबेदार, मां फूलमती, दो भाई और दो बहनें अर्चना व सीता हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। छोटे भाई शिव व रमेश राजपूत ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर उनका एक प्लाट है। जिसपर सुरेश में रात में सोने वहीं जाता था। उसका घर के समीप ही रहने वाली युवती से प्रेम संबंध था। 10 जुलाई को प्रेमिका के भाई ने उसे बहाने से बुलाया और पिता, मामा आदि के साथ मिलकर उसे जमकर पीटा। धारदार हथियार से हमला करने से वह घायल भी हुआ। सुरेश ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन सनिगवां चौकी में कोई सुनवाई नहीं हुई। भाई का आरोप है कि एक दिन बाद फिर सुरेश को धमकाया गया। उसके दो दिन बाद शनिवार शाम सुरेश का शव प्लाट पर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने प्रेमिका के घरवालों पर पीटकर हत्या करने व शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। चकेरी थानाप्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया परिजनों की तहरीर पर प्रेमिका के पिता-भाई समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मरे कंपनी पुल की रेलिंग तोड़ गिरा डंपर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चालक-सहयोगी घायल अस्पताल भेजा
- पुलिस ने अस्थाई बेरीकेडिंग लगवा दी

**अमृत विचार।** कैंट स्थित मरे कंपनी पुल पर रविवार तड़के एक डंपर पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरा। हादसे में डंपर चालक व सहयोगी घायल हो गए। चालक को नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पुल पर सुरक्षा के लिए टूटी रेलिंग के स्थान पर बैरीकेडिंग लगवाई है और डंपर कब्जे में ले लिया है।

कैंट पुलिस के अनुसार रविवार सुबह खाली डंपर कैंट की तरफ से मालरोड नरोना चौराहा की ओर जा रहा था। पुल पर डंपर अचानक अनियंत्रित हो गया और रेलिंग तोड़ता हुए सेंट कैथरीन अस्पताल की तरफ सड़क पर जा गिरा। रविवार का दिन होने के कारण पुल के नीचे ऑटो पार्ट्स की दुकानें बंद थी, जिससे भीड़ नहीं थी। अगर दुकानें खुली होतीं तो हादसा बड़ा हो सकता था। हादसे में कानपुर देहात के रनियां निवासी डंपर चालक कृष्णा व सहयोगी पिंटू को चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे डंपर मालिक ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने डंपर को क्रेन से हटवाकर रास्ता साफ कराया। कैंट थाना प्रभारी अरविंद राय ने बताया कि चालक का उपचार चल रहा है। डंपर कब्जे में लेकर लिया गया है।


टूटी रेलिंग की जगह अस्थाई बेरीकेडिंग की गई। अमृत विचार

**लापरवाही** — पनकी मंदिर जाने वाले भक्तों को ऊबड़ खाबड़ सड़क से गुजरना पड़ता

# स्वीकृति मिलने के बाद भी पनकी मंदिर-पड़ाव रोड अधूरी पड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी मंदिर से लेकर गंगागंज तक एक किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण व सुंदरीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग को स्वीकृति मिल गई है, लेकिन बावजूद इसके वर्तमान में इस सड़क की हालत खराब है। दो जगह पर पाइप लाइन फटी हुई है। मंदिर के सामने हुए गड्ढे में कोई भक्त गिर न जाए, इसलिए क्षेत्र लोगों ने ही पुलिस से सहायता मांगकर वहां पर एक बेरिकेडिंग लगा दी है। इस मार्ग पर आवागमन में परेशानी हो रही है।

पनकी हनुमान मंदिर से लेकर गंगागंज होते हुए पनकी पड़ाव क्रासिंग तक जाने वाली सड़क की हालत काफी खराब हो गई है।


पनकी मंदिर के सामने धंसी सड़क और बचाव के लिए लगाई गई बेरिकेडिंग।

आलम ये है कि मंदिर के सामने ही सड़क धंसी हुई है और वहां पर गड्ढे से बचाव के लिए बेरिकेडिंग लगाई गई है। गंगागंज की ओर बढ़ने पर सड़क की काफी दुर्दशा है और रास्ते में गिट्टी व मौरंग बिछी हुई है। मंदिर के सामने के अलावा गंगागंज की तरफ भी सड़क पर पानी बह रहा है। यह सड़क पनकी पड़ाव क्रासिंग तक काफी खराब है। जगह-जगह पर इस मार्ग पर गड्ढे हैं।


पनकी पड़ाव क्रासिंग से पहले सड़क बहुत खराब है। अमृत विचार

इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग द्वारा चौड़ीकरण व सुंदरीकरण किया जाना है। पनकी मंदिर से गंगागंज तक करीब डेढ़ किलोमीटर तक की सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जाना है, जिसके लिए विभाग को वित्त व्यय समिति से 6.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि मार्ग पर निर्माण कार्य स्वीकृत है। संबंधित अभियंता से जानकारी ली जाएगी।

### आबादी बढ़ने से सड़क की चौड़ाई हुई कम

लोक निर्माण विभाग के अभियंता के मुताबिक पनकी मंदिर के आसपास, गंगागंज व पनकी पड़ाव क्षेत्र में लोगों की काफी आबादी हो गई है। इस वजह से पनकी मंदिर से गंगागंज तक सड़क की चौड़ाई कम हो गई। वाहन सवारों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए इस मार्ग का चौड़ीकरण और पौधे लगाकर सुंदरीकरण किया जाना है। वही, सड़क पर डिवाइडर भी बनाए जाएंगे।

# गंगा बैराज पर युवक और युवती के पुराने शव मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- युवक की उम्र होगी 35 वर्ष, 40 वर्षीय महिला बन चुकी है कंकाल

**अमृत विचार।** नवाबगंज स्थित गंगा बैराज फाटक के पास रविवार सुबह युवक-युवती के शव फंसे मिले। एक शव फाटक नंबर चार तो दूसरा 24 नंबर के पास उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया। शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

रविवार सुबह फाटक नंबर चार के पास पहला शव देखा गया। कुछ देर में वहां भीड़ लग गई। इसके बाद फाटक 24 के पास शव उतराता देख लोगों ने शोर मचाया। दो शव मिलने से लोगों हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी नवाबगंज पुलिस को दी गई। लोगों के अनुसार इस समय पानी का तेज बहाव है। पानी पर जमी जलकुंभी हटने से दोनों शव दिखाई दिए हैं। मौके पर पहुंचे गंगा बैराज चौकी प्रभारी राहुल कुमार और अटल घाट चौकी प्रभारी संजय कुमार ने नाव व स्टीमर मंगाई और गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार दोनों शव करीब 10-12 दिन पुराने हैं। युवक की उम्र 35 वर्ष तक होगी। वहीं महिला का शव ज्यादा पुराना लग रहा है। इस कारण वह कंकाल का रूप ले चुकी है। पुलिस के अनुसार दोनों शव कहीं दूर से बहकर आए हैं। पहचान कराने की कोशिश और जांच-पड़ताल की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


ट्रांसपोर्ट नगर में जलभराव से चलना दूभर है। अमृत विचार


सड़क का नामोनिशान नहीं। भरा है पानी। अमृत विचार

# खेतनुमा सड़कें, गोदामों तक जलभराव

## करोड़ों का राजस्व देने वाले ट्रांसपोर्ट नगर की दुर्दशा, निर्माणाधीन नाला ओवर-फ्लो होने से तालाब बना इलाका


ट्रांसपोर्ट नगर की सड़क पर कीचड़ ही कीचड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महंगाई, कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बाद अब बारिश ने ट्रांसपोर्ट नगर की रही सही व्यवस्था को चौपट कर दिया है। प्रदेश में सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला ट्रांसपोर्ट नगर की हालत खस्ता है, यहां की दुर्दशा की बात सबको पता है लेकिन जिन लोगों के कंधों पर ट्रांसपोर्ट नगर को संभालने की जिम्मेदारी है, वही आंखें बंद किए हैं। अव्यवस्था के चलते कई ट्रांसपोर्टर अपना कारोबार समेट कर कहीं और चले गए हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में एक दशक पूर्व 3000 से अधिक ट्रांसपोर्ट हुआ करते थे लेकिन अव्यवस्था के चलते अब यहां 1500 से 2000 ट्रांसपोर्ट बचे हैं।

लापरवाही का आलम ये है कि हैवी नाला जो पांडु नगर से जोड़ने की बात की जाती है, वह हैवी नाला बंद पड़ा है, हजारों ट्रक मलबा उसके अंदर भरा है क्योंकि इसकी सफाई कागजों में होती है। हैवी नाले का गंदा सीवरयुक्त पानी सैकड़ों गोदाम में पहुंच रहा है जिससे गोदाम में रखा करोड़ों का माल खराब हो रहा है। आरसीसी सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि अभी से टूटने लगी है। कई सड़कें दलदल हो चुकी हैं। निर्माणाधीन नाला ओवरफ्लो होने की वजह से आसपास का क्षेत्र तालाब का रूप ले चुका है।

### क्या बोले ट्रांसपोर्टर्स


ट्रांसपोर्ट कारोबार में इतना प्रतिस्पर्धा है कि ये कारोबार वैसे भी दम तोड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों को दुरुस्त कराने की कई बार मांग की गई लेकिन कोई सुनने वाला नही है, हालत इतनी खराब है कि व्यापारी जल्दी ट्रांसपोर्ट नगर आना नहीं चाहते, ऐसे में कारोबार धीरे धीरे सिमटने लगा है।
**राज कुमार सारंग, ट्रांसपोर्टर**


कई सड़कों पर घुटनों तक कीचड़ भरा है, जिसमें लोड वाहन पलट जाते हैं। पूरे ट्रांसपोर्ट नगर में जगह जगह जलभराव है। जलभराव के कारण पल्लेदार पानी में घुसकर माल उतारते हैं। कभी कभी इतना पानी होता है कि न तो ट्रक गोदाम तक पहुंचती है और न ही पल्लेदार माल उतारने को तैयार होते हैं।
**आदित्य तिवारी, ट्रांसपोर्टर**


ट्रांसपोर्ट नगर का ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त है। करोड़ों का राजस्व देने वाला ट्रांसपोर्ट नगर अपनी किस्मत पर रो रहा है। कई ट्रांसपोर्टर यहां से कारोबार समेटकर पलायन कर चुके हैं। गोदाम में जिस व्यापारी का माल भीगता है, उसके नुकसान की भरपाई भी ट्रांसपोर्टर को करना पड़ती है।
**प्रवीण जैन, ट्रांसपोर्टर**


ट्रांसपोर्ट नगर में विष्णु पेट्रोल पंप वाली गली और इच्छा पूर्ति मंदिर वाली गली दलदल बन चुकी है जिससे ट्राली वाले माल ले जाने से मना कर देते हैं। 50 से अधिक ट्रांसपोर्ट इन दोनों गलियों में हैं जिनका कारोबार पूरी तरह चौपट हो चुका है।
**श्याम शुक्ला, संरक्षक, उत्तर प्रदेश युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन**

# फरिश्ते जैसा जीवन गुजारें हाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बांसमंडी में हाजियों का सम्मान समारोह हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अल्लाह के घर यानी खान-ए-काबा की परिक्रमा सहित सारे अरकान अदा करने के बाद हाजी बनकर वापस आए हाजियों का स्वागत किया गया। उलेमा ने सलाह दी है कि बुराइयों से दूर रहकर अपने को फरिश्तों की तरह बनाएं और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने में अपना योगदान दें।

रविवार को तंजीम खुद्दाम आजमीन ए हज की जानिब से गरीब नवाज मैरिज हॉल बांसमंडी में इस साल हज से वापस आए लगभग 250 जायरीनों ने इस प्रोग्राम में शिरकत की। कारी मोहम्मद फैजान ने कुरआन पाक की तिलावत करके कार्यक्रम का आगाज किया। मुफ्ती हिफजुर्रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि हज से लौटने के बाद हाजी सिर्फ नाम के लिए हाजी नहीं कहलाएं बल्कि इस्लाम के मुताबिक जिंदगी गुजारें जिससे आपका अखलाक देखने वालों के लिए इबरत (मिसाल) बने। मुफ्ती मोआज ने कहा आपने आपने ऐसे मुकामात देखे हैं जिसको लोग ख्वाबों में देखते और सोचते हैं लिहाजा आप सभी अब अपनी जिंदगी में बदलाव लाने की कोशिश करें। प्रोफेसर अब्दुल कबीर खान ने हाजियों के पूछे सवालों के जवाब दिए और उनको हाजी होने की मुबारकबाद दी। सरदार अहमद खान एवं मोहम्मद हमीदुल्ला ने हाजियों का स्वागत किया। इस मौके पर हज ट्रेनर आतिफ सिद्दीकी, मोहम्मद तौसीफ, शकील अहमद, मोहम्मद नूजैम, इमरान आदि मौजूद रहे।

- **हाजी हजरात का जोरदार स्वागत किया गया**

# वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** भारतीय ज्योतिष विज्ञान परिषद् कानपुर चैप्टर ने कालपी रोड स्थित चैप्टर परिसर में रविवार को संस्थापक सदस्य व आईसीएएस के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व. भोलानाथ शुक्ल की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश चिन्तक ने बताया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर भोलानाथ ने अपने गाजियाबाद निवास में देह त्याग किया। उन्होंने कानपुर चैप्टर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कमलेश गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, एसके मिश्रा, अजय शर्मा, आदित्य बाजपेई, विष्णु गुप्ता, सियाशरण मिश्रा, एसपी त्रिपाठी, वैभव मिश्रा, गणेश प्रसाद रहे।

# कर्नलगंज में बिना रुके 12 घंटे तक मातम, नौहाख्वानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अंजुमनों ने तरही मिसरा हर अजादार पर अब्बास रखते हैं पर शेर पढ़े**

**अमृत विचार।** शहीद-ए-कर्बला की याद में कर्नलगंज में दिनभर मातम कार्यक्रम में अंजुमनों ने शिरकत की। इन अंजुमनों को नौहाख्वानी करने के लिए एक मिसरा दिया गया था, इस मिसरे को शेर के माध्यम से पूरा करना था। मिसरा दिया गया कि हर अजादार पर अब्बास रखते हैं, इसी मिसरे पर अंजुमनों ने 12 घंटे तक नौहाख्वानी की और मातम किया।

रविवार को इमामबाड़ा नवाब बब्बन साहब, कर्नलगंज बर्फखाना में अंजुमन अनवारे पंजतननी के द्वारा दिनभर मातम का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चला। शायर इशरत उतरौलवी ने शेर पेश किया कि देखकर खौफ से अब्बास को मर जायेंगे-यह जो कुफ्फार हैं दरिया पे नजर रखते हैं। तरही मिसरा हर अज़ादार पर अब्बास रखते हैं के तहत शहर की अंजुमन जाफरिया, अंजुमन मोहम्मदी, अंजुमन रिजविया, अंजुमन फिरदौसिया, अंजुमन शब्बीरिया, अंजुमन रजा-ए-इस्लाम, अंजुमन पंजतननी, अंजुमन ज़ुल्फिकार-ए-हैदरी, अंजुमन हैदरी, अंजुमन नूरे हुसैनी, अंजुमन शमशीरे हैदरी समेत विभिन्न मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी के जरिए बारगाहे मौला अब्बास में नजराने अकीदत पेश किया।


रिटायर्ड एयरमैनों ने पुरानी यादें ताजा कीं। अमृत विचार

# 30 वर्षों के बाद एयरमैन हुए एकत्र, यादें कीं ताजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मून एंड मार्श रिसोर्ट में भारतीय वायुसेना में चयन के 30 वर्षों के बाद साथी अपनी पुरानी यादों और अनुभवों को साझा करने व मनोरंजन के लिए एकत्र हुए। रिसोर्ट में एक दिवसीय कार्यक्रम में 380 साथियों ने अपनी भूली-बिसरी यादों को संजोया।

राष्ट्रीय घटनाओं पर विचार करते हुए हाल ही में वायुसेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर भी वृहद चर्चा की। मनोरंजन के रूप में स्विमिंग पूल, इंडोर गेम्स, परेड फॉरमेशन आदि का आयोजन किया गया। यह वायुसेना में एयरमैन के रूप में भर्ती होने के बाद दो वर्ष के विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चेन्नई से पासआउट हुए थे, जिन्हें सेवानिवृत्त हुए 10 वर्ष हो गए हैं।

सेवानिवृत्त सैनिक अब बैंकिंग, भारतीय खाद्य निगम समेत आदि विभागों में दोबारा सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान सुशील गुप्ता, राकेश गुप्ता, शक्ति निगम, अमरनाथ मिश्र, अभिषेक तिवारी, अमित सिंह, गोपाल मिश्र, टीपी गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजेश प्रसाद, विपिन कुशवाहा, राम प्रकाश, डीके सिंह, आलोक पांडेय, संदीप रस्तोगी, संतोष शुक्ल, अनीस, पद्मनाथ व राजेश शर्मा समेत आदि लोग रहे।

# पेंशनधारियों की हुंकार-15 को प्रदर्शन करेंगे

**कानपुर।** पेंशनधारियों ने पनकी, कल्याणपुर, अरमापुर, आवास विकास समेत कई क्षेत्रों में पीड़ित पेंशनधारियों से संपर्क करके उनके साथ बैठक की। अपनी मांगों को लेकर 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान किया।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र. के प्रांतीय आह्वान पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बी एल गुलाबिया एवं अरुण कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में विजयनगर, पनकी, अरमापुर, आवास विकास नं 3 तथा आवास विकास नं 1, कल्याणपुर आदि में रहने वाले पेंशनर्स के पास पहुंचे और उनके साथ बैठक की। इसी प्रकार बिठूर रोड मटका चौराहे पर सभा की।

## मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर में ट्रैक बिछाने की शुरुआत

**कानपुर।** मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर के लिए ट्रैक बिछाने के काम की शुरुआत सीएसए कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित निरमाणाधीन डिपो से की गई है। इसके लिए कंपनी बाग चौराहा से रावतपुर मार्ग पर चार पहिया वाहन जाने पर पहले ही रोक लगाई गई थी। दूसरे कॉरिडोर के आठ स्टेशनों के बीच मेट्रो ने 10 ट्रेनों के संचालन का लक्ष्य रखा है। पहले कॉरिडोर का डिपो मेट्रो ने राजकीय पॉलिटेक्निक में बना रखा है। जानकारी के मुताबिक सीएसए डिपो में मेट्रो 15 लाइन बिछाएगा। इनमें 11 लाइनों का इस्तेमाल ट्रेनों की शंटिग और टेस्ट ट्रैक के लिए किया जाएगा।

# धूनी ध्यान केंद्र में 11000 पार्थिव शिवलिंगों पर महारुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


धूनी ध्यान केंद्र में महारुद्राभिषेक किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास नगर, धूनी ध्यान केंद्र में रविवार को शकुंतला शक्ति पीठ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ. सुनीता मिश्रा ने पंच दिवसीय उमा महेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। अंतिम दिन रविवार को 11000 पार्थिव शिवलिंगों पर महारुद्राभिषेक किया गया। डॉ.आचार्य अमरेश के संरक्षण में आचार्य व भक्तों ने दूध, दही, शहद, शक्कर, घृत्त, पंचामृत व पांच फलों के रस से भगवान भोले नाथ का अभिषेक किया।

सवा लाख पुष्प, बेल पत्र, विविध औषधियां भोलेनाथ के चरणों में समर्पित की। कमल के पुष्पों से भोले नाथ का दिव्य श्रृंगार किया गया। पं.घनश्याम मिश्र, पं.अखिलेश त्रिपाठी व पं.प्रवीण दीक्षित के साथ सभी आचार्यों ने बाबा भोले नाथ के 108 रूद्र पाठ आचार्यों कराया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। पं. केए दुबे पद्मेश, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक नीलिमा कटियार, डॉ. रेनू मिश्रा, हेमंत अनुराधा जायसवाल, अतुल राहुल भाटिया, देवेन्द्र, पार्षद कमलेश त्रिवेदी, समाजसेवी सूरज त्रिवेदी, डॉ. सुनीता मिश्रा समेत आदि रहे।



बैठक में मौजूद आयोजकों ने दी जानकारी। अमृत विचार

**सलाह** | मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से हुई कार्यशाला

# उद्यमियों को बताए तनाव दूर करने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को एक कार्यशाला आयोजित हुई। हेल्थ एंड लाइफस्टाइल मैनेजमेंट कमिटी द्वारा 'लाइफ - इन ए क्वेस्ट ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर हुई कार्यशाला में उद्यमियों को तनाव दूर करने के तरीके बताए गए।


प्रो.मोहनदास हेगड़े।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हार्टफुलनेस रिसर्च सेंटर, हैदराबाद के निदेशक प्रो. मोहनदास हेगड़े ने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. मोहनदास हेगड़े, डॉ. अवध दुबे, मुकुल टंडन, बीके लाहोटी, सुधींद्र जैन ने दीप जलाकर किया। इस दौरान हार्टफुलनेस ट्रेनर प्रो. मोहनदास हेगड़े ने अपने व्याख्यान में तीव्र गति वाली और तनावपूर्ण जीवनशैली में आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन एवं आत्मिक आनंद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आत्मा के लिए आनंद तथा मस्तिष्क के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, यह भी समझाया कि किस प्रकार निरंतर मानसिक दबाव और भावनात्मक तनाव के बीच एक संतुलित जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने जीवन से नकारात्मकता को दूर करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि

परिस्थितियां चाहे जितनी भी कठिन क्यों न हों, हमें अपने भीतर नकारात्मकता को स्थान नहीं देना चाहिए। सकारात्मक सोच और आंतरिक शांति ही संतुलित जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में डॉ. उमेश पालीवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्याम मेहरोत्रा, अनिल के. सक्सेना, अतुल मेहरोत्रा शालिनी श्रीवास्तव, जोनल कोर्डिनेटर हार्टफुलनेस, अजीत पंडिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## वैचारिक शुद्धता के बिना चरित्र निर्माण संभव नहीं

**कानपुर।** हृदय की पवित्रता ईश्वर को भी आकर्षित करती है। सच्चे अनुयायी को चरित्र निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। बिना इसके हम ईश्वर की अपने भीतर अनुभूति नहीं कर सकते हैं। यह तभी संभव है जब हर समय हम अपने विचारों को लेकर सजग रहते हैं। यह विचार शिक्षाविद एवं हार्टफुलनेस रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मोहन दास हेगड़े ने भवानीपुर (मंधना) स्थित हार्टफुलनेस के ध्यान केंद्र में रविवार को सामूहिक सत्संग में रखे। उन्होंने कहा कि हम सब विचारों के साथ जीते हैं। विचारों की पवित्रता जरूरी है। यह सिर्फ आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वालों के लिए ही जरूरी नहीं है, विचारों की शुद्धता सबके लिए है। जोनल समन्वयक शालिनी श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान 400 से अधिक अनुयायी उपस्थित रहे।

# 31 को सीएसजेएमयू में होगी संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री भगवद्गीता गीता वैदिक न्यास एवं सनातन सेवा सत्संग उत्तर प्रदेश की ओर से बैठक आयोजित हुई। अस्सी फिट रोड स्थित सम्राट गेस्ट हाउस में हुए आयोजन में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के बारे में भी चर्चा हुई। तय किया गया कि श्रावण शुक्ल सप्तमी 31 जुलाई को सीएसजेएमयू के वीरांगना लक्ष्मीबाई सभागार में भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में श्रीमद्भगवदगीता का कालजयी संदेश नामक वार्षिक स्मारिका का विमोचन एवं भव्य गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का स्थापना एवं अनावरण भी न्यास एवं सनातन सेवा सत्संग द्वारा किया जाएगा। तैयारी बैठक में न्यास के प्रधान संरक्षक भवानी भीख तिवारी ने न्यास के कार्यों की सराहना की। न्यास के अध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल ने विस्तार से न्यास की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी।

बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ, महंत जितेंद्र दास, रमेश चिंतक, राजीव महाना, बलराम नरूला, मुकेश पालीवाल, भूपेश अवस्थी, अशोक तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


झूलेलाल मंदिर गुजैनी से निकली रैली। अमृत विचार

### गुजैनी से निकली चालिहा साहिब रैली

**कानपुर।** भगवान श्री झूलेलाल जी का चालिहा महोत्सव 16 जुलाई से आरंभ होगा जिसके लिए रविवार को श्री झूलेलाल मंदिर गुजैनी से जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें आयो लाल झूलेलाल का जयघोष किया गया। इस अवसर पर लकी ड्रा भी करने की घोषणा की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार मोबाइल, दूसरा पुरस्कार गैस स्टोव, तीसरा पुरस्कार एसी 13 जुलाई को प्रात: 8 बजे ड्रा निकाला जाएगा। ये पुरस्कार महिलाओं के लिए हैं। संस्था प्रमुख मनोज माखीजा ने बताया कि चालिहा महोत्सव के प्रति समाज को जागरुक करने के लिए ही रैली निकाली गई।


गुरु पूजन समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### गुरु पूजन व समर्पण उत्सव मनाया

**कानपुर।** सिद्धि विनायक शाखा इंदरपुरी विनायकपुर में गुरु पूजन व समर्पण उत्सव मनाया गया। नगर के सह नगर संचालक विजय पाल सिंह ने गुरु व गुरू के पूजन का महत्व, राष्ट्र आराधन,और राष्ट्र को सर्वोपरि बताया। शाखा कार्यवाह सतेंद्र सिंह, प्रमोद पांडे, संतोष कुशवाहा, अखिलेश पाण्डेय, ब्रह्म कुमार त्रिपाठी, आईपी सिंह, कैप्टन मार्तण्ड मिश्रा, सुभाष शर्मा, शशिकांत शुक्ला, आनंद दीक्षित, जेपी शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।


डॉ. हेमंत मोहन का सम्मान करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### सर्व ब्राह्मण विकास परिषद में डॉ. हेमंत मोहन अध्यक्ष

**कानपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद समिति कानपुर जिले के चिकित्सा प्रकोष्ठ में डॉ. हेमंत मोहन अध्यक्ष एवं उत्तरी जिला महिला चिकित्सा प्रकोष्ठ में डॉ आरती मोहन अध्यक्ष मनोनीत हुईं। रविवार को दर्शन पुरवा में परिषद की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी ने की। इस अवसर पर समाजसेवी एवं आरोग्यधाम के वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉक्टर हेमंत मोहन एवं डॉक्टर आरती मोहन को ब्राह्मण विकास समिति का चिकित्सा प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद संजीव मिश्रा, शोभित बाजपेई, डॉ. राजीव शुक्ला, डॉ. संतोष तिवारी, डॉ. सुधीर द्विवेदी, डॉ. अभिषेक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### रक्षा मंत्री के गुरु पंचतत्व में विलीन

**कानपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के गुरु संतोष द्विवेदी का निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को राजकीय सम्मान के साथ मुखाग्नि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों में सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय पाठक, डॉ हेमंत मोहन, मेजर योगेंद्र कटियार, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया समेत अन्य शामिल रहे।

# ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर लाखों का माल पार

## शनिवार देर रात कस्बा स्थित ज्वैलर्स की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता, चौबेपुर

- लगातार घटनाओं के बावजूद पुलिस नहीं दिखा रही सक्रियता
- पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

**अमृत विचार।** कस्बे में बंदीमाता मार्ग स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़ शनिवार रात चोरों ने करीब तीन लाख के चांदी के आभूषण व बर्तन पार कर दिए। सुबह वहां पर मौजूद लोगों ने देखा तो मामले की घटना की जानकारी दुकान स्वामी को दी। जानकारी मिलते ही वे दुकान पर पुहंचे और उन्होने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस घटनास्थल की बारीकी जांच पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को फुटेज में दो चोर चोरी की घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं।


दुकान मालिक नितेश।


सीसीटीवी में कैद हुआ चोर। अमृत विचार

कस्बे के ब्रह्मनगर निवासी नितेश सोनी की बंदी माता मार्ग पर सोने व चांदी के आभूषणों की दुकान है। रोजाना की तरह शनिवार रात नितेश दुकान बंद करके घर चला गया। तभी देर रात मौका पाकर चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया और यहां रखे सोने चांदी के आभूषण व बर्तन आदि पार कर दिए। सुबह मामले की जानकारी पर दुकान मालिक ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को दुकान मालिक नितेश ने बताया कि चोर दुकान में रखे करीब तीन किलो चांदी के आभूषण व बर्तन उठाकर ले गए हैं, जिसमें लगभग 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दो चोर घटना को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। एक चोर दुकान के बाहर, जबकि दूसरा अंदर घुस कर आभूषण व बर्तन आदि बैग मे भर रहा है।

गौरतलब है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं एक के बाद लगातार हो रही हैं। कुछ समय पहले ही कस्बा निवासी किराना व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। उक्त घटना में भी चोर सीसीटीवी कमरे में कैद हुए थे लेकिन अभी तक पुलिस खाली हाथ ही है। कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे चोरों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिल्हौर।** बिल्हौर में अरौल के देवकली गांव में एक शराब के लती युवक ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

देवकली गांव निवासी 32 वर्षीय सर्वेश कुमार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके घर पत्नी व तीन बेटियां हैं। एक बेटी को उसके मामा ने गोद ले लिया था। पत्नी दो दिन पहले मायके में लगने वाला मेला देखने बच्चों सहित मायके चली गई थी। भाई आकाश के अनुसार सर्वेश शराब का लती था। हर दिन की तरह शनिवार की शाम को भी वह शराब पीकर घर पहुंचा था और किसी से कुछ बोले बिना अपने कमरे में चला गया था। देर तक कोई हलचल न होने पर कमरे में जाकर देखा गया तो वह छत के कुंडें में फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और शव को फांसी से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी के अनुसार आत्महत्या का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



बीएमसी अस्पताल से पोस्टआफिस से होकर पनकी स्टेशन जाने वाली रोड धंस गई है, जिसपर क्षेत्रीय लोगों ने कबाड़ डालकर बैरीकेडिंग कर दी है। रात में अगर कोई वाहन सवार इसमें गिर गया तो जानमाल का नुकसान होना तय है।

## इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से लाखों का सामान चोरी

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में एक बार फिर थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से लाखों रुपये के सामान की चोरी हो गई। सुबह जब दुकानदार दुकान पहुंचा तब उसे चोरी की जानकारी हुई। चोर पीछे के रास्ते से टट्टर काट कर सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन कर रही है।

कस्बे के वार्ड नंबर 6 निवासी मोहम्मद राशिद की कस्बे के शिवली मार्ग पर जूनियर स्कूल के पास चंद्रा इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल की दुकान है। हर दिन की तरह शनिवार शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात टट्टर से बनी दुकान में पीछे से सेंध लगाकर चोर घुस गये। वहां से चोर 15 छोटी बड़ी बैटरी, इनवर्टर, कापर का तार, सीलिंग फैन, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सामान सहित लाखों रुपये का माल चोरी कर फरार हो गए। दुकान मालिक को सुबह दुकान पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है जांच चल रही है।

## जलभराव से जूझ रहे पिचौरा के निवासी

संवाददाता, राजपुर कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के गुबार ग्राम पंचायत के मजरा पिचौरा में बारिश से भीषण जलभराव हो गया है। जलनिकासी के रास्ते में कब्जा होने से निकासी का प्रबंध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में गांव के लोग समस्या से जूझ रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने समाधान दिवस में गुहार लगाई है।

पिचौरा के वर्षों पुराने तालाब में गांव के कुछ ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है। ऐसे में तालाब की सफाई न होने से बरसात में पानी ओवरफ्लो होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार को राजपुर थाना में आयोजित थाना दिवस में ग्राम प्रधान समरथ सिंह यादव के नेतृत्व में महिलाओं के साथ थाना पहुंचे गांव के मौकूलाल, श्रीराम, गोपी प्रसाद, सुंदरा, रत्तो देवी, अजय सिंह, देवनरायन, अमरदीप, चरन सिंह समेत आदि ने बताया कि वर्षों पुराने तालाब के पानी का निकास गांव के शिवराम के दरवाजे से होता था। कुछ समय पहले शिवराम व शिवम आदि ने निकासी के रास्ते पर कब्जा कर लिया है। इन दिनों गांव में जलनिकासी के लिए ग्राम पंचायत से पाइप डाले जा रहे हैं, लेकिन शिवराम अपने दरवाजे पाइप डालने का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में जलनिकासी का प्रबंध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष से कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। राजस्व टीम को मौका पर भेजा गया है।


पिचौरा गांव में ओवरफ्लो तालाब के पानी में डूबा हैंडपंप व घरों के सामने जलभराव।


शिकायती पत्र देने जाते पिचौरा गांव के ग्रामीण। अमृत विचार

## बाथरूम के टब में डूबने से बच्ची की गई जान

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के पुराना अछल्दा में बाथरूम के टब में डूबने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की रविवार सुबह मौत हो गई। बच्ची की मां ने बच्ची को डूबते देख आनन-फानन में निकाला। परिजन आनन-फानन में बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने बच्ची को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

पुराना अछल्दा में रविवार सुबह करीब 10 बजे दो वर्षीय मासूम शालिनी पुत्री दीपू नाई घर में खेल रही थी तभी खेलते समय वह बाथरूम में चली गई और पानी भरे टब में मुंह के बल गिर गई। जब मां ने बच्ची को टब में गिरे देखा तो उसके होस उड़ गए उसने उसे निकाला। बच्ची को परिजन तुरंत सीएचसी अछल्दा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर गौरव कुमार ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की दो बड़ी बहनें मानवी 6 वर्ष और जानवी 4 वर्ष हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।


मलवे में दबी पड़ी मोटर साइकिल। अमृत विचार


मलवे में दबकर बर्बाद हुआ गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

## भरभराकर गिरा मकान, बिजली के तारों में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गनीमत ये रही कि हादसे के वक्त मकान खाली था आसपड़ोस में फैली दहशत

**अमृत विचार।** हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र स्थित कछियाना मोहाल में रात को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब करीब 50 वर्ष से अधिक पुराना एक मकान भरभराकर गिर गया। इस कारण हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से बिजली के तारों में आग लग गई, जिसकी चपेट में एक स्कूटर व बाइक आने से वह पूरी तरह से जल गई। हादसे की वजह से क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत फैल गई। आरोप है कि दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन एक घंटे तक वह मौके पर नहीं आ सकी थी।

कछियाना मोहाल निवासी राजीव बाजपेई परिवार के साथ आशोक नगर में थे। तभी रात को करीब नौ बजे उनका मकान अचानक से गिर गया। मकान गिरने की वजह से पास में स्थित तारों के बीच शार्ट सर्किट होने की वजह से उनमे आग लग गई। मकान के नीचे खड़ी एक स्कूटर व बाइक को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। मकान गिरने के धमाके और आग लगने पर स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकले और पानी डालकर सबसे पहले आग को बुझाने का प्रयास किया और साथ ही सूचना पुलिस, दमकल विभाग व केस्को को दी। आरोप है कि सूचना के एक घंटे के बाद भी दमकल विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी थी और स्थानीय लोगों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। तभी पड़ोस के लोगों ने हादसे की सूचना मकान मालिक राजीव को दी। सूचना पर पुलिस, केस्को और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर मुआयना कर भीड़ को हटाया और अगल-बगल मकान वालों से पूछताछ की। केस्को की टीम ने जले हुए बिजली तार व उपकरणों को एकत्र किया और जानकारी मुख्यालय भेजी। साथ ही बिजली मरम्मत कार्य भी शुरू किया।

नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ मौके पर जांच पड़ताल के लिए पहुंची। मौके पर पहुंचे मकान मालिक राजीव व उनके परिजनों के आंखों में आंसू आ गए। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक टीम को जांच के लिए भेजा गया है। क्षतिग्रस्त तार व उपकरणों को दुरस्त कर क्षेत्र की आपूर्ति बहाल की जाएगी।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## सनातन संस्कृति व अपने गौरवमई अतीत को याद रखें

संवाददाता कानपुर

- प्रमुख वक्ता के रूप में शिक्षाविद अवध बिहारी मिश्रा ने बच्चों को किया संबोधित

**अमृत विचार।** कानपुर नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था श्री बाबे लालू जस राय सेवा समिति के तत्वावधान में एक व्याख्यान सभा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सनातन संस्कृति और अपने गौरवमई अतीत को परिभाषित करते हुए उसे हमें याद रखने को कहा। इस व्याख्यान सभा का आयोजन स्थानीय जीएनके इंटर कालेज में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना से किया गया। यहां पर प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद शिक्षाविद अवध बिहारी मिश्रा द्वारा सनातन धर्म पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया और आने वाली पीढ़ी सहित सभी को अपने धर्मानुसार परम्पराओं पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा महान भारत विश्व गुरु था है और आगे भी रहेगा। हमीं ने विश्व को सभ्यता का ज्ञान दिया है आज जो वैज्ञानिक खोज कर रहे हैं उन सभी को हमारे पूर्वजों ने सैंकड़ों वर्ष पहले ही बता दिया था। कार्यक्रम के अंत में श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी को हनुमान चालीसा की प्रति का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि माननीय अंगद सिंह ने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए समिति के सराहनीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अंगद सिंह के साथ डॉ. पूजा अवस्थी, बीएन खन्ना, मूल चंद सेठ, रविंद्र टंडन, कंचन खन्ना, पदम खन्ना, रवि मेहरोत्रा, अनुराग कपूर, राजीव कपूर, मोहित अरोड़ा, सुभाष खन्ना एवं संस्था के सदस्यों सहित नगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

आस्था | नोनहा नर्सिंग गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रति लोगों की है भारी आस्था

## नोनेश्वर महादेव के दर्शन को आज उमड़ेंगे भक्त

संवाददाता चौबेपुर

- स्थानीय लोगों के अलावा आसपास जनपदों से बड़ी संख्या में पहुंचते हैं भक्त

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नोनहा नर्सिंग गाँव स्थित नोनेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर दशकों से अपनी कई विशेषताओं के चलते शिव भक्तों में अटूट आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि नोनेश्वर महादेव के दर पर मांगी गई हर प्रार्थना स्वीकार होती है। यही कारण है कि महाशिवरात्रि पर्व के अलावा सावन के सोमवार पर दूर दराज जनपदों से भक्तों की भारी भीड़ भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए उमड़ती है।


नोनेश्वर महादेव। अमृत विचार

कस्बे से करीब दो किमी दूर उत्तर दिशा में नून नदी तट के किनारे नोनहा नर्सिंग गांव स्थित नोनेश्वर महादेव का मंदिर एक विशाल ऊंचे टीले पर स्थित है। ग्रामीणों के बताएनुसार भगवान शिव का यह मंदिर आदिकालीन है और मंदिर का निर्माण राजा रुकमागत सिंह द्वारा कराया गया था। मुगल शासन काल में शासक नूर बाकी ने मंदिर को क्षतिग्रस्त करने का कुचक्र रचा था। जिसकी बर्बरता आज भी विशाल शिवलिंग पर स्पष्ट नजर आती है। पौराणिक मंदिर के बारे में बुजुर्ग राम रतन अग्निहोत्री बताते हैं कि नून नदी तट पर स्थित होने से भगवान भोलेनाथ के मंदिर का नाम नोनेश्वर महादेव पड़ा। रामकिशन सविता,महेश चंद्र अग्निहोत्री आदि बुजुर्गों के अनुसार मंदिर करीब 1400 वर्ष पुराना है। जिसका जिक्र इतिहास के पन्नों पर भी देखने को मिलता है। वहीं राजा त्रिवेदी व मुनुआं अग्निहोत्री आदि वृद्धजनों की माने तो मंदिर के आसपास वर्षो से पड़े शिलालेखों पर पाली भाषा में कुछ लिखा हुआ था। जिन्हें करीब तीन दशक पहले लखनऊ से आई पुरातत्व विभाग की टीम लेकर गई थी,लेकिन अभी तक विभाग ने मंदिर को अपने संरक्षण में नहीं लिया है।

मंदिर कमेटी प्रमुख विष्णु दत्त अग्निहोत्री व मोहनजी अग्निहोत्री के अनुसार प्राचीन स्थल के मन्दिर के महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं के सहयोग से प्राचीन मन्दिर का कराये जाने के अलावा अन्य आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। मंदिर के पुजारी अंशुमान बृह्मचारी बताते हैं कि भक्तों की आस्था व विश्वास ही उन्हें ग्रामीण अंचल की इस आदिकालीन शिवालय में लेकर आती है। सावन के सोमवार व महाशिवरात्रि पर स्थानीय लोगों के अलावा कन्नौज, फर्रुखाबाद ,बेला ,बिधूना कानपुर देहात, औरैया व उन्नाव आदि जनपदों से बडी संख्या में श्रद्धालु यहाँ जलाभिषेक पर रुद्राभिषेक के लिए पहुँचते हैं। जानकारी दी कि सावन के पहले सोमवार से यहाँ शिव पुराण कथा सुनाई जायेगी,जो कि हफ्ता भर तक चलेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता घाटमपुर

- आपराधिक किस्म का था युवक, सजेती में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती थाना क्षेत्र के अलियापुर के पास हाईवे पर रविवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार मृतक अपराधिक किस्म का था। उसे सजेती पुलिस एक बार आर्म्स एक्ट में जेल भी भेज चुकी थी।

साढ़ थाना क्षेत्र के शूलपुर गांव निवासी 25 वर्षीय नितिन उर्फ मोहित सचान अविवाहित था। उसके पिता का निधन हो चुका था वहीं उसकी मां मानसिक बीमारी जूझ रही है। युवक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस के अनुसार उसने अपनी तीन बीघे जमीन भी बेच डाली थी। उसका अज्योरी गांव आना जाना रहता था। रविवार को भी वह अज्योरी से घाटमपुर की ओर बाइक से जा रहा था। तभी अलियापुर गांव के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि युवक अपराधिक किस्म और नशे का आदी था। वह आर्म्स एक्ट में जेल भी जा चुका था।



हादसों को दावत


**इस पुल से गुजरना मतलब दिल की धड़कन थम जाना :** इस पुल से गुजरने पर राहगीरों के दिल की धड़कन तेज हो जाती है। क्योंकि झकरकटी पुल क्षतिग्रस्त है। टूट कर लोहे की सरिया निकल आई है। सड़क पर गड्ढे हैं। पुल का फुटपाथ अब पैदल चलने के लायक भी नहीं बचा। प्रशासन ने अपनी आंखें बंद कर रखी हैं। अधिकार इस जर्जर पुल की दुर्दशा का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। अमृत विचार

### एक नजर

#### बरेली के प्राचीन मंदिरों का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों और प्राचीन मंदिरों को पर्यटन विभाग विकसित करेगा। इससे न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित होंगे, बल्कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बरेली में बड़ा बाग हनुमान मंदिर, श्री सीता राम मंदिर, आनन्द आश्रम मंदिर समेत अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार के लिए 9 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इन परियोजनाओं के तहत मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, बेहतर सड़क संपर्क, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# प्राकृतिक खेती के लिए सरकार ने खोला खजाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने मंजूर किए 71.02 करोड़ रुपये
- योगी का प्राकृतिक खेती को लेकर सबसे ज्यादा जोर



**अमृत विचार :** प्रदेश में प्राकृतिक खेती को लेकर चल रही तैयारी अब तेजी से धरातल पर साकार होती दिखेगी। खेती संग कृषि सखियों की नियुक्ति से हजारो लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने इसके लिए खजाना खोल दिया है। योगी सरकार के प्रस्ताव पर कृषि निदेशक को 71 करोड़ 2 लाख 30 हजार से अधिक धनराशि देने की मंजूरी राज्यपाल ने दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्राकृतिक खेती को लेकर सबसे ज्यादा फोकस है। जैविक खेती का सर्वाधिक रकबा गंगा के मैदानी इलाके का है। इंडो-गंगेटिक मैदान का यह इलाका दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार होता है। एक वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 15 फीसदी खेती लायक जमीन भारी धातुओं से प्रदूषित हो चुकी है। कई क्षेत्रों की मिट्टी में आर्सेनिक, कैडियम, कोबाल्ट, क्रोमियम, कॉपर, निकल, लेड जैसी खतरनाक धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। इसके सोर्स खनन, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरे का अनियोजित निस्तारण के अलावा खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बेतहाशा प्रयोग भी है।

यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी लगातार जैविक व प्राकृतिक खेती समेत मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहन देते दिखते हैं। बुंदेलखंड और गंगा के तटवर्ती इलाकों के बाद गंगा की सहयोगी नदियों के दोनों किनारों पर भी ऐसी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल की स्वीकृति के बाद शासन ने कृषि निदेशक को नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत 58 करोड़ 57 लाख 78 हजार 43 रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें 35 करोड़ 14 लाख 67 हजार 6 रुपये केंद्रांश और और 23 करोड़ 43 लाख 11 हजार 37 रुपये राज्यांश के रूप में दिया है। इसमें 39.83 करोड़ सब्सिडी, 18.59 करोड़ अन्य व्यय और 15 लाख आउटसोर्सिंग सेवाओं के लिए है। इसी के साथ इसी योजना में एक अन्य शासनादेश में कृषि निदेशक को 12 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये दिए गए हैं। इसमें 8.57 करोड़ सब्सिडी देनी है, जबकि 3.85 करोड़ अन्य व्यय और दो लाख रुपये आउटसोर्सिंग सेवाओं के लिए है।

#### कृषि सखियों को हर माह 5 हजार

प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रति माह 5 हजार रुपये के मानदेय पर कृषि सखियों की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए पहली बार 17 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कृषि सखियों को संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। प्राकृतिक खेती के लिए हर जिले में दो बायो इनपुट रिसर्च सेंटर (बीआरसी) भी खुलेंगे। सरकार की मंशा 282 ब्लाकों, 2144 ग्राम पंचायतों की करीब 2.5 लाख किसानों को इससे जोड़ने की है। खेती क्लस्टर में होगी। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर का होगा। सरकार इस योजना पर अगले दो वर्ष में करीब 2.50 अरब रुपये खर्च करेगी।

#### गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन हो रहा कारगर

योगी सरकार बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट में गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन चला रही है। किसान गोबर व गोमूत्र से ही खाद और जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत जैसे मिश्रण बनाकर कीटनाशक का खेत और फसल में प्रयोग के लिए प्रशिक्षित हो रहे हैं। प्राकृतिक खेती निराश्रित गोवंशों का सहारा भी बनेगी।

## बारिश में स्थानीय खराबी से बढ़ा बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बारिश के मौसम में स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने तकनीकी खराबियों को समय पर पूरे करने के निर्देश दिये हैं। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बारिश के कारण बिजली लाइनों में तकनीकी खराबियां पैदा हो रही हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। हालांकि, बारिश के कारण बिजली की मांग में पूर्व की तुलना में घट गई है। रविवार को बिजली की अधिकतम मांग 27 हजार मेगावाट दर्ज की गई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

# गोंडा के जिलाधिकारी पर अवमानना के आरोप होंगे तय

विधि संवाददाता, लखनऊ

- आदेश का अनुपालन न करने के मामले में हाईकोर्ट ने किया तलब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आदेश का अनुपालन न करने के मामले में जिलाधिकारी गोंडा को अवमानना का आरोप तय करने के लिए तलब किया है। न्यायालय ने आरोप तय करने के लिए 29 जुलाई की तिथि नियत करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा को साढ़े 11 बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने सईद अहमद की अवमानना याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई है कि उसने गिर्द, गोंडा के गांव के गाटा संख्या 249 व 301 के नक्शे के प्रमाणित प्रति के लिए अक्टूबर 2023 में ही आवेदन किया था, लेकिन महीनों तक जब उसे नक्शे की प्रमाणित प्रति नहीं उपलब्ध करायी गई तो उसने याचिका दाखिल की। उक्त याचिका पर 15 अप्रैल 2024 को ही रिट कोर्ट ने दो महीने में नक्शे की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कहा गया कि आदेश के एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नक्शे की प्रमाणित प्रति नहीं उपलब्ध करायी गई। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सफायी दी कि उक्त गाटों के नक्शे काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, लिहाजा उनकी प्रतियां नहीं दी जा सकती, इस सम्बंध में राजस्व परिषद को पत्र भेजकर उक्त नक्शों की प्रतियां मांगी गई हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पाया कि जिलाधिकारी द्वारा राजस्व परिषद को मात्र एक पत्र भेज दिया गया, लेकिन रिट कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो सका।



राजभवन में सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के सम्मान में आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े अभ्यर्थियों ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) 2024 की सहायक कमांडेंट पद की भर्ती परीक्षा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े कुल 14 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें श्याम यादव ने ऑल इंडिया रैंक-2 प्राप्त कर योजना की सफलता को नई ऊंचाई दी है। इस उपलब्धि पर असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने सभी सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों ने फिर परचम लहराया है। कन्नौज केंद्र के अभ्यर्थियों ने वर्ष 2024-25 में संपन्न देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं यूपी पुलिस भर्ती, नीट और जेईई में कामयाबी हासिल की है। यूपी पुलिस में अंकुश कुमार, अनामिका अवधेश कुमार, विशाल शर्मा, अनुराग शर्मा ने सफलता हासिल कर योजना को नई ऊंचाई दी है। वहीं जेईई एडवांस में श्रृष्टि सिंह ने 85.82 पर्सेंटाइल, श्रेयान्श चतुर्वेदी ने 76.29 और नेहा राजपूत ने 75.77 पर्सेंटाइल हासिल किया है।

# महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के खास इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी तैनात, महिला हेल्प डेस्क भी बनाई गईं

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को लेकर वृहद स्तर पर व्यवस्थाएं की हैं। इस बार खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के रूट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 10 हजार से महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

मुख्यमंत्री को हाल ही में कांवड़ यात्रा की उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों ने बताया था कि देश समेत विभिन्न राज्यों से करीब 6 करोड़ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकते हैं, जो प्रदेश से होते हुए अपनी यात्रा पूरी करेंगे। इसमें 10-12 प्रतिशत यानी 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस पर योगी ने महिला केंद्रित सुरक्षा मॉडल को लागू करने के निर्देश दिए थे। 10 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों में 8,541 महिला मुख्य आरक्षी और 1,486 महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं। इसके अलावा इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है।

# तमाम जतन के बाद भी नहीं मिल रहे स्वास्थ्य विभाग को डॉक्टर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- ग्रेड टू में नियुक्ति, मुंहमांगा वेतन और पुनर्नियोजन से नहीं निकला हल
- ग्रेड टू में विशेषज्ञ डॉक्टरों के 2237 पदों के लिए आयोग को भेजा अधियाचन

**अमृत विचार :** प्रदेश में 19011 स्थायी पदों के स्वास्थ्य विभाग में बमुश्किल 10,500 हजार डॉक्टर हैं। 2237 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग में अधियाचन भेजा गया है, दूसरी तरफ साक्षात्कार के माध्यम से 678 पदों के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं। मगर तमाम जतन के बाद भी डॉक्टरों की संख्या पूरी नहीं होती है, पिछले कई सालों से विभाग इसी में उलझा है।



स्वास्थ्य विभाग में हर माह सेवानिवृत्त होने की वजह से डॉक्टरों की संख्या लगातार घटती जा रही है। विभाग में डॉक्टरों की यह कमी निकट भविष्य में दूर भी नहीं होगी, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति ग्रेड वन से होती हैं, जिसमें 3620 पद के सापेक्ष करीब 5250 डॉक्टर कार्यरत हैं, ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन के बाद पद रिक्त होने की दशा में ही नई नियुक्ति का रास्ता खुलेगा।

समस्या यहीं खत्म नहीं होती है, इन डॉक्टरों के प्रमोशन के लिए 7240 पद वाले ग्रेड टू में पद रिक्त होने चाहिए, जिसमें विभाग द्वारा 3620 पद विशेषज्ञ डॉक्टरों के आरक्षित कर दिए हैं, जिन पर सीधे ग्रेड टू में नियुक्ति का प्रावधान किया है, उक्त क्रम में ही इस सप्ताह 2237 पदों का अधियाचन भेजा गया है। हालांकि अभी तक रिकार्ड है कि लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्ति के बाद 50 प्रतिशत डॉक्टर भी विभाग ज्वाइन नहीं करते हैं। कमोवेश यहीं स्थिति राष्ट्रीय हेल्थ कमीशन (एनएचएम) अंतर्गत रिवर्स बिड (मुंहमांगे वेतन पर प्राइवेट प्रैक्टिसनर्स) के जरिए 1100 पदों के सापेक्ष चयनित होने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों का भी है, पांच-पांच लाख रुपये प्रतिमाह वेतन तय होने के बाद भी ज्वाइन नहीं करते हैं, बीते दिनों 1056 पदों के सापेक्ष 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन हुआ है, मगर अभी तक 10 प्रतिशत डॉक्टरों ने भी ज्वाइनिंग नहीं दी है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग खुद वॉक इन इंटरव्यू के जरिए संविदा पर डॉक्टरों की नियुक्ति कर, कमी को पूरी करने का प्रयास करता है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। इतना ही नहीं डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन ने, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु बढ़ा कर 65 वर्ष कर दी है, जिसकी वजह से विभाग में डॉक्टरों की तेजी से कम हो रह संख्या धीमी पड़ी है। इसके अलावा सेवानिवृत्त होने वाले डॉक्टरों को पुनर्नियोजन योजना के तहत नियुक्ति का मौका दिया गया है, मगर इन 1000 पदों के सापेक्ष महज 450 डॉक्टर ही प्रदेश में तैनात हैं।

> ग्रेड टू के 2237 पदों का अधियाचन भेजा जा चुका है, वॉक इन इंटरव्यू की प्रक्रिया चल रही है। विभाग में स्वीकृत पदों के सापेक्ष हम संविदा पर नियुक्ति दे रहे हैं, एनएचएम से खासा सहयोग मिलता है, प्रयास है कि डॉक्टरों की संख्या पूरी हो जाए। चयनित डॉक्टरों के ज्वाइन न करने से स्थिति बिगड़ जाती है।
> -डॉ.रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

> डॉक्टरों को लाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास उचित नहीं हैं। पांच लाख रुपये में नियुक्त होने वाले डॉक्टर भी ज्वाइन नहीं कर रहे हैं। डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए नियमावली में संशोधन करना होगा, लेवल वन के डॉक्टरों की संख्या स्वीकृत पदों से ज्यादा है, जबतक ये प्रमोट नहीं होंगे, नए डाक्टरों की नियुक्ति रुकी रहेगी।
> -डॉ.अमित सिंह, महासचिव, प्रातीय चिकित्सा सेवा संवर्ग, उप्र.

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा प्रमुख ने सात राज्यों के पार्टी संगठन की समीक्षा की



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। बसपा प्रमुख रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल राज्यों में पार्टी संगठन की तैयारियों व जनाधार को बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि मुम्बई का देश के सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है। लोगों के जान, माल व मजहब की सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करना चाहिए। बसपा प्रमुख ने पदाधिकारियों को कमियों की तरफ ध्यान देकर उन्हें दूर करने व पार्टी का आंबेडकरवादी विशेष मानवतावादी चाल, चरित्र व चेहरा बरकरार रखकर डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के कारवां को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में पिछले दो मार्च को पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश, पार्टी संगठन की कमेटियों के गठन के बारे में प्रगति रिपोर्ट ली गई।

# भ्रष्टाचार और लापरवाही से लोगों की जा रही जान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही से अब तो लोगों की जान जा रही है। बरसात शुरू होते ही नालियां जाम हो रही हैं, बरसात का पानी जगह-जगह जमा हो रहा है। शहरों में गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही जनता के लिए जानलेवा साबित हो रही है। काशी, गोरखपुर, लखनऊ से लेकर कानपुर, झांसी तक हर जगह एक जैसी स्थिति है। नालों और नालियों की सफाई के बजट का बंदरबांट हो रहा है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। लखनऊ समेत कई शहर स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह-जगह खोद दिए गये हैं।

# खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** शासन ने खाद की उपलब्धता के मद्देनजर सख्त निर्देश दिए हैं कि एक भी केंद्र ऐसा नहीं होना चाहिए, जहां उर्वरक की उपलब्धता न हो। जैसे ही किसी केंद्र पर खाद का स्टॉक 80 से 90 प्रतिशत तक समाप्त हो, वहां नया स्टॉक तत्काल पहुंचाया जाए। निर्देश है कि दुकानदारों द्वारा प्रत्येक किसान को उर्वरक खरीद की रसीद अवश्य दी जाए। साथ ही, उर्वरकों की होल्डिंग (जमाखोरी) को सख्ती से रोका जाए। केंद्र पर किसी भी स्थिति में उर्वरकों की बिक्री निर्धारित विक्रय मूल्य से अधिक पर नहीं होनी चाहिए। ऐसी शिकायत मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने रविवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में यूरिया और डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अगले 15 दिनों तक संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

#### प्रदेशभर में रोपित पौधों की देखभाल के निर्देश

अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि 9 जुलाई को प्रदेशभर में रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। जिन जिलों में बारिश कम हुई है, वहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि पौधों को नुकसान न हो।

#### खाली स्कूल भवनों के उपयोग पर विचार हो


मुख्य सचिव ने स्कूल पेयरिंग के बाबत कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खाली भवनों के उपयोग पर विचार किया जाये। भवन के आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उपयोग किए जाने पर इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र में बच्चे आसानी से पहुंच सकें और मौजूदा बुनियादी ढांचा सुरक्षित हो।

### वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।
5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।
8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।
9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश; न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।
10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड
11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**



1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।
2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।
4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।
5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है
6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।
7. खनखन करने वाली चीज़।

### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| | | | | | ट | |
| 3 सिं | | 4 छु | | | क | |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | | 7 खुं |
| त | | मु | | 8 चा | फं | द |
| | 9 पि | न | पि | न | | का |
| | | | | | | र |

### सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 3 | | | 8 | | 7 | 9 |
| | 9 | | 6 | | | 3 | | |
| 2 | | | 9 | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 3 | 2 |
| 1 | | | 3 | | | 7 | | |
| | 5 | | | 8 | | | 6 | |
| 7 | | | 1 | | | 4 | | 3 |
| | | 1 | | | 4 | | 2 | |

### सुडोकू - 37 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-11.59 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 06.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपको कुछ समय अकेले रहते हुए आत्मंथन करना चाहिए। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में ताजगी आयेगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता देर से मिलेगी।

**वृष** — आज राजनीति और न्यायिक सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। कठिन परिस्थितियों का आसानी से सामना करेंगे। छोटी-मोटी यात्राओं का योग बनेगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय देंगे। अच्छे कामों को रोकना आपके लिए उचित नहीं है।

**मिथुन** — आज आप आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इन्श्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी।

**कर्क** — आज कार्य के प्रति तल्लीनता आपको विरोधियों से काफी दूर ला खड़ा करेगी। उद्योग जगत के लोगों के कारोबार में आंशिक वृद्धि के योग हैं। जीवनस्तर को बढ़ाने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें।

**सिंह** — आज जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। मौसम की प्रतिकूलता का असर आपके स्वास्थ्य के ऊपर पड़ सकता है।

**कन्या** — आज आप अपने पार्टनर को भरपूर समय देंगे। चाहे वह व्यापारिक संबंध हो या जीवनसाथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता का भी उत्तम विकास होगा। अनैतिक विचारों का प्रभाव आपके ऊपर पड़ सकता है।

**तुला** — आज आप तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। काम के प्रति अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों को विवाह में बदल सकते हैं। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है।

**वृश्चिक** — आज आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रोजगार में आशातीत लाभ प्राप्त होगा। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु** — आज आप लोगों के विश्वस्त व्यक्ति के रूप में रहेंगे। कारोबार में नए अनुभव मिलेंगे। जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकते हैं। रिश्तों को आनन्ददायी बनाने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मकर** — आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नजदीकी लोग शत्रुओं जैसा व्यवहार करेंगे। यदि विवाह करना चाह रहे हैं तो परिवार को विश्वास में अवश्य लें।

**कुंभ** — आज उच्चाधिकारी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। आपको उच्च राजनीतिक पद मिल सकता है। सहकर्मियों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। रोमान्टिक जीवन को समय देना पड़ेगा।

**मीन** — आज अपनी छुपी हुई ऊर्जा को पहचानेंगे। धैर्य से काम लेना आपके लिए हितकर होगा। आपका मन शांत रहेगा। वरिष्ठ लोग आपके कार्य से प्रसन्न होंगे। आपके तर्कों से लोग संतुष्ट रहेंगे। अपनी समस्याओं का वास्तविक हल ढूंढ लेंगे।

यद् दूरं यद् दुराराध्यं यच्च दूरे व्यवस्थितम् ।
तत्सर्वं तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्रमम् ॥

कोई वस्तु चाहे कितनी ही दूर क्यों न हो, उसका मिलना कितना ही कठिन क्यों न हो, और वह पहुंच से बहार क्यों न हो, कठिन तपस्या अर्थात परिश्रम से उसे प्राप्त किया जा सकता है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था पर असर

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की नई रिपोर्ट को चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। रिपोर्ट अनुसार रेत और धूल के तूफान हमारे स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर लगातार भारी असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट इस वैश्विक चुनौती की भयावहता को उजागर करती है कि दुनियाभर में रेत और धूल भरी आंधियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लगभग 150 देशों के 33 करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। आंशिक रूप से बादलों से घिरे आकाश में एक विशाल धूल भरा तूफान शुष्क, समतल रेगिस्तानी भूभाग पर आ रहा है। हर साल, लगभग 200 करोड़ टन रेत और धूल वायुमंडल में प्रवेश करती है-जो गीज़ा के 307 पिरामिडों के बराबर है। वैश्विक धूल का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा उत्तरी अफ्रीकी और मध्य पूर्वी रेगिस्तानों से आता है और इसे महाद्वीपों और महासागरों के पार सैकड़ों, यहां तक कि हज़ारों किलोमीटर दूर तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि 2024 में वार्षिक औसत धूल सतह सांद्रता का वैश्विक औसत 2023 की तुलना में थोड़ा कम था, फिर भी क्षेत्रीय स्तर पर इसमें काफी भिन्नताएं थीं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में, 2024 में सतह धूल सांद्रता 1981-2010 के दीर्घकालिक औसत से ज्यादा थीं। रिपोर्ट निगरानी, पूर्वानुमान और पूर्व चेतावनियों में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है। विश्व मौसम संगठन की महासचिव सेलेस्टे साउलो कहती हैं कि रेत और धूल भरी आंधियां लाखों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाती हैं। किसी खतरे के 24 घंटे के भीतर जारी की गई पूर्व चेतावनियां उस घटना से होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती हैं। विश्व मौसम संगठन की रेत और धूल भरी आंधी चेतावनी परामर्श और मूल्यांकन प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय रेत और धूल अनुसंधान का समन्वय करती है और इसके क्षेत्रीय केंद्र कार्यरत हैं। पिछले 50 वर्षों में आपदाओं की संख्या पांच गुना बढ़ गई है और दुनिया के केवल आधे देशों के पास ही बहु-ख़तरे वाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां उपलब्ध हैं। चूंकि विकासशील और अल्प विकसित देशों में खतरों के कारण जान-माल की हानि बढ़ रही है - ये वे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के परिणामों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। यही कारण है कि संभावित मौसम और जलवायु संबंधी जोखिमों और संकटों का विश्लेषण और पहचान करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित की जाती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जलवायु संबंधी ख़तरे लगातार, चरम और अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं, इसलिए पूर्व चेतावनी प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

# स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान का चुनौतीपूर्ण विकास



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है।**

तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट पर खड़े रहे ब्रिटेन के ऍफ़-35बी स्टील्थ कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को आखिरकार ढोकर ले जाना पड़ा। अफवाह थी कि इस विमान के जरिये से भारत के पश्चिमी तट की रक्षा ठिकानों, इंस्टालेशन्स, सामरिक महत्व के सामान के निर्माण से संबधित सुविधाएं या फैक्ट्रीज, डिफेंस कम्युनिकेशन स्थलों की थर्मल इमेजिंग की गई। भारत के एयरोनॉटिकल कम्युनिकेशन इंजिनियर्स ने इस जहाज में थर्मल इमेजिंग कैमरे और इनके पावरफुल सेन्सर्स को ढूंढ लिया। इस प्रकरण में क्या पूरे एयरक्राफ्ट की स्कैनिंग की गई या कोई कोवर्ट फिजिकल इंस्पेक्शन हुआ, मालूम नहीं है? मान लीजिए इंस्ट्रूमेंटेशन, डिजाईन फीचर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील्थ कोटिंग में इस्तेमाल किए गए मैटेरियल्स रेडिएशन अवरोधी और हीट रेसिस्टेंट पॉलीमर पदार्थ की खुरचन निकाली गई होगी तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि केमिकल और पॉलीमर विज्ञान में भारत अब काफी उन्नत है और चोरी की जरूरत नहीं। फ्युसीलेज, कॉकपिट पेनल्स आदि को देखा गया होगा तो भी इन सबके निर्माण और कन्फ्युगिरेशन के लिए बहुत उन्नत टेक्नोलॉजिकल ज्ञान और अनुभव की जरूरत होती है। भारत के टेक्नोक्रेट्स उस तरीके से चोरी नहीं करते जैसा चीन ने शुरूआती दौर में रूस में बने फाइटर जेट्स और युद्धक टैंकों को उधेड़ कर इन्हें रिवर्स टेक्नोलॉजी मेथड से अधिक उन्नत करते हुए पुनर्निर्मित किया था। खबरी मीडिया बता रहा है कि चीन ने दूसरे महायुद्ध के समय के लड़ाकू विमान, युद्धक टैंक और बहुत सा असॉल्ट सामान जंगलों में छिपा कर रखा था जिसके बूते पर गयी-बीती टेक्नोलॉजीज को आधार बनाते हुए इन्हें उन्नत कर लिया गया। चीन के टेक्नोक्रेट्स इतने नाकाबिल नहीं हो सकते कि अब वे टेक्नोलॉजी की नक़ल करें।

भारत द्वारा अपनी नौसेना और वायुसेना लिए विकसित किए जाने वाले तेजस विमान में विलम्ब को लेकर तीखी आलोचना जब हुई तो कहा गया कि भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी 5वीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम

**स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है।**

कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 विकसित करने के प्रोजेक्ट पर तेज़ी से काम करेगी। लक्ष्य है कि विमान 1620 किमी की गति से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक 2.15 मैक की गति से उड़ने वाला होगा। इसमें भारत में सर्वाधिक उन्नत अस्त्र लगाए जा सकेंगे। यह काम सन 2035 तक पूरा होगा। यह अमरीका के ऍफ़-35, रूस के सुखोई-57, और चीन के जे-20 अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट प्लेन्स की टक्कर का या इनसे कुछ उन्नत ही होगा। चिंता इस बात को लेकर है कि भारत की यह योजना अभी10 साल बाद संपन्न होगी जबकि अमरीका, रूस और चीन के उक्त तीनों विमान फिलहाल सेवा में लिए जा चुके हैं। तब तक भारत क्या करेगा?

आलोचना सिर्फ भारत द्वारा स्वदेशी फाइटर प्लेन्स विकसित करने में हुए विलंब को लेकर नहीं होती। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट ऑफिस ने एक रिपोर्ट -द यूके'ज ऍफ़-35 कैपॉबिलिटी, 2025, कुछ सप्ताह पहले तैयार की है जिसमें ब्रिटेन के सबसे उन्नत इस युद्धक विमान की परियोजना पर अब तक एक ख़रब 27 अरब रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसके बदले में ऍफ़-35 विमान के विकास की मूल योजना के क्रियान्वयन में निराशाजनक परिणाम मिले हैं। ऍफ़-35 लाइटनिंग स्टील्थ फाइटर विमान के विकास का काम सन 2018 में संपन्न हो जाने के बाद समीक्षात्मक रिपोर्ट अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स फोरम ने सार्वजनिक की थी जिसे ऍफ़-35 एयर व्हीकल टेक्नोलॉजी ओवरव्यू नाम दिया गया है।

उक्त ऑडिट रिपोर्ट में ऑडिटर ने लिखा कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा ऍफ़-35 में योजनानुसार निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने अनिवार्य क्षमताएं प्रदान नहीं की हैं। ऍफ़ -35 में सुरक्षित दूरी से ज़मीनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक भरोसेमंद वेपन स्पीयर-3 मिसाइल सन 2024 के अंत तक इस विमान में लगा दिया जाना चाहिए था, लेकिन 2030 के दशक की शुरुआत तक इसे इनस्टॉल नहीं किया जा सकता। स्पीयर-3 एक भावी एयर-टू-ग्राउंड और संभवतः एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल है जो गतिशील और स्थिर लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है। इसके न होने से युद्ध क्षेत्र में कुछ मिशनों को संचालित करने की ब्रिटेन की क्षमता सीमित हो जाएगी।

स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है। बेहतरीन अदृश्यता गुण और पकड़े जाने से बचने के लिए विमानों के लिए फिलहाल प्लाज़्मा, इन्फ्रा-रेड, मैग्नेटिक और एकॉउस्टिक सिग्नेचर रिडक्शन एवं एक्टिव और पैसिव कैंसलेशन सिस्टम्स का इस्तेमाल होता है। एंटी-स्टील्थ और स्टील्थ सिस्टम्स लंबे समय तक उपयोग के बाद क्षीण हो जाते हैं। विमान को छुपाने वाले मटेरियल की जो परत इसके शरीर पर चढ़ाई जाती है वह कुछ समय पश्चात हवा में मौजूद कणों के घर्षण और इससे पैदा होने वाली गर्मी या किसी और वजह से ढीली पड़कर उतर सकती है। स्टील्थ कोटिंग टेक्नोलॉजी को रिसर्च से कैसे संभव बनाया गया इसके लिए विभिन्न प्रकार की राडार टोही तकनीकों की कार्यप्रणाली के अलावा पॉलीमर विज्ञान को समझना जरूरी है। एक फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को डिटेक्ट करने के लिए ध्वनि और इलेक्ट्रॉनिक तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्टील्थ मटेरियल की कोटिंग फाइटर एयरक्राफ्ट या बॉम्बर को टोही तरंगों की चपेट में आने से बचाती है। पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित स्टील्थ सामग्री में कार्बनयुक्त पदार्थ और भराव के रूप में ग्रैफीन, कार्बन ब्लैक, कार्बन नैनोट्यूब और कार्बन फाइबर शामिल हैं। इससे छुपाव और विमान के बाह्यावरण को अत्यधिक गर्म होने से बचाने के स्टील्थ कोटिंग की जाती है। स्टील्थ परत सामग्री रेज़िन बाज़ार में उपलब्ध एपॉक्सी, पॉलीयूरेथेन और पॉलीइमाइड जैसी लेकिन उन्नत पदार्थ हैं। वाहनों को पराबैंगनी किरणों, पपड़ी बनने और खरोंचों से भी यह बचाती है।

अमरीकी विमान निर्माता कंपनी लॉकहीड को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के विकास कार्य पर सबसे पहले लगाया गया था। मटेरियल की पहचान होने पर विमान के आकार, इसमें प्रयुक्त अन्य सामग्रियों, इंजन और उपकरण, सभी को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के सफल प्रदर्शन के लिए ख़ास तरीके से डिज़ाइन किया जाना चाहिए ताकि रडार संकेतों को विमान से दूर बिखेरने का एक ही केंद्र हो, अलग-अलग नहीं।

फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है। एफ-35 का रेड्यूस्ड क्रॉस सेक्शन ऑफ़ राडार अर्थात आरसीएस, इसे 0.005 वर्ग मीटर से बड़ा नहीं दिखाता है। राडार पर ऍफ़-35 एक हमिंगबर्ड पक्षी से थोड़ा सा बड़ा है। छोटे आकार की ऐसी वस्तु को राडार स्क्रीन पर देखने वाले इसकी उपेक्षा करते हैं जिससे बचाव के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए शत्रु उद्धत नहीं होता। जब मालूम होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। हमें विश्वासपूर्वक उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत स्वदेशी, विकासमान, पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 लड़ाकू विमान के लिए इन्हीं तकनीकों का इस्तेमाल करेगा।

## प्रसंगवश

# जापान की तकनीक और नवाचार

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीप समूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, और जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती है तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण, और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स(पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है।

आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाइ स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6 जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है।

मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि जैसे-जैसे एआइ, 8के स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। यहां पर मोबाइल इंटरनेट स्पीड 100.78 एमबीपीएस है। जबकि, एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड 63.55 एमबीपीएस है। वास्तव में यह स्पीड विश्व के बाकी देशों के मुकाबले काफी कम है।

दुबई इंटरनेट की स्पीड के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर, तथा हॉंगकांग तीसरे नंबर पर, फ्रांस चौथे नंबर पर तथा आइसलैंड पांचवें नंबर पर आता है, जहां इंटरनेट की स्पीड क्रमशः 318.63 एमबीपीएस, 312.60 एमबीपीएस, 308.01एमबीपीएस तथा 306.22एमबीपीएस है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जापान ने अपने तकनीकी नवाचार से ग्लोबल डिजिटल डिफरेंस को भी उजागर किया है। आज एआइ का दौर है, दुनिया में ज्यादातर कामकाज इंटरनेट, तकनीक से किए जा रहे हैं।आने वाले समय में इंटरनेट व तकनीक का उपयोग निश्चित ही और अधिक बढ़ेगा, ऐसे में जापान की इंटरनेट स्पीड से जापान के साथ ही साथ दुनिया के अन्य देशों को भी इसके लाभ मिल सकेंगे।

# अंतरिक्ष में खेती-किसानी और हिरण्यगर्भ



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

**शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे।**

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के प्रवासी भारतीय शुभांशु शुक्ला ने भविष्य की सुरक्षित खेती-किसानी के लिए अंतरिक्ष में बीज बो दिए हैं। यह सुनने में आश्चर्य होता है कि अंतरिक्ष लोक में खेती? आखिर कैसे संभव है ? मनुष्य धरती का ऐसा प्राणी है, जिसकी विलक्षण बुद्धि नए-नए मौलिक प्रयोग करके धरती के लोगों का जीवन सरल व सुविधाजनक बनाने में लगी है। इसी क्रम में अब अंतरिक्ष में किया जा रहा खेती करने का प्रयोग है। परंतु ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त में हम देखते हैं कि अंतरिक्ष में जीव-जगत को पैदा करने वाले सभी सूक्ष्म जीवों के रूप में पूर्व से ही विचरण कर रहे हैं।

हमें ज्ञात है कि 11 जून 2025 को अपने तीन अन्य साथी यात्रियों के साथ षुभांशु ने एक्सिओम-4 अभियान के अंतर्गत अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। अब तक 633 यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कदम रख चुके हैं। शुभांशु 634वें यात्री हैं। इस अभियान का लक्ष्य इस अंतरिक्ष ठिकाने पर विशेष खाद्य पदार्थ और उनके पोषण संबंधी 60 प्रयोग करना है। इनमें सात इसरो यानी भारतीय अनुसंधान संगठन के हैं। हम इन्हीं खाद्य बीजों की बात करेंगे।

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे। उन्होंने यह भोजन अपने साथियों को भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु से हुई अठारह मिनट की बातचीत में यह पूछा भी 'क्या अपने साथियों को भारतीय व्यंजन खिलाए ?' शुभांशु ने बताया, 'हम सभी ने इसे खाया और सभी को यह पसंद भी आया।' भला इन शाकाहारी व्यंजनों की दुनिया में तुलना कहां ?अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। यात्रियों को विभिन्न 16 सूर्योदय और 16 सूर्यस्त देखने का रोमांच और आनंद मिलता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है, सूर्य अनेक हैं। सात दिशाएं हैं, उनमें नाना सूर्य हैं, सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः। (ऋग्वेदः9.114.3) । अथर्ववेद में सात विशाल सौर मंडल उल्लेखित हैं.., यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकम। (अथर्ववेदः 13.3.1)

मेथी और मूंग की दाल के बीज अंतरिक्ष में बोकर अंकुरित करने के प्रयोग का नेतृत्व धरती से दो कृषि विज्ञानी रविकुमार होसामणि और सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस अभियान की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि यात्रियों के धरती पर लौटने के बाद बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। तंत्र और पोषण की क्रमिक विकास की संरचना होने वाले बदलावों को ज्ञात किया जा सके। शुभांशु एक अन्य प्रयोग के लिए सूक्ष्म शैवाल ले गए हैं, जिससे भोजन, प्राणवायु (ऑक्सीजन) और यहां तक की जैव ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता को वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सके।

अंतरिक्ष में आनुवंशिकी सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी पोषण संरचना की जानकारी हमें अपने प्राचीन संस्कृत ग्रंथ श्रीमद्भागवत में भी मिलती है। कश्यप-दिति पुत्र हिरण्यकश्यप केवल बाहुबलि ही नहीं है, अपितु अपनी मेधा और अनुसंधानमयी साधना से उन्होंने चमत्कारिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भी प्राप्त की हुई हैं। इस अनंत ब्रह्मांड में दृश्य एवं अदृश्यमान संपूर्ण पदार्थों के तत्व उपलब्ध हैं। सूर्य की किरणों में भी सभी पदार्थों को उत्सर्जित करने वाले तत्वों की उपस्थिति मानी जाती है। हिरण्यकश्यप वायुमंडल में विचरण कर रहे इन मूलभूत तत्वों पर नियंत्रण की वैज्ञानिक विधि में निपुण थे। श्रीमद्भागवत के स्कंध-1, अध्याय-4 में कहा है..,अकृश्टपच्या तस्यासीत सप्त द्वीपवतीमही।/ तथा कामुधाद्यौस्तु नानाश्चर्य पदं नभः।।

अब दुनिया के भौतिक विज्ञानी मानने लगे हैं कि अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड में विविध रूपों में जीव-जगत व वनस्पतियों का सृजन करने वाले बीजों के सूक्ष्म कण हमेशा विद्यमान रहते हैं। गन्ना (ईख) एक बार बोने के बाद कई साल तक फसल देता है। रूस के वैज्ञानिकों ने ऐसे संपुटिका (कैपस्यूल) बना लिए हैं, जिनमें बीजों के कई-कई मूल कण संयोजित रहते हैं।

हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'हिरण्यगर्भ' सूक्त में सृजन के सूक्ष्म जीव को हजारों वर्ष पहले ज्ञात कर लिया था.., हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक असीत।/ स दाधार पृथिवीं धामुतेमां कस्मै देवाय हविशा विधेम।। अर्थात, इस सृष्टि के निर्माण से पहले इसके आदि स्रोत के रूप में हिरण्यगर्भ अत्यंत सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। इसी सूक्ष्म से सृश्टि का विस्तार हुआ। इस विशाल सृष्टि के आधारभूत मूल में प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म है, जिसे केवल अनुमान से ही जाना जा सकता है। हिरण्यगर्भ में हिरण्य स्वर्ण सी चमकने वाली ऊर्जा का प्रकाशपुंज है। 'गर्भ' से आशय कोख या अंडे से है। यही वह प्राकृतिक अवयव, अंग, बीज या उपकरण हैं, जिनसे संपूर्ण जीव-जगत पैदा होता है।

## सोशल फोरम

# आश्रम धर्म

हमारे शास्त्रों में निर्देश है कि हम आश्रम धर्म का पालन करें। प्रचलित अर्थ में जीवन को चार बराबर खंडों में बांटा गया है। जीवन के प्रथम खंड (25 वर्ष की उम्र तक) को ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यतीत करने की बात कही गई है। द्वितीय खंड (26-50 वर्ष) गृहस्थ आश्रम का है। तृतीय खंड (51-75 वर्ष) वानप्रस्थ आश्रम में व्यतीत करना चाहिए और चतुर्थ खंड (76 से मृत्यु पर्यंत) संन्यास आश्रम में रहना चाहिए।

वानप्रस्थ का सामान्य अर्थ है वन में निवास करते हुए जीवन बिताना। यह तभी तक संभव था जब वन बड़े भूभाग पर थे और जनसंख्या कम थी। बसोबास कम थे। अतः कहा गया कि कलियुग में केवल दो आश्रम होंगे। गृहस्थ और भिक्षुक (संन्यास)।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रह्मचर्य आश्रम का लोप हो गया। शिक्षा-दीक्षा के लिए बच्चे वन नहीं, विद्यालय जाने लगे। ध्यान दें कि भीष्म ने अपने पोतों की शिक्षा के लिए घर की बगल में ही विद्यालय खुलवा दिया जहां द्रोणाचार्य प्रधान शिक्षक थे। इसी तरह वन का अर्थ बदल गया। नये दौर में वन का अर्थ मठ हो गया।

बसोबास ने ब्रह्मचर्याश्रम के लिए शिक्षण संस्थानों और वानप्रस्थ के लिए वनों को आत्मसात कर लिया, इंटरनलाइज कर लिया। वे विद्यालय और मठ में परिवर्तित हो गए।

जंगलों में भिक्षा कहां मिलती। गृही ही भिक्षा दे सकते हैं। अतः संन्यास आश्रम भी बसोबास से जुड़ गया।

भौतिक संरचना के बदलने से धर्म और आचरण का बदलना स्वाभाविक है। इनके असर स्पष्ट दिखते हैं। जब घर में रह कर शिक्षा स्कूल में मिले तो गृहस्थाश्रम का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। विद्याध्ययन में रुचि न हो तो गृहस्थाश्रम में प्रवेश पच्चीस वर्ष की उम्र के पहले भी होने लगा। दूसरी तरफ, जो वानप्रस्थ में मठ में रहते थे वे धार्मिक और सामाजिक कामों में भी भाग लेने लगे। संन्यास की उम्र आगे सरक गई। जिन्हें संन्यासी होना चाहिए था वे मठ में रहने लगे।

समय बदलता रहा। अब कुछ मठ वृद्धाश्रम में बदल रहे हैं। कुछ मेरे जैसे वृद्ध पेंशन या सरकारी भिक्षा पर जीने लगे हैं। जिन्होंने सरकारी नौकरी नहीं की उन्हें वृद्धावस्था वाली पेंशन मिलती है जिससे वे भिक्षुक जैसी जिंदगी जी ले सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था?**

एक मेरे मित्र हैं,संस्कृति के अध्ययन में लगे हैं,जब-कभी आते हैं,एक ही बात दोहराते हैं कि दुनियां की सारी भाषाएं भारत से निकली हैं,सारी सभ्यताएं भारत से गई हैं, समस्त ज्ञान-विज्ञान का जन्म भारत में ही हुआ था,पहला मनुष्य भारत में ही जनमा था,इत्यादि। इनकी बात सुन लेता हूं, उत्तर नहीं देता, क्योंकि वे धरती की महिमा को देखते हैं, पंथ को देखते हैं, मनुष्य को नहीं देख पाते। उनकी समझ में नहीं आता कि मनुष्य मनुष्य है और वह सभी देशों में समान है। मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां सभी जगह वही हैं।

दूसरे लोग वे हैं, जो समझते हैं कि भारत के लोग अंधविश्वासी हैं,धर्म अफीम है,सामंतवाद का ही अवशेष चारों ओर है। ये मानते हैं कि भारत अज्ञान में डूबा रहा है। समस्त ज्ञान-विज्ञान यूरोप में या अन्य देशों मे ही पैदा हो सकता था, वहीं हुआ ! समस्त मनीषा विदेशों में ही है।

भारत तो बस रूढिवाद का ही गढ़ रहा है। संक्षेप में उनके विचार से विदेशी पहले नंबर का मनुष्य है और भारतीय दूसरे नंबर का मनुष्य है। ये लोग नहीं समझ पाते कि जो भारतवंशी विदेशों में गए, उनको अवसर मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखा दिया। ये लोग पहले वाले पंथ-आग्रह का उसी स्तर पर रहते हुए उत्तर देते रहते हैं। वैज्ञानिक नाम से उन लोगों ने एक नया पंथ बना लिया है। वे नहीं सोचेंगे कि रूस में क्रांति के समय कितने लोगों को मरवा दिया गया था? अमरीका में कितने रेड- इंडियन्स को मरवाया गया था? कितने देशों पर बम गिराये गये थे? आज भी यूक्रेन में नरमेध हो रहा है। ये सभ्य हैं ? इसका नाम आधुनिकता है?

तीसरे वे हैं, जो बिना अध्ययन के ही वेदों को, पुराणों को ,उपनिषदों को, गीता-भागवत को और अन्यान्य ग्रंथों को ब्राह्मणों की गप कह देते हैं। उनकी सनक है कि भारत में तो जातियुद्ध होते रहे हैं और वही होंगे। उनकी जातिचेतना इतनी बड़ी है कि मनुष्य उनको दिखता नहीं। इसे कहते हैं तिनका की ओट पहाड़। जातिचेतना से ग्रस्त मस्तिष्क अपनी स्वयं की अपरिमित शक्ति को नहीं देख पाता। बहस के सिवा उसके वश का कुछ नहीं है। उनकी समझ में क्यों नहीं आता कि नफरत से नफरत का इलाज नहीं हो सकता ?माना कि ऊंच नीच नहीं होना चाहिए। क्यों? इसलिए कि सब मनुष्य हैं, लेकिन यदि मनुष्य और मनुष्यता का विचार ही नहीं रहा तो फिर यह सवाल ही असिद्ध हो जाता है। यह नहीं हो सकता कि एक जाति है, तो आदमी का दर्द, दर्द है और दूसरी जाति के आदमी का दर्द है तो वह दर्द नहीं, हंसी है ।

दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था? पश्चिम के देश अभी भी नस्लवाद की कैद से पूरी तरह आजाद नहीं हैं।

सभ्यता का विकास हुआ तो मनुष्य और मनुष्यता के विचार के आधार पर। जाति समस्या का समाधान भी मनुष्यता के विचार से ही होगा। वास्तव में पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है और मनुष्य इन तीनों पूर्वाग्रहों के बाहर है। मनुष्य का पाठ पढ़ना पहली और बड़ी बात है।

पहले यह समझना कि मनुष्य मनुष्य है,न कम न अधिक, यहां का या वहां का,आज का या कल का। अंतर है, वह परिवेश का है ,जिसके कारण एक बाप के तीन बेटे अलग अलग आचरण व्यवहार और समझ के बन जाते हैं।

यहां ध्यान देने की बात है कि समस्त साहित्य, संस्कृति, समस्त ज्ञानविज्ञान, समस्त विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, सब के केन्द्र में मनुष्य है। धर्म मनुष्य के लिए है , मनुष्य के कल्याण के लिए है। देश मनुष्य के लिए है। भाषा और साहित्य मनुष्य के लिए है। राष्ट्र से मनुष्य नहीं है, मनुष्य से राष्ट्र है। अंततः राष्ट्रवाद के केन्द्र में मनुष्य है । समाजवाद के संबंध में भी यही बात कही जा सकती है । लेकिन हमने मनुष्य के परिवेश (जाति आदि) को ही अंतिम सत्य मान लिया। हमें मनुष्य के अध्ययन के लिए और गहरा और गहरा उतरना था, लेकिन हम देशी -विदेशी में उलझ गए ,जाति मजहब में उलझ गए।

किसी ने कहा मार्क्सवाद अन्तिम सत्य है। उसको उसने विज्ञान का नाम दे दिया। किसी ने धर्म और राष्ट्र को अंतिम सत्य मान लिया। उनमें सचमुच में जो सबसे बड़ा सत्य था, वह मनुष्य निकल कर बाहर चला गया और हम परिधियों को लेकर लड़ते रहे, इस लडाई का कहीं और कभी अंत नहीं हो सकता। चंडीदास ने कहा था कि मनुष्य की चर्चा तो सभी करते हैं किन्तु कितने हैं जो मनुष्य के सत्य-स्वरूप से परिचित हैं ? मनुष्य इस सृष्टि का प्राण है, जीवनधन है, मनुष्य को केवल ऊपर से या देह से ही देखने वाले भ्रम में ही पड़े हुए हैं क्योंकि वे उसके भीतरी स्वरूप से परिचित नहीं हैं। मनुष्य प्रेम-रस से ही गढ़ा हुआ है। प्रेम नहीं है तो वह सच्चा मनुष्य ही कहां है ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# वज्रपात से बकरी चराने गई वृद्धा की मौत

## नवाबगंज-रवनहार मार्ग पर बारिश के बाद अचानक बिजली गिरने से चपेट में आई थी

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** कस्बे के झखरी मोहल्ला निवासी एक वृद्धा पर बकरी चराने के दौरान वज्रपात की चपेट में आ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नवाबगंज कस्बे के झखरी मोहल्ला निवासी रामदुलारी (62) पत्नी स्व. मेवालाल राजपूत रविवार शाम नवाबगंज-रवनहार मार्ग पर बकरी चरा रही थी और वहीं कुल्लेश्वर मंदिर के पास बैठी थी। शाम करीब 4 बजे बारिश होने के बाद बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से और वह अचेत हो गई। जानकारी पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके तीन बेटे राजपूत, राजकुमार व राजेन्द्र हैं। नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

### वज्रपात से दो मवेशियों की मौत



संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नैनसुख खेड़ा में शनिवार रात मूसलाधार बारिश के दौरान वज्रपात से एक भैंस व एक पड़िया की मौत हो गई। पशुपालक के अनुसार पशुओं की कीमत एक लाख है। बता दें कि शनिवार रात 12 से 3 बजे तक तेज गरज के साथ मूसलाधार बारिश हुई। गांव सकरौली के मजरा नैनसुख खेड़ा निवासी विजय शंकर राठौर पुत्र चंदन की एक भैंस व एक पड़िया मकान के सहन में स्थित झोपड़ी के पास बंधी थीं। तेज बारिश के दौरान रात 1 बजे अचानक वज्रपात की चपेट में आकर दोनों पशुओं की मौत हो गई। पशु पालक ने पशुओं की कीमत एक लाख बताई है। हादसे की सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने घटना की जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है है। बांगरमऊ के पशु चिकित्सक ने दोनों पशुओं का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित की है।

## साइबर ठगों ने पार की लाखों की रकम

**फतेहपुर चौरासी, उन्नावः** थानाक्षेत्र के गांव निवासी युवक के तथा उसके परिजनों के खातों से साइबर ठगों ने 2 लाख से अधिक की रकम पर कर दी। पीड़ित ने थाना में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के ग्राम तालिबपुर रहली निवासी महेंद्र कुमार पुत्र बालकृष्ण ने थाना में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका उसकी मां व उसकी बहन का बचत खाता क्षेत्र के कालीमिट्टी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में है। पीड़ित महेंद्र ने बताया है कि गत माह 2 से 4 जून तक उसके उसकी बहन व मां के खाते से कई चक्रों में कुल 2 लाख 3 हजार 844 रुपए। साइबर ठगों द्वारा निकाल लिए गए। पीड़ित ने शनिवार को थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### नकदी के साथ शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास चोरी के रुपये बरामद किये हैं। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय भेजा है। नगर चौकी इंचार्ज राजीव भदौरिया ने बताया कि उन्होंने सिपाहियों के साथ शनिवार देररात कोतवाली क्षेत्र के गांव सहदानी के नंदलाल उर्फ संजय पुत्र खेमकरन को उसके गांव से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास चोरी के 9 हजार रुपए बरामद हुए। पुलिस ने रविवार को आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

### बाइक ने बच्ची को मारी टक्कर, हैलट रेफर

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव लतीफपुर निवासी रामनाथ की चार वर्षीय बेटी दिव्या गांव में बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक ने रविवार दोपहर दिव्या को टक्कर मार दी। टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक सवार गांव का ही बताया जा रहा है।

### महिला ने बेटी को भगा ले जाने की दर्ज कराई शिकायत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार :** महिला ने थाना में पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है उसे कोई बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने थाना में दर्ज कराई शिकायत में कहा कि वह अपने पति के साथ खेत पर कार्य करने गई थी।जब वह घर वापस आई तो देखा कि घर में उसकी पुत्री मौजूद नहीं है।पीड़िता ने बताया कि उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चल सका।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि कोई अज्ञात युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

### साइबर टीम ने तीन पीड़ितों को 11 हजार रुपये कराये रिफंड

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में साइबर फ्रॉड के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए गंगाघाट थाना पुलिस ने पेमेंट ऐप के माध्यम से ठगे गए 11,000 रुपये तीन पीड़ितों को रिफंड कराए। अंबिकापुरम निवासी पूर्णिमा त्रिवेदी से 5,000 रुपये, गांधी नगर निवासी विक्रांत सिंह चौहान से 3,000 रुपये और अवधपुरी निवासी मनीष कुमार से 3,000 रुपये की ठगी हुई थी। सभी पीड़ितों ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। थाना गंगाघाट की साइबर टीम ने गंभीरता से जांच कर धनराशि को रिकवर कर रविवार को सभी पीड़ितों के खातों में रिफंड करा दिया।

### गाली देने से मना करने पर पिता-पुत्री पर किया हमला

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर में गाली गलौज का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। विरोध करने पर दबंगों ने पिता और बेटी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता नीलम गौतम ने कोतवाली गंगाघाट में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मोहल्ले के ही दो युवक घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उनके पिता ने विरोध करते हुए उन्हें वहां से जाने को कहा, तो दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। नीलम ने बताया कि बचाव में बीच-बचाव करने पर हमलावरों ने उनके सिर पर भी डंडा मार दिया, जिससे वह भी घायल हो गईं। हमले में पिता और बेटी दोनों के सिर फट गए। पीड़िता की तहरीर पर गंगाघाट पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने पेड़ पर फांसीकर लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** बिहार थानाक्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव निवासी युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है। चर्चा रही कि युवक की अपनी पत्नी से कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह घर से बिना बताए निकल आया था।



वैभव की फाइल फोटो।

बिहार थानाक्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव निवासी वैभव (31) पुत्र अनिल सिंह की घर में कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह घर से बिना बताए चला आया था। रविवार दोपहर खेत से लौट रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ में वैभव को फंदे से लटका देख परिजनों को इसकी सूचना दी। बदहवाश परिजन उसे उतार कर सुमेरपुर पीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। पिता अनिल ने बताया कि वैभव की शादी बीते वर्ष फरवरी माह में हुई थी। बताया कि रविवार को बेटे की पत्नी नीलम सिंह से कहासुनी हुई थी। इससे बेटा नाराज होकर घर से चला गया था। फोन करने पर उसने खुद को बाग में होने की बात बताई थी। लेकिन थोड़ी देर बाद लोगों से उसके फंदे पर लटके होने की सूचना मिली।

# सरेराह युवती से मोबाइल लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

- पुलिस की कार्रवाई में दो मोबाइल भी बरामद

**अमृत विचारः** ब्रह्मनगर निवासी युवती से सरेराह मोबाइल झपट्टा मारकर भागने वाले दो बाइकर लुटेरों को गंगाघाट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद भागते समय बाइक खराब हो गई, जिससे एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। बाद में उसके साथी को भी मोबाइल सहित दबोच लिया गया।

घटना बीते शुक्रवार शाम की है। ब्रह्मनगर की अंशिका कश्यप सब्जीमंडी स्थित एक ब्यूटी पार्लर से कोर्स सीखकर अपनी सहेली के साथ पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों में से एक ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया और भागने लगे लेकिन कुछ दूरी पर बाइक की चेन उतर गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने एक युवक को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान पोनी रोड झंडा चौराहा निवासी सत्यम विश्वकर्मा के रूप में हुई, जिसने अपने साथी का नाम सैय्यद समर निवासी आनंद नगर बताया। पुलिस ने दबिश देकर सैय्यद समर को भी गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से दो छीने गए मोबाइल बरामद किए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये कोर्ट भेजा। जिसके बाद दोनों को जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के पोनी रोड स्थित लोहिया स्कूल के पास हुई हमलावर घटना में वांछित चल रहे आरोपी चरन सिंह पुत्र स्व. अमृतलाल निवासी डेरावाला पीपरखेड़ा को रविवार नया गंगापुल के ऊपर से गिरफ्तार कर लिया गया। विदित हो कि 29 जून को वादी रमेश अवस्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र विनय अवस्थी अपने साथी के साथ सीमेन्ट लेने गया था, तभी जसवंत सिंह, विनीत सिंह, अभिषेक दीक्षित, आदर्श निगम और चरन सिंह सहित अन्य ने उस पर लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनय को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में शामिल सभी अभियुक्तों पर गंगाघाट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही आदर्श निगम को गिरफ्तार कर चुकी है। चरन सिंह की गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में की गई।

# भतीजे ने नहाते हुए फोटो खींचकर वायरल की किशोरी ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

- भाई के मोबाइल पर फोटो पहुंचने पर परिवार को हुई थी जानकारी
- शिकायत करने पर पीड़िता के पिता से आरोपी व उसकी मां ने की थी अभद्रता

**अमृत विचार।** लखनऊ में नीट की तैयारी कर रहे भाई के मोबाइल पर बहन का नहाते हुए फोटो शेयर कर दिया। इसका पता चलने पर शर्मसार बहन ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नहाते हुए उसका फोटो उसी के भतीजे ने खींचा था।

जानकारी के अनुसार बेनीगंज कोतवाली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी ने शनिवार की रात घर के कमरे में मां की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी चार बहने थीं और उसका एक भाई है। बड़ी बहन की शादी हो चुकी थी, उससे छोटा इकलौता भाई लखनऊ में रहकर वहीं नीट की तैयारी कर रहा है। जानकारी के अनुसार किशोरी के भतीजे (ताऊ के पोते) ने उसका घर में नहाते हुए मोबाइल से फोटो खींच लिया था। इसका पता होने पर किशोरी ने भतीजे से पूछताछ करते हुए विरोध किया तो आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद अपने दोस्त को वही फोटो शेयर कर दिया, दोस्त ने वही फोटो लखनऊ में पढ़ाई कर रहे किशोरी के भाई को भेज दिया। शनिवार को जब पूरे मामले की जानकारी परिवार को हुई तो किशोरी के पिता ने आरोपी भतीजे की मां से शिकायत की। आरोप है कि इस पर आरोपी की मां ने उल्टा किशोरी के पिता से विवाद किया। बात बिगड़ती देख यूपी-112 पर फोन कर दिया गया। वहां पहुंची पुलिस ने किशोरी के पिता की पूरी बात सुनी और सुबह उसे कोतवाली बुलाया। बदनामी के चलते किशोरी और उसका परिवार सदमे में आ गया। रात में किशोरी ने खाली पड़े कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुस कर गांव के ही युवक ने किशोरी से छेड़छाड़ किया। शोर मचाने पर जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध पास्को एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। किशोरी के पिता ने बताया कि शुक्रवार की भोर 5 बजे गांव का जीतू अर्कवंशी घर में घुस आया और 17 वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री ने विरोध करते हुए शो मचाया तो आरोपी गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गया। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गयी है।

# कृष्णा सहित चार खिलाड़ी सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** खेल प्रतिभा सम्मान की कड़ी में रविवार को स्वंयसेवी संस्था नव युग सेवा संस्थान के सचिव शिवम अवस्थी के द्वारा जिले के चार खिलाड़ियों को सम्मान पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम उत्तर प्रदेश अंडर-20 फुटबाल टीम के कप्तान कृष्णा मिश्रा को सम्मानित किया गया। वह अभी हाल ही में हुए अंडर-20 फुटबाल नेशनल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान रहे। संस्था ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स हॉस्टल फुटबाल बनारस के लिए चयनित हुए मोहम्मद नदीम, ग्रीन पार्क क्रिकेट हास्टल के लिए चयनित हुए आर्यन शुक्ला व मैनपुरी क्रिकेट हास्टल के लिए चयनित हुए कृष्ण प्रजापति का भी सम्मान पत्र व पुरस्कार प्रदान कर उन्हे सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। नवयुग सेवा संस्थान के सचिव श्री अवस्थी ने साथ ही साथ मौजूद रहे खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में हर माह किसी एक खेल की का आयोजन कराया जाता रहेगा। इस दौरान फुटबाल प्रशिक्षक महताब अहमद, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी व ओलंपिक संघ की सचिव पूनम तिवारी, सत्यम सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्मानित किए गए खिलाड़ी। अमृत विचार

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** भतीजे की ससुराल जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार पकड़ ली है जबकि ड्राइवर मौका पाकर भाग निकला। हरियावां थाने के गदाईपुर निवासी राकेश यादव (35) पुत्र विश्राम यादव खेती-बाड़ी करता था, वह दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई सुखलाल ने बताया कि उसके पुत्र मनोज की ससुराल पिहानी कोतवाली के हाजीपुर में है, शनिवार की शाम राकेश बाइक से हाजीपुर जा रहा था, रास्ते में चठिया मोड़ पर तेज़ रफ्तार कार ने उसे टक्कर मारी दी जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी ज्ञानवती, 11 व 8 साल के दो बेटे व 6 साल की बेटी है।


# बारिश में स्टेशन पर खुले पड़े हैं बिजली के तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे बारिश के मौसम में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बिजली के तारों से दूर रहने की हिदायत जरूर दे रहा है, लेकिन धरातल पर रेलवे के कर्मचारियों की लापरवाही किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है।

हरदोई में एक स्थान पर जिम्मेदारों ने बिजली के तारों को पॉलीथिन से बांध के रखा है, जबकि दूसरे स्थान पर तार टूटा पड़ा है लेकिन हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों द्वारा इस बाबत कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों को किसी बड़ी घटना के इंतजार में बैठे हुए हैं।

रेलवे स्टेशन पर बारिश के समय दो स्थानों पर तार हादसों को दावत दे रहे हैं। आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटर के पास बनी सीढ़ियो के पास विद्युत तार बारिश में टूट पड़ा है। इस स्थान पर आरक्षित और अनारक्षित टिकट लेने वालों के साथ ही रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले रेल यात्रियों का आवागमन लगातार बना रहता है। ऐसे में कभी भी किसी भी समय कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर तार काफी देर तक टूटा पड़ा रहा लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने उसको दुरुस्त करने का प्रयास नहीं किया जबकि हरदोई के प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 पर बने फुटओवर ब्रिज के पास दो तारों को जिम्मेदारों द्वारा पॉलिथीन से बांध दिया गया ऐसे में पॉलिथीन से बिजली के दो तारों से कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। स्टेशन पर हर कार्य जिम्मेदार केवल काम चलाने के उद्देश्य से कर रहे हैं।



जमीन में पड़े बिजली के तार। अमृत विचार

## निजी स्कूल की छात्रा की करंट लगने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी स्कूल की छात्रा अपने घर में थी, उसी बीच वह बिजली के करंट की चपेट में आ गई,घर वाले उसे उठा कर सीएचसी ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। माधौगंज थाने के फिरोज़पुर निवासी रामू की 15 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी एक निजी स्कूल में छठी की छात्रा थी। रविवार को वह घर में थी। उसी बीच वह बिजली के करंट की चपेट में आ गई। इसका पता होते ही घर वाले उसे सीएचसी उठा ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। दिव्यांशी अपनी पांच बहनों में सबसे छोटी थी।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ससुराल में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के भाई ने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। भाई का कहना है कि मौके के हालात बता रहे थे कि बहन ने आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।



पति के उसकी भाभी के साथ अवैध संबंधों के विरोध में हत्या का आरोप

बेहटा गोकुल थाने के जमालपुर निवासी राम औतार की 38 वर्षीय पुत्री अरुणा की शादी शाहाबाद कोतवाली के अब्दुल्ला पुर मजरा शिरोमणि नगर निवासी इन्द्रपाल के साल हुई थी, उसके तीन बेटे अमित, गोलू, लल्ला और एक बेटी मालती है। अरुणा के बड़े भाई रामेंद्र ने बताया कि शनिवार की शाम उसे खबर मिली कि अरुणा की मौत हो गई। जब वह अरुणा के घर पहुंचा तो वहां उसकी बहन का शव ज़मीन पर पड़ा हुआ था और गले में टूटी हुई रस्सी कसी थी। रामेंद्र ने बहनोई इन्द्रपाल के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बताया कि कई सालों से उसके बहनोई इन्द्रपाल की अपनी भाभी के साथ आशनाई चल रही थी,इसका पता होने पर अरुणा ने विरोध किया,उसी पर आए दिन वह अरुणा की पिटाई करता था,आरोप है कि देवर-भाभी के बीच अरुणा अवरोध बनी हुई थी। इसीलिए उसकी हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

## चोरी की पिकअप के साथ तीन गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला पुलिस ने एचसीएल आफिस के पास से चोरी हुए पिकअप को बरामद कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया, उनके पास से उस बाइक को भी बरामद किया गया है,जो चोरी में इस्तेमाल की गई थी। सण्डीला कस्बे के मोहल्ला अशराफ टोला निवासी महेश कुमार ने 11 जुलाई को दी तहरीर में पुलिस को बताया था कि वह अपना पिकअप डाला कस्बे में एचसीएल आफिस के पास खड़ा कर घर चला गया था,उसी बीच वह चोरी हो गया। पुलिस ने मामला कर जांच शुरु कर दी। रविवार को पुलिस ने सवायजपुर कोतवाली के भैलामऊ निवासी विनय कुमार, उसी गांव का राम सिंह और मल्लावां कोतवाली के करहुआ निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ देवेश को गिरफ्तार चोरी हुआ पिकअप बरामद कर लिया है।

# भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष पर ठगी व धमकी का केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**जांच शुरू**

- दहेज हत्या के केस से नाम हटवाने के लिए 1.20 लाख का तय हुआ था सौदा

**अमृत विचार।** दहेज़ हत्या के आरोपी का नाम केस से हटवाने के लिए भीम आर्मी के ज़िलाध्यक्ष विनोद गौतम ने एक लाख 20 हज़ार का सौदा तय किया था,लेकिन बात नहीं बनी, इधर-उधर के दबाव के बाद जैसे-तैसे 90 हज़ार वापस किए। बाकी 30 हजार रुपये मांगने पर धमकी दी। सण्डीला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।





सण्डीला पुलिस को दी गई तहरीर में भीम आर्मी के ज़िलाध्यक्ष विनोद गौतम पर आरोप लगाया गया कि उन्होने दहेज़ हत्या के मामले में एक आरोपी का नाम केस से हटवाने के लिए एक लाख 20 हज़ार लिए थे। कई दिनों तक झांसा दिया गया, लेकिन बात नहीं बन सकी। रुपये वापस करने की बात आई तो जिलाध्यक्ष ने बड़ी मुश्किल से 90 हज़ार रुपये वापस किए,लेकिन बाकी रहे 30 हजार रुपये मांगने पर धमकी दी गई। सण्डीला पुलिस ने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विनोद गौतम और उसके एक साथी संजीत के खिलाफ ठगी और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम रैगवा निवासी विवाहिता ने पति सहित पांच परिजनों के विरुद्ध मारपीट और दहेज के मुकदमें को समाप्त करने का दवाब बनाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फर्रुखाबाद जनपद के अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाली पट्टी निवासी मुलीन कुमार की पुत्री शालू का विवाह मझिला थाना क्षेत्र के रैंगवा निवासी रवि शंकर के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करने लगे। जिस पर उसने आरोपियों के खिलाफ केस भी दर्ज कराया था, बाद में सुलह कर पति विदा करा ले गया, जहां मुकदमे को खत्म कराने का दबाव बनाते हुए उसका फिर से उत्पीड़न शुरू कर दिया गया।

**खेती-किसानी** | पारंपारिक खेती से हट कर अन्य फसल उगा रहे हैं किसान

# ड्रैगन फ्रूट्स की खेती दे रही अच्छा मुनाफा

रामकिशोर शर्मा, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** बदलते समय में खेती की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ रहा है। जिले की पारंपरिक गेहूं, धान की खेती से हट कर अब अन्य फसलों को भी लोग उगा रहे हैं। इस फसलों से जहां मुनाफा होता है, वहीं सेहत के लिए भी यह फसलें काफी लाभकारी हैं, जिससे इनकी बिक्री हाथों हाथ हो रही है।

विकास खण्ड क्षेत्र के गांव भिठाई निवासी किसान नरेन्द्र कुमार ने ड्रैगन फ्रूट्स की खेती की शुरुआत की है। उन्होंने पारम्परिक खेती के साथ कच्चे दो बीघे में ड्रैगन फ्रूट्स की है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग में नौकरी के साथ साथ खेती करते और किसानों को समय-समय पर उचित सलाह देते रहते हैं। एक एकड़ खेत में लगभग 1700 पौधे लगते हैं एक पौधा की कीमत 30 रुपये से एक हजार तक हो सकती है।खेत की जुताई, समतलीकरण, ड्रैगन फ्रूट के पौधों को सहारा देने के लिए सीमेंट के खम्भे व लोहे के पाइप,खाद उर्वरक, सिंचाई, कीटनाशक व फफूंदनाशक का छिड़काव किया जाता है। एक बार पौधा रोपण के बाद कई वर्षों तक फल देता है। बाजार में दो सौ से तीन सौ रुपए तक प्रति किलो बिकता है। नरेन्द्र कुमार ने बताया ड्रैगन फ्रूट की पौध शाहजहांपुर जनपद के एक किसान से खरीद कर लाएं थें पौध रोपण के ढेड़ वर्ष बाद फूल फल आते है। फूल फल शुरू मई से अगस्त तक आते है। फल माधौगंज व मल्लावां के नजदीकी बाजारो में आसानी से बिक जाता है। ड्रैगन फ्रूट्स की पौधौ की लाइनों में दूसरी फसले आसानी से लगा कर भिंडी, सलना, लोबिया, हरी धनिया आदि उपजा सकते हैं। ड्रैगन फ्रूट्स में औषधिय गुण होते हैं। रेड ड्रैगन फ्रूट शुगर कम करता है, पाचन शक्ति, त्वचा, डेंगू आदि गम्भीर समस्या में खाया जाता है।



पेड़ में लगे ड्रैगन फ्रूट्स। अमृत विचार

## एक नजर

### साइकिल चलाते समय नाले में गिरी किशोरी, रेफर

**औरास, उन्नाव :** कस्बा औरास के मोहल्ला गौतमबुद्ध नगर के पंकज तिवारी की 12 वर्षीय बेटी अंशिका घर के पीछे इंटरलाकिंग पर साइकिल चला रही थी। तभी संतुलन बिगड़ने से वह नाले में जा गिरी। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख उसे लखनऊ के केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे केजीएमयू न ले जाकर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

### 26 को जीजीआईसी में होगी इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा

**उन्नाव :** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने कहा कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट और इंटर कंपार्टमेंट परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं 19 जुलाई के स्थान पर अब 26 जुलाई को करायी जायेंगी। कहा कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षाएं 26 जुलाई को सुबह पाली में 8:30 से 11:45 बजे तक और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षाएं 26 जुलाई को शाम पाली में 2 से 5:15 बजे तक होंगी। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षाएं जिला मुख्यालय के राजकीय बालिका इन्टर कालेज मोतीनगर उन्नाव पर होंगी।


# 24 घंटे में 17 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर

## तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों में बन गया चिंता का माहौल, प्रति घंटे करीब डेढ़ सेमी की दर से बढ़ोत्तरी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** पश्चिमी बांधों से रुक-रुक कर छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा नदी का जलस्तर धीमी गति से लगातार बढ़ रहा है। रविवार को भी पूरे दिन जलस्तर में धीरे-धीरे वृद्धि होती रही। बीते 24 घंटों के दौरान गंगा का जलस्तर कुल 17 सेंटीमीटर बढ़ा है, जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच बाढ़ की आशंका को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

हाल के दिनों में मैदानी क्षेत्रों और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते पश्चिम के प्रमुख बांधों से गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। कानपुर बैराज के एक दर्जन से अधिक गेट खोलकर जल का प्रवाह बढ़ाया गया है। केन्द्रीय जल आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शनिवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.620 मीटर दर्ज किया गया था। रविवार सुबह 8 बजे यह 110.710 मीटर, दोपहर 1 बजे 110.770 मीटर और शाम 4 बजे 110.780 मीटर पहुंच गया। शाम 6 बजे जलस्तर 110.790 मीटर दर्ज किया गया, जो



गंगा का जलस्तर दर्शाता केन्द्रीय जल आयोग का मीटरगेज। अमृत विचार

17 सेंटीमीटर की और बढ़ोतरी को दर्शाता है। शनिवार से रविवार के बीच प्रति घंटे करीब डेढ़ सेंटीमीटर की दर से जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। धीमी गति से हो रही जलस्तर वृद्धि ने तटीय क्षेत्रों में दहशत बढ़ा दी है। लोग बाढ़ की आशंका को लेकर सतर्क हैं और प्रशासन की ओर से किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने की मांग कर रहे हैं।

**पश्चिम के बांधों से छोड़ा गया भारी मात्रा में पानी:** बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि रविवार को बैराज बांध से एक लाख 6 हजार 4 सौ 24 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जबकि हरिद्वार से 77 हजार 6 सौ 92 क्यूसेक और नरौरा बांध से 62 हजार 53 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है।

### गंगा में कूदने जा रही महिला को लोगों ने बचाया

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रविवार दोपहर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने नवीन गंगा पुल से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद एक जागरूक राहगीर ने समय रहते महिला को पकड़ लिया और उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, महिला नवीन गंगा पुल की रेलिंग पर चढ़ गई थी और गंगा में छलांग लगाने ही वाली थी, तभी वहां से गुजर रहे एक युवक ने उसे देख लिया और तत्काल उसे नीचे खींच लिया। महिला ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद से वह मानसिक तनाव में थी, जिससे परेशान होकर यह कदम उठाने जा रही थी। घटना के दौरान पुल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। राहगीरों ने महिला को समझा-बुझाकर घर भेजा।

### ग्रामीणों के चंदे से बना रास्ता बारिश में बह गया



बरसात में बहे मरौंदा सुचित गांव के रास्ते से जान जोखिम में डालकर निकलते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, परियर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव मरौंदा सूचित में 3 माह पहले ग्रामीणों के चंदे से सीमेंट पाइप डालकर बनाया गया रास्ता बारिश में बह गया है। जिससे 6 गावों का संपर्क टूट गया है। बता दें कि मरौंदा सूचित गांव में ग्रामीणों द्वारा चंदा जमा कर बनाया गया रास्ता बारिश के कारण बह गया है। जिससे आसपास के कई गावों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया है। ग्रामीण इसी मार्ग से अपने दैनिक कार्य व कृषि कार्य के लिए आवागमन करते थे। अब रास्ता बहने से ग्रामीणों को दूसरे गांव का चक्कर लगाकर मजबूरन अपने कार्य करने पड़ रहे हैं। कुछ ग्रामीण अधिक चक्कर न लगा कर इसी रास्ते का जान जोखिम में डालकर उपयोग कर रहे हैं। मार्ग कटने से दनकूखेड़ा, पंनपथा, गंगादीन पुरवा, कटरी अल्लीपुर आदि गावों के लोग प्रभावित हैं। ओमप्रकाश, मनोज, महेश, शिवसागर, गणेश, प्रभाकर आदि ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से जल्द रास्ता सही कराने की मांग की है। ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी ने बताया कि यदि मार्ग मनरेगा से बनने लायक होगा तो तुरंत काम शुरू कराया जाएगा।

# फोरलेन पर ई-रिक्शा की अराजकता से लगा भीषण जाम

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)




फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार दोपहर शुक्लागंज के पोनी रोड तिराहे पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते फोरलेन पर भारी जाम लग गया। सवारी भरने की होड़ में ई-रिक्शा चालकों ने बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया, जिससे कानपुर की ओर जाने वाला यातायात पूरी तरह ठप हो गया। करीब पौने घंटे तक पोनी रोड से लेकर दुर्गा मंदिर के आगे तक छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। भीषण जाम के बीच फंसे वाहन सवार राहगीरों को भीषण उमस और गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि बालूघाट पर टेंपो अड्डा बनाए जाने के बावजूद पोनी रोड तिराहा पर सवारी भरने की प्रवृत्ति में कोई बदलाव नहीं आया है। इस अव्यवस्था के चलते रविवार दोपहर लगभग 1 बजे जाम की स्थिति बनी, लेकिन तिराहे पर मौजूद पुलिस पिकेट पूरी तरह नदारद रही। स्थिति बिगड़ने की जानकारी मिलने पर गंगाघाट पुलिस हरकत में आई और लगभग


### राहगीर हुए परेशान

1:45 बजे यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया गया। तब तक राहगीर और वाहन चालक करीब 45 मिनट तक जाम में फंसे रहे।

**लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एनएचआई ने कराया पैचवर्क, रेंगे वाहन, शुक्लागंज (उन्नाव):** लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पैचवर्क कार्य कराया गया। कल्लूपुरवा गांव के सामने हाईवे पर जगह-जगह बने गड्ढों के चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए एनएचएआई ने मरम्मत कार्य शुरू कराया।

रविवार सुबह से ही एनएचआई की टीम ने हाईवे पर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया। कर्मचारियों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से मार्ग पर संकेतक लगाकर पैचवर्क कराया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित तो नहीं हुआ, लेकिन दिनभर वाहन धीरे-धीरे रेंगते हुए निकलते रहे। पैचवर्क का यह कार्य कल्लूपुरवा गांव के सामने से शुरू होकर जाजमऊ चौकी तक चला, जो शाम तक जारी रहा। गड्ढों से परेशान वाहन चालकों ने इस कार्य को राहत देने वाला बताया। हालांकि दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। कर्मियों की माने तो आगे भी जिन स्थानों पर गड्ढे बने हुये हैं। वहां पर भी पैंचवर्क का काम कराया जाएगा।

# एबीसी केबल डालने के चलते चंपापुरवा में 8 घंटे रही बिजली गुल



चंपापुरवा में होता एबीसी लाइन बदलने का काम। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रविवार को शुक्लागंज के पश्चिमी क्षेत्र चंपापुरवा में एबीसी केबल डालने के काम के चलते करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा घरों में रहने वाले लोगों को उमस भरी गर्मी और पानी की समस्या से जूझना पड़ा।

बिजली विभाग ने बिजनेस प्लान के तहत चंपापुरवा में सुबह 10 बजे से 100 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद कर एबीसी केबल डालने का काम शुरू कराया। कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने पुराने तारों को हटाकर नई केबल को जोड़ने का कार्य शाम 6 बजे तक पूरा किया, जिसके बाद सप्लाई बहाल की गई। बिजली न होने के कारण दिनभर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को पीने के पानी तक के लिए मशक्कत करनी पड़ी। वहीं ब्रह्मनगर में शनिवार रात ट्रांसफार्मर फुंक जाने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। विभाग द्वारा रात 9 बजे नया 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया और रात 11 बजे के बाद प्रभावित घरों की बिजली सप्लाई बहाल हो सकी।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों की संशोधित पत्रावलियां दें प्रधानाचार्य

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के वर्ष-2006 से 2015 तक सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को एक नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए पेंशन वृद्धि करने का शासनादेश करीब एक वर्ष पहले हुआ था। इसका अब तक जिले के एक भी शिक्षक को लाभ नहीं मिल सका है। जबकि जिले के 58 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के करीब 350 शिक्षक इस परिधि में आते हैं।

बता दें कि इस अवधि में कई बार प्रोफॉर्मा बदलकर पेंशन धारकों की पत्रावलियां मांगी गईं और वह कई बार वापस उप शिक्षा निदेशक स्तर से वापस कर दी गईं। इधर करीब 150 शिक्षकों की पत्रावलियां डीआईओएस कार्यालय से दो माह पूर्व उप शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ भेजी गई थीं जिन्हें उप शिक्षा निदेशक द्वारा पुनः आपत्तियां लगा करके वापस कर दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी पत्रावलियों को संबंधित विद्यालयों में वापस भेजते हुए संशोधित पत्रावली भेजने के निर्देश दिए हैं। इसमें उन्होंने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में (30 जून व 31 दिसम्बर 2006 से 2015 तक) सेवानिवृत्त हुए शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को एक नोशनल वेतन वृद्धि जोड़ते हुये पेंशन व ग्रेच्युटी का लाभ देने के संबंध में जो पत्रावलियां उप शिक्षा निदेशक कार्यालय को भेजी गई थीं उनमें आपत्ति लगा दी गई हैं। अब उनके स्थान पर संशोधित पत्रावलियां भेजा जाना है।

## रोटरी क्लब व भारत विकास परिषद के सदस्यों ने किया पौधरोपण

**उन्नाव:** रोटरी क्लब ऑफ़ उन्नाव रॉयल व भारत विकास परिषद चंद्र शेखर आज़ाद शाखा द्वारा निराला नगर स्थित भीमा शंकर महादेव मंदिर में पौधरोपण किया गया। मातृत्व के सम्मान में प्रकृति को समर्पित एक संवेदनशील संदेश देते हुए क्लब व शाखा के सदस्यों ने अपनी माताओं के नाम से पौधे रोपित किए। जिसमें स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोटरी क्लब ऑफ़ उन्नाव रॉयल के अध्यक्ष रो. आशीष शुक्ला, भारत विकास परिषद चंद्रशेखर आज़ाद शाखा उन्नाव के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, राकेश सिंह, जीयस भदौरिया, श्रीकांत शुक्ला, भानू प्रताप सिंह, रामचन्द्र गुप्ता, डीडी शुक्ला, गिरीश तिवारी आदि रहे।

# निजी अस्पताल पर अवैध वसूली का आरोप

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर हुई लूट से परेशान पीड़ित ने महिला आयोग में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

बता दें कि सफीपुर क्षेत्र के अतहा गांव निवासी पप्पू गौतम ने दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी पत्नी फूलमती देवी 2 महीने के गर्भ से थी। प्रसव पीड़ा होने पर उसने माखी थानांतर्गत चकलवंशी स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उसे भर्ती कराया। जहां अस्पताल अस्पताल संचालक दिव्यांशु राठौर ने उसको बताया कि वह उनकी पत्नी क़ो ठीक कर देगा। इसके एवज में उसने 30 हजार की मांग की। जिसे पप्पू ने जमा कर दिया। लेकिन, मरीज की हालत और खराब होने लगी। पप्पू

### एफआईआर की मांग

**पीड़ित ने महिला आयोग में प्रार्थनापत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

ने आरोप लगाया कि वहीं पत्नी का गर्भपात भी करवा दिया गया और बिना बताए कानपुर के कल्याणपुर स्थित एक इंस्टीट्यूट में भर्ती कर दिया गया। इसके नाम पर करीब 70 हजार रुपए भी उससे लिए गए। वहां हालत और खराब होने पर पप्पू पत्नी को लेकर कल्याणपुर में ही दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। पूरे इलाज में उसे 6 लाख से अधिक रुपये खर्च करने पड़े। पप्पू ने महिला आयोग में शिकायत करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में चकलवंशी के निजी अस्पताल व उसका संचालक जिम्मेदार है। आरोप है कि उसने कमाई के चक्कर में गलत इलाज कर पत्नी का गर्भपात भी करवा दिया। जिसे लेकर पप्पू ने प्रार्थनापत्र देते हुए अस्पताल पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**पहले भी सुर्खियों में रहा है हॉस्पिटल:** बता दें कि चकलवंशी स्थित यह हॉस्पिटल गलत इलाज व इलाज के नाम अधिक पैसे लेने के मामले में पहले भी सुर्खियों में रहा है। हालांकि संचालक प्रभावशाली होने के चलते हर बार कार्रवाई से बच जाता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

नोडल अधिकारी व सीएमओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक उन्हें प्रार्थनापत्र नहीं मिला है। पीड़ित का प्रार्थनापत्र मिलने पर उसी आधार पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सतर्कता** श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर डीएम व एसपी के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र में जल पुलिस तैनात की गई

# सावन में कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर जल पुलिस ने बोट से की गश्त

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** सावन माह में गंगाघाट क्षेत्र के घाटों पर कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रविवार को जल पुलिस ने गंगा में बोट से गश्त कर निगरानी की।

डीएम व एसपी के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र में जल पुलिस की तैनाती की गई है, ताकि जल भरने आए कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सावन के दौरान कांवड़ियों के जत्थे गंगा जल भरकर लोधेश्वर धाम के लिए रवाना होते हैं, जिसके मद्देनज़र पुलिस प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



गंगा में बोट से निगरानी रखती पुलिस। अमृत विचार

किए हैं। रविवार को जल पुलिस ने बोट से गंगा में निगरानी की। वहीं, आज सावन का पहला सोमवार होने के कारण घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। पुलिस ने घाटों पर पर्याप्त फोर्स की तैनाती कर दी है। साथ ही जल पुलिस भी गंगा में लगातार गश्त करती रहेगी।

### कांवड़ियों की सुविधा के लिए कीचड़ भरे रास्ते पर लगा खड़ंजा

**परियर, उन्नाव, अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र के परियर स्थित गंगातट से सावन माह में श्रद्धालु गंगास्नान कर पूजा अर्चना कर जल भरते हैं। कांवड़ियों की टोली जलाभिषेक करने शिव मंदिरों के लिए इसी तट से जाती हैं। संबंधित विभाग ने रास्ते पर बने गड्ढों में मिट्टी भर दी थी। जिससे बारिश में कीचड़ की वजह से रास्ता और खराब हो गया था। कई कावरियों की टोली रास्ता व गंगा तट की स्थिति देखते हुए पास के बिठूर गंगातट जाकर जल भरने गए। बीते शनिवार कावड़ यात्रा को लेकर एसपी दीपक भूकर गंगातट की ओर गए थे। लेकिन, रास्ता खराब होने से बीच रास्ते से ही लौट गए थे। इसके बाद संबंधित विभाग ने रविवार को गंगातट जाने वाले रास्ते में हुए गड्ढों को पाटकर खड़ंजा लगाना शुरू किया है। जिससे तीर्थ पुरोहितों को उम्मीद है कि जल्द ही रास्ता सही हो जाएगा।



कीचड़ भरे रास्ते पर लगाया जाता खड़ंजा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शिव पुराण कथा को लेकर कलश यात्रा आज

**संवाददाता परियर उन्नाव, अमृत विचार :** पवित्र सावन माह में श्री आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान व गोकुल बाबा मंदिर समिति के सौजन्य से विख्यात शैवाचार्य श्री प्रशांत प्रभु महाराज के सानिध्य में षष्टम विशाल शिव पुराण कथा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। कथा का मुख्य उद्देश्य योगी आदित्यनाथ को वर्ष-2027 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने व आतंकवाद के सफाये के लिये किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का आयोजन राष्ट्रभक्त व सनातनी कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, आगामी 14 जुलाई को कलश यात्रा शहर के बड़े हनुमान मंदिर से गांधी नगर तिराहे तक शाम 4 बजे भ्रमण करेगी। 15 से 25 जुलाई तक भारत की रक्षा व राष्ट्र रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिकों की सदगति हेतु किलकाल भैरव यज्ञ सुबह 7 से 12 बजे तक व शाम 5 बजे से श्री शिव पुराण कथा श्री प्रशांत प्रभु के सानिध्य में शिवभक्तों को सुनाई जाएगी। यह जानकारी ब्रह्म चिंतन शिविर के संस्थापक जितेन्द्र द्विवेदी ने देते हुए सभी शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में गोकुल बाबा मंदिर परिसर पहुंचकर श्री शिव पुराण कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

### स्वास्थ्य मेले में 92 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाइयां

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय, डॉ. अर्चना, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 92 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा, विपिन पांडे समेत तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी ने शुरू की एक शहीद, एक पेड़ मुहिम

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा एक शहीद, एक पेड़ अभियान की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत पहले 11 औषधीय पौधों का रोपण ऋषि आश्रम में किया गया। नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत नगर में प्रतिदिन एक शहीद की स्मृति में औषधीय पौधा तुलसी, नीम, बेल, गिलोय, अर्जुन लगाया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका गंगाघाट पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर वर्ष पौधरोपण केवल औपचारिकता होती है, जिसकी न तो देखभाल होती है और न ही निगरानी, जिससे सरकारी धन की बर्बादी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर शुभ गुप्ता के साथ राजन कनौजिया, अवधेश यादव, विशाल शर्मा, यश राय, सनी, वैभव, मुकीम सहित समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खो-खो टूर्नामेंट में सर सैय्यद स्कूल बना विजेता

**उन्नाव, अमृत विचार :** वीरेंद्र स्वरूप स्कूल कैंट कानपुर में बीते दिन सीआईएससीई अंडर-17 व अंडर-19 खो-खो टूर्नामेंट (बालक वर्ग) का आयोजन हुआ। जिसमें नार्थ जोन के उन्नाव व कानपुर के अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। अंडर-17 ब्वायज वर्ग में सर सैय्यद स्कूल उन्नाव ने जेएन शाह विद्यालय उन्नाव को 1 इनिंग में 12 पॉइंट्स से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद हुए फाइनल मैच में करवर स्कूल कानपुर को 8 पॉइंट्स से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-19 ब्वायज वर्ग में सेंट लॉरेंस स्कूल उन्नाव को 1 इनिंग से हराकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सादिया कमाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व शिक्षकों ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। नोएडा में होने वाले आगामी मैच में चयनित टीम भाग लेने जाएगी। यह जानकारी विद्यालय के खेल प्रशिक्षक चंद्रशेखर ने दी।

### 'बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर प्रतियोगिता संपन्न

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** हैप्पी फेसेस विद्यालय में सेवा संकल्प संस्थान द्वारा भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर पोस्टर निर्माण व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की आराधना से हुआ। अतिथियों में विद्यालय के प्रबंधक आनंद आहूजा व चेयरपर्सन रोमा आहूजा, भारतीय स्टेट बैंक की चीफ मैनेजर शालिनी भारद्वाज, सेवा संकल्प संस्थान की मुख्य अध्यक्षा सुखप्रीत, वरिष्ठ सहयोगी रंजना तिवारी, अनीता सूद व विपिन सिंह मौजूद रहे। प्रबंधक ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि अवैध कृत्य है। बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम सभी में अच्छी सामाजिक सोच व जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। अंत में सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों व नारों को चयनित कर विजेताओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार दिये गए। इसके साथ प्रतिभागियों की रचनात्मकता व जागरूकता के लिए सराहना की गई। प्रधानाचार्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विजेताओं को बधाई दी।

### विधायक ने ब्रह्मा कुमारी पाठशाला भवन का किया उद्घाटन

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** विधायक श्रीकांत कटियार ने रविवार को क्षेत्र के गांव अतरधनी में नवनिर्मित ब्रह्मा कुमारी पाठशाला भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हम सब का पिता, गुरु व शिक्षक सिर्फ एक परमपिता परमात्मा शिव है। उद्घाटन समारोह में विधायक ने ब्रह्मा कुमारी बहनों को साक्षात देवी की उपाधि देते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी संस्था प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें ही तपस्वी मूरत हैं और इन्हें परमपिता परमात्मा से सीधे ज्ञान प्राप्त हुआ है। कहा कि वह जल्द ही संस्था के मुख्यालय माउंट आबू के सानिध्य में पहुंचकर आत्मा और परमात्मा का ज्ञान तथा ज्ञान प्राप्त करेंगे। ब्रह्मा कुमारी सेंटर बांगरमऊ की संचालिका ब्र.कु. सरला बहन ने पाठशाला के लोकार्पण हेतु समय निकालने के लिए विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक बार परमात्मा के अवतरण स्थल माउंट आबू अवश्य पधारें और गीता के भगवान का प्रवचन अवश्य सुनें। उनके परमात्म ज्ञान प्राप्त करने से विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण जिले के लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आत्मा में संकल्प चलते रहते हैं। किंतु श्रेष्ठ संकल्प से हमारे संस्कार परिवर्तित होते हैं। उन्होंने विधायक से परमपिता परमात्मा के सानिध्य में जाने के श्रेष्ठ संकल्प को पूरा करने की अपील की। नवनिर्मित भवन ब्रह्माकुमारी केंद्र को समर्पित करते हुए रामसनेही ने सभी से ज्ञान और योग की शिक्षा प्राप्त करने हेतु केंद्र पर नियमित आने की अपील की। इस दौरान जिज्ञासुओं के लिए चरित्र निर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शिनी भी लगाई गई। लोकार्पण के बाद सरला बहन ने आध्यात्मिक स्लोगन का मोमेंटो देकर विधायक को सम्मानित किया। समारोह में पंजाब से आए बीके हरेंद्र कुमार, अवधेश गुप्ता, राम दिनेश कुशवाहा, रामसरन, रामजस, विकास कुशवाहा, रेखा, वीरेंद्र, राजेश गुप्ता व सुमन आदि लोग उपस्थित रहे।



ब्रह्मा कुमारी पाठशाला का उद्घाटन करते विधायक व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### आदेश वापस नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: कुलदीप

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिछिया ब्लॉक के पहली खेड़ा गांव के मजरा डीह स्थित सरकारी स्कूल का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों व अभिभावकों से संवाद किया। जिलाध्यक्ष ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने के आदेश पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे ग्रामीण बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय बताया। कहा कि शिक्षा का अधिकार सभी का मौलिक अधिकार है और इस तरह स्कूलों को बंद करना न केवल बच्चों को शिक्षा से वंचित करेगा बल्कि गावों की सामाजिक प्रगति को भी प्रभावित करेगा। पार्टी उनके बच्चों की शिक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी इस फैसले के खिलाफ जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग को ज्ञापन भी देगी। ग्रामीणों ने भी स्कूल बंदी के फैसले के खिलाफ नाराजगी जताई और यादव को समर्थन देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष दीपक राजपूत, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता प्रदीप यादव, जिला कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, यूथ विंग जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, भानू प्रकाश, नगर अध्यक्ष मान सिंह, समाजसेवी ललित यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद आदि रहे।

### पुलिस ने 20 विवादित जोड़ों में सुलह कराकर भेजा घर

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर महिला हेल्पडेस्क के प्रयासों से पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को राजी हुए। इसमें जिले के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए और परिवार को टूटने से बचाया। इसके बाद महिला थाना से 6, कोतवाली सदर व गंगाघाट से 3-3, बांगरमऊ, औरास व बारासगवर से 2-2, फतेहपुर चौरासी व हसनगंज से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति व सलाहकारों में शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. अबसार अली, डॉ. सगीर अहमद व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर अवनीश सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, दरोगा अनिल सिंह, महिला आरक्षी सोनम, पूजा चौधरी, नीलम यादव, प्राची चौहान, स्वेता, अल्का यादव, शीलू पाल, दीपा सिंह सेविका का विशेष योगदान रहा।

# कन्नौज में निर्माणाधीन लिंटर गिरा, दो की मौत

## मलबे में दबने से 10 मजदूर घायल, दो घंटे तक मलबे में दबे रहे शव, राहत कार्य में जुटी पुलिस व दमकल की टीम

संवाददाता गुरसहायगंज/जसोदा, कन्नौज



श्यामजीत।

**अमृत विचार।** दोपहर में मकान की दूसरी मंजिल पर लिंटर की ढलाई करते समय गर्डर हट जाने से लिंटर गिर गया। मलवे में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि 10 दबकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व दमकल की टीम ने घायल मजदूरों को बाहर निकाला। शवों को दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उत्तीमापुर पट्टी निवासी अजय कुमार के मकान की दूसरी मंजिल पर रविवार की दिन के करीब तीन बजे लिंटर की ढलाई का कार्य चल रहा था। तभी गर्डर खिसक जाने से लिंटर गिर गया। मलवे में दबने से ग्राम अनौगी खेड़ा भवानीपुर निवासी श्यामजीत (28) पुत्र रूपचन्द्र सक्सेना व ज्ञानेंद्र (32) पुत्र रूपलाल दोहरे की मौके पर ही मौत हो गई। इसी गांव के मजदूर टिल्लू, राम लड़ेते, रामनिवास, बबलू, संजू, सुखराम, रजनीश, भूपेंद्र, सूरज, पप्पू, सोनू घायल हो गए।

पुलिस व दमकल की टीम ने मलबे में दबे घायल मजदूरों को बाहर निकाल कर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। मृतक श्यामजीत के तीन बच्चे अंश (10), अभी (05), पुचकी (03) वर्ष व मृतक ज्ञानेंद्र कुमार के तीन बच्चे हैं। मौके पर पहुंचे सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह व फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस राहत कार्य में जुटी रही। मौके पर पहुंचे विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने मृतक के परिजनों को दस-दस लाख व घायलों को तीन-तीन लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग प्रशासन से की है। इस दौरान सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय, एसडीएम नवनीता राय, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष कंचन कनौजिया आदि मौजूद रहे।



रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार



मौके पर जांच करते तहसीलदार अभिनव वर्मा तथा नायब तहसीलदार भरत मौर्य।

### तीन दिन पहले पड़ा बीम टूटने से हुआ हादसा

**जसोदा।** मजदूरों ने बताया कि जिस छत पर लिंटर पड़ रहा था उस पर तीन दिन पहले ही बीम बनाया गया था। उसी के सहारे गर्डर डाले गए थे। बीम टूटने के बाद गर्डर खिसक गए। इससे हादसा हो गया।

### मुआवजे के आश्वासन पर उठने दिया शव

**जसोदा।** एसडीएम ने दोनों मृतक परिवारों को 5 लाख रुपया, एक-एक आवास, बच्चों को ढाई हजार रुपया प्रति माह पढ़ाई के लिए व पांच-पांच लाख रुपया, जमीन का पट्टा देने का आश्वासन दिया तब मिट्टी उठने दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग और पुलिस वाले मौजूद रहे।

## 130 सीसीटीवी खंगालकर पुलिस पहुंची किशोरियों तक

**तिर्वा, कन्नौज।** किशोर वय बुआ भतीजी के लापता होने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। करीब 130 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दोनों को ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी 16 साल की किशोरी अपनी 17 साल की बुआ के साथ 7 जून की शाम को खेतो की तरफ शौच जाने की कहकर घर से गई थी। काफी देर तक वह दोनों वापस नही आई। परिजनों ने दोनो की काफी खोजबीन की पर उनका पता न चला। पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने ठठिया कन्नौज, मानीमऊ, फर्रुखाबाद, बिल्हौर, कानपुर सीमा पर लगे करीब 130 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इनके सहारे दोनों को इत्र पार्क कन्नौज अण्डर पास से 100 मीटर आगे की तरफ बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि बुआ भतीजी की तलाश के लिए दो टीमे लगाई गई थीं। दोनों को खोजकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सार-संक्षेप



नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### आज नागेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा आरएएफ के हवाले

**अयोध्या।** सावन के पहले सोमवार पर अयोध्या के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। इसको लेकर मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्य रूप से नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। जनपद के विभिन्न शिवालय कोटेश्वर नाथ, दर्शनेश्वर नाथ, कुबेरेश्वर नाथ, चंद्रा हरि मंदिर, अमानीगंज स्थित सिद्धनाथ मंदिर, मऊ शिवाला में स्थित शिव मंदिर, गुप्तार घाट स्थित अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर पूजन करने के लिए भक्त पहुंचेंगे। सरयू तट स्थित प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर त्रेतायुगीन ज्योतिर्लिंग माना गया है। नागेश्वर नाथ मंदिर के प्रबंधक सभापति तिवारी बताते हैं कि पहले सोमवार को बड़ी संख्या में भीड़ होने की संभावनाओं को देखते हुए श्रद्धालुओं के दर्शन और अभिषेक करने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। सभी शिवालयों पर पुलिस व पीएसी के जवानों को तैनात कर दिया गया है। नागेश्वरनाथ मंदिर पर बेरिकेडिंग कर दी गई है। यहां श्रद्धालुओं को टुकड़ियों में जलाभिषेक के लिए जाने दिया जाएगा। यहां पर आरएएफ की तैनाती की गई है।

### 16 हजार आरक्षण के पद बचाने कोअफसर खोलेंगे मोर्चा

**लखनऊ।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में 16 हजार आरक्षण के पद बचाने के लिए ऊर्जा निगमों के आरक्षित वर्ग के अधिकारियों ने कवायद शुरू कर दी है। पावर आफीसर्स एसोसिएशन की ओर से 15 जुलाई को आगरा में प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित होगा। अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के संगठन पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि आगरा स्थित दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में आयोजित होने वाले प्रतिनिधि सम्मेलन में निजीकरण प्रक्रिया का सख्त विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीती 9 जुलाई को कानपुर व 11 जुलाई को वाराणसी में बैठक आयोजित की गई थी। अब आरक्षण के पदों को बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया जाएगा।

### मील का पत्थर साबित होगा पीडीए सम्मेलन : अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने पीडीए महासम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी है। 26 जुलाई को सहादतगंज स्थित एक लॉन में पीडीए का महासम्मेलन किया जाएगा। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने बताया कि 26 जुलाई को संविधान स्थापना दिवस है। इस दिन आरक्षण बचाओ और पीडीए का महासम्मेलन होगा। यहां एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खात्मे का यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय पर हो रहा है जब पूरे प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है लोगों में तबाही और बर्बादी आई है। किसान परेशान है नौजवान परेशान है और आरक्षण पूरी तरह से खत्म किया जा रहा है।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल गोतस्कर हुआ गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कुख्यात गो तस्कर को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल होने पर गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि कंम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य अपनी फोर्स के साथ रविवार तड़के करीब 3 :30 बजे थाना क्षेत्र में बरखेड़ा पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया तो कुख्यात बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लगी और उसका दूसरा साथी भागने में सफल हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगकर घायल बदमाश को जिला अस्पताल लोहिया में उपचार के लिए लाया गया। पुलिस द्वारा पकड़ा गया कुख्यात गौ तस्कर शमशाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला इब्राहिम (उम्र करीब 25 वर्ष) है जिसके पास से अवैध तमंचा तथा कुछ कारतूस, मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार हुए साथी का नाम नसीम बताया गया जो गौकसी में वांछित है।

### अनियंत्रित कार ट्रैक्टर से भिड़ी, दो की मौत व तीन घायल

**कन्नौज।** अनियंत्रित कार ट्रैक्टर से भिड़ गई। इससे कार व ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना शनिवार की देर रात जलालपुर पनवारा हाइवे की है। रविवार को पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराया। शनिवार की देर रात जलालपुर पनवारा के निकट तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। इसे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर पलट गया। ट्राली के नीचे दब जाने से सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सदिकापुर गांव निवासी जबाहर(55) पुत्र रामनाथ गंभीर रुप से घायल हो गया। ट्रैक्टर ईंट उतार कर जा रहा था। दुर्घटना में कार सवार आयुष(15) पुत्र विपिन निवासी पुराना बरण्डा थाना अरौल, राजा(24) पुत्र वन्ने निवासी अरौल जनपद कानपुर नगर, अक्षय(30) पुत्र राम भरोसे निवासी बकोठी थाना अरौल कानपुर नगर घायल हो गये। हाइवे की एंबुलेंस व सदर कोतवाली की जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे गये। सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। यहां डाक्टर ने जवाहर और आयुष को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घायल विक्रम पटेल पुत्र रामविलास, राजा व अक्षय को प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रविवार को कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर मृतकों का पंचनामा भर कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से लोडर मालिक की मौत

**कन्नौज।** अनियंत्रित ट्रक ने लोडर के पास खड़े उसके मालिक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां जांच के बाद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार की देर शाम फर्रुखाबाद जनपद के मोहल्ला ठंडी सड़क निवासी रिहान पुत्र राजू ड्राइवर त्रिलोकी नाथ के साथ लोडर लेकर कही जा रहा था। पाल चौराहा वाईपास आजाद ईंट भट्ठा के सामने लोडर खराब हो गया। इससे लोडर को साइड में खड़ा कर दोनों लोग नीचे खड़े थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने लोडर में टक्कर मारते हुए रिहान को चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने मृत घोषितकर दिया। पुलिस से मिली सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये।

# चित्रकूट में कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से कटा

संवाददाता,मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लगातार बारिश के बाद ओहन बांध लबालब भर चुका है पर अब तक उसके फाटक खोले नहीं गए। नतीजतन माराचंद्रा के गांवों ऊंची,डोबहरा, उमरहन, गड़वारी की चार हजार से ज्यादा की आबादी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों शंकर, कोमल, रामसंवारे, बालगोविंद, मीना देवी आदि ने आरोप लगाया कि उन्होंने हर अफसर, जनप्रतिनिधि से दुखड़ा रोया और प्रार्थनापत्र दिए पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। भारी जलभराव के चलते कोई वाहन नहीं आ जा पा रहा है।

उन्होंने जिम्मेदारों से समस्या का निराकरण किए जाने की गुहार की है। वहीं तरौंहा निवासी दादूराम का घर बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया। इससे उसका घर गृहस्थी का सामान बरबाद हो गया।

उसका लगभग 25 क्विंटल भूसा भी बह गया। इससे उसके पास मवेशियों को खिलाने तक में दिक्कत हो रही है।

### अप्रोच रोड का हिस्सा पानी में समाया, आवागमन बाधित

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कल्याणपुर से धारकुंडी आश्रम (मध्य प्रदेश) को जोड़ने वाले मार्ग की निर्माणाधीन पुलिया की मिट्टी बह गई। अप्रोच रोड का काफी हिस्सा बह जाने से रपटे से राहगीर आवागमन को मजबूर हो रहे हैं। उधर, ठेकेदार रामबाबू गुप्ता ने बताया कि पुल निर्माणाधीन है। बताया कि निर्माण कार्य अभी चल ही रहा था। मिट्टी डलवाई गई थी। इस बार बारिश समय से पहले हो गई जिससे अप्रोच की मिट्टी बह गई है। इसे जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

## कर्ज के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** लगभग ढ़ाई दशक से रोजगार के सिलसिले में कस्बे में रह रहे अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मृतक के पुत्र ने अपने पिता पर काफी कर्ज होने के चलते दो तीन दिन से मानसिक तनाव में रहने की बात कही है।

मूलरूप से महोबा के डहर्रा निवासी सुरेश कुमार धुरिया (42) पुत्र बसंता लगभग ढाई दशक से मोहल्ला फत्तेपुर में रहते थे। रविवार सुबह घर के छपरा में रस्सी के सहयोग से फांसी लगा ली, जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# रामायण विश्वविद्यालय ने 200 शिक्षाविदों का किया सम्मान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित वेदांतर्ष 2025 में देश अलग-अलग हिस्सों से आये शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तकरीबन 200 से अधिक शिक्षकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

अयोध्या के प्रतिष्ठित होटल के सभागार में आयोजित एक दिवसीय वेदांतर्ष 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति भानु प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षाविदों के साथ विमर्श से आने वाले समय में विद्यार्थियों के यूनिवर्सिटी के माध्यम से कुछ नया और बेहतर भी करेंगे।

मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ ने कहा कि रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या को उच्चस्तरीय शिक्षा का केंद्र बनाएगा और रामायण आधारित शोध में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स डॉ. रतीश गुप्ता ने इस कार्यक्रम में आये हुए सभी शिक्षाविदों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



रामायण विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

# आईएसआई के संपर्क में था छांगुर बाबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एटीएस की जांच में धर्मांतरण गिरोह के सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। बाबा ने अपने धर्मांतरण के नाम से खड़े किये गये नेटवर्क का प्रयोग कर आईएसआई से सीधा संपर्क साध चुका था। इसके लिए नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंट के साथ गोपनीय बैठक भी हुई थी। यह जानकारी मिलने के बाद एटीएस छांगुर बाबा से जुड़े नेपाल नेटवर्क के लोगों की कुंडली तैयार करनी शुरू कर दी है।

एटीएस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की चौकाने वाली सच्चाई सामने आ रही है। धर्मांतरण के गिरोह से शुरू हुआ मामला अब आईएसआई कनेक्शन, राष्ट्र विरोधी साजिश तक पहुंच गया है।

छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था। छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया उसी का प्रयोग कर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साध चुका था। नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक भी हुई थी। इस बारे में एटीएस पूरी डिटेल खंगाल रही है। छांगुर बाबा की रिमांड 16 जुलाई तक है। एटीएस पाकिस्तानी कनेक्शन के साक्ष्य जुटाकर पूछताछ भी करेगी। ताकि उसके देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की पुष्टि हो सके।

### रची थी आईएसआई एजेंटों से निकाह की साजिश

छांगुर बाबा ने साजिश रच डाली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं का धर्मांतरण कराया जाए। फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटों और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए। ताकि महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था। छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था। छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी। बीते तीन वर्षों में एक हजार से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए नकद भुगतान दिया गया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**इकदिल इटावा।** थाना क्षेत्र सिक्स लेन हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास शनिवार की रात को तेजी से आ रहे किसी वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गए। इस हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई जबकि भतीजा गंभीर अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने चाचा राजेश को मृत घोषित कर दिया। और भतीजा की गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मृतक के चचेरे भाई सुनील शर्मा ने बताया भाई दो भाइयों में घर के छोटा था। उनके मौत के बाद बड़ी बेटी मोहनी 17 साल,अंजली 15 साल और रिया 12 के साथ बेटा अर्पित आठ वर्ष और पत्नी पूनम देवी व माँ रेशमा देवी का रो रोकर हाल बेहाल हैं। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल की हालत भी गंभीर बताई गई है।

# लम्बित फाइलों के बोझ से नहीं प्रभावित होंगी भावी योजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में कौशल विकास मिशन की भावी योजनाएं लम्बित फाइलों के बोझ से प्रभावित नहीं होंगी। विभाग केंद्र की मंशा को अमली जामा पहनाने में जुट गया है। ऐसे में कौशल विकास मिशन से ट्रेंड 75 प्रतिशत युवाओं को राज्य में ही नौकरी दिलाने की तैयारी है।

दरअसल, अभी तक ट्रेनिंग पार्टनर दूसरे राज्यों में इन युवाओं को नौकरी दिलाते हैं। ऐसे में रोजगार पाने वाले युवा विभिन्न कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं या नहीं उसका सत्यापन करना कठिन होता है। अब प्रदेश में ज्यादातर युवाओं को रोजगार दिलाकर जिलाधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा। यही नहीं अभी तक न्यूनतम नौ हजार रुपये मानदेय दिया जाता है और अब इन कुशल कर्मियों को 12 हजार रुपये न्यूनतम मानदेय मिलेगा। योजनाओं को नया कलेवर देने के तहत बाजार की मांग के अनुरूप नए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन युवाओं को विदेश में नौकरियां दिलाएगा। यही नहीं नौकरी पाने वाले युवाओं के हितों का संरक्षण भी करेगा। विदेश मंत्रालय की रिक्रूटिंग एजेंसी (आरए) के माध्यम से रोजगार दिलाएगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने इस मिशन के गठन की तैयारियां तेज कर दी हैं। इजरायल में युवाओं को नौकरी दिलाने के बाद अब जर्मनी व जापान में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**होगी मरम्मत** औरैया और जालौन के निवासियों को लगाना होगा 30 किमी का चक्कर

# कल से बंद हो जाएगा यमुना पुल पर यातायात

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 15 जुलाई से यमुना नदी पुल पर यातायात बंद हो जायेगा। इससे औरैया और जालौन के लोगों को 30 किमी. तक का लंबा सफर तय कर गंतव्य तक पहुंचना होगा। पुल को बंद कर करीब एक महीने तक मरम्मत का काम चलेगा। पुल बंद के बाद भी लोग पैदल निकल सकेंगे। जबकि छोटे बड़े वाहनों को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे या भोगनीपुर के रास्ते से आना-जाना होगा। इससे औरैया शहर आने वाले लोगों को करीब 30 किमी का अतिरिक्त चक्कर पड़ेगा।

शेरगढ़ घाट स्थित यमुना नदी पुल पर भारी ओवरलोड वाहनों के आवागमन से पुल क्षतिग्रस्त हुआ था। जिस पर नवंबर 2022 में लोनिवि ने भारी वाहनों पर रोक लगा दी थी। मरम्मत के बाद जुलाई 2023 में भारी वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया था। भारी वाहनों के निकलने से पुल फिर से क्षतिग्रस्त होने लगा है। इसके बाद 15 दिसंबर 2023 को पुल पर फिर से भारी वाहनों पर रोक लगा दी थी। पुल पर भारी वाहन प्रवेश न कर सकें, इसके लिए दस फीट आठ इंच का हाईटगेज लगा दिया गया था। इससे ओवरलोड वाहनों का आना बंद हो गया था, लेकिन 23 जुलाई 2024 को आए आईआईटी के प्रोफेसर अंजनी कुमार की टीम ने पुल की जांच की थी। इसमें आठ बेयरिंग खराब मिली थीं। कई जगह पुल के पीयर चटके मिले थे। इस पर लोनिवि ने फरवरी 2025 में मरम्मत का एस्टीमेट तैयार किया था। इसके लिए शासन से 450.67 लाख स्वीकृत हुए थे। बाद में पिछले महीने से मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया था। अब इसमें बेयरिंग बदलने का काम बचा है। यह कार्य तभी संभव होगा, जब पुल पर आवागमन बंद किया जाएगा। इसे लेकर डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व जालौन डीएम राजेश पांडेय व औरैया एसपी अभिजीत आर शंकर व जालौन एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने यमुना नदी पुल का निरीक्षण किया। और निर्णय लिया कि 15 जुलाई से 14 अगस्त तक पुल को छोटे-बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा।



यमुना नदी पुल का होता निर्माण कार्य। अमृत विचार

## निजीकरण के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर होगा आंदोलन

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज करने की कवायद तेज हो गई है।

फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे और सेक्रेटरी जनरल पी. रथनाकर राव ने बताया कि फेडरेशन की संघीय परिषद (फेडरल काउंसिल) की बैठक में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में बिजली वितरण के निजीकरण और टैरिफ-आधारित कंपीटीटिव बिडिंग के माध्यम से ट्रांसमिशन प्रणाली के निजीकरण के मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

# सफारी पहुंचे घायल तेंदुए का इलाज शुरू

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क पहुंचे सलाहकार डॉ. सीएन भुवा ने वन्यजीवों की सेहत देखी और बीमार तेंदुए के इलाज के बारे में भी जानकारी ली। सफारी में 25 मई को सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, पीलीभीत के बीसलपुर के गावं पंडरी से एक मादा तेंदुआ शावक घायलावस्था में रेस्क्यू किया गया था। वह पिछली टांगों पर खड़ा होने में असमर्थ था। उसे शनिवार को इटावा सफारी लाया गया और यहां उसका इलाज किया जा रहा है।

इस तेंदुए का प्राथमिक इलाज पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डॉक्टरों ने किया लेकिन बेहतर इलाज के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव व मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक के निर्देशों पर 12 जुलाई को इटावा सफारी लाया गया है। डॉ. भुवा के सफारी पार्क के वन्य जीवों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफारी पार्क के उप निदेशक डा. विनय कुमार सिंह, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह के साथ डा. रॉबिन सिंह यादव, डा. शैलेंद्र कुमार, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व के वन्यजीव चिकित्सक डा. दक्ष गंगवार मौजूद रहे। डॉ. भुवा गुजरात सरकार में वरिष्ठ पशु चिकित्सक के रूप में तैनात रहे हैं। वे वर्ष 2015 से इटावा सफारी पार्क के सलाहकार है तथा सफारी पार्क में अपनी सेवाएं देने आते रहते है। उन्होंने इटावा सफारी पार्क में वास कर रहे वन्यजीवों के स्वास्थ्य एवं व्यवहार को देखा तथा जरूरी सुझाव दिए।



सफारी में वन्यजीव को देखते डॉ. सीएन भुवा। अमृत विचार

- पीलीभीत से एक मादा तेंदुआ शावक घायलावस्था में लाया गया
- पिछली टांगों से खड़ा होने में असमर्थ था तेंदुआ

# वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने 'लिविंग रूट ब्रिज' के लिए यूनेस्को की मान्यता के प्रयासों का किया समर्थन

शिलांग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के 'लिविंग रूट ब्रिज' को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के प्रयासों के प्रति पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है। सीतारमण ने मान्यता के लिए नामांकन को बहाल करने और सामुदायिक सहभागिता एवं अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से प्रस्ताव को मजबूत करने के लिए हाल में जमीनी स्तर पर हुई प्रगति की सराहना की। 'लिविंग रूट ब्रिज' ऐसा पुल होता है, जो पेड़ों की जड़ों से तैयार किया गया जाता है।


मेघालय के सीज गांव में जीवित जड़ों से बने पुल का दौरा करतीं निर्मला सीतारमण।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक मान्यता न केवल पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करेगी, बल्कि दूसरों को स्थानीय ज्ञान पर आधारित स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। शनिवार को सीज गांव में लिविंग रूट ब्रिज की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि मान्यता दिखावे के लिए नहीं, बल्कि दुनिया को यह दिखाने के लिए है कि आपने यह काम पहले किया था। आपके तरीके न केवल प्रभावी हैं, बल्कि उन्हें दोहराया भी जा सकता है।

खासी और जयंतिया समुदायों द्वारा पीढ़ियों से हस्तनिर्मित ये प्राकृतिक, जैव-इंजीनियरिंग संरचनाएं प्रकृति और मानवीय नवाचार के बीच एक दुर्लभ सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये पुल ज्यादातर मेघालय के दक्षिणी ढलानों पर बांग्लादेश सीमा की ओर पाए जाते हैं। मेघालय ने पहली बार 2018 में यूनेस्को को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें 'लिविंग रूट ब्रिज' को सांस्कृतिक परिदृश्य की श्रेणी के तहत विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया गया था। राज्य सरकार और संरक्षण विशेषज्ञों द्वारा समर्थित इस प्रस्ताव में इन जीवंत संरचनाओं के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, प्रक्रियागत आवश्यकताओं, व्यापक दस्तावेज़ीकरण के अभाव और विरासत मानचित्रण प्रक्रिया में समुदाय-नेतृत्व वाली अधिक भागीदारी की आवश्यकता के कारण नामांकन में देरी हुई।

### केंद्रीय वित्तमंत्री ने ईस्ट खासी हिल्स जिले के गांव सोहबर का भी किया दौरा

केंद्रीय वित्त मंत्री ने गांव के बुजुर्गों, स्थानीय नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान (पीईएस) कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीईएस कार्यक्रम विश्व बैंक, केएफडब्ल्यू और एडीबी द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसका उद्देश्य यह समझना है कि किस प्रकार मूल समुदायों द्वारा पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान को संरक्षित और नवप्रवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने ईस्ट खासी हिल्स ज़िले के सीमावर्ती गांव सोहबर का भी दौरा किया। वित्त मंत्री ने कहा, "सोहबर जैसे सीमावर्ती गांव भारत का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत हैं।" सोहबर मेघालय के उन 92 गांवों में से एक है जिन्हें 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण के तहत चुना गया है। वित्त मंत्री रविवार को सोहरा स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल के दौरे के बाद मेघालय की अपनी चार दिवसीय यात्रा का समापन करेंगी।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है : कपिल



- बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण को लेकर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें।

पूर्व कानून मंत्री ने आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है। बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है।

### मानसून सत्र में कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने को सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वास्ते मंगलवार को अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। वहीं, कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता पतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। मसौढ़ी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ-2) कन्हैया सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए तो अधिकारी अचेत हालत में मिले जिन्हें गोली लगी हुई थी। कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अनंतनाग जिले में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। विभाग ने बताया, एनसीबी श्रीनगर जोन ने एक पूर्व आतंकवादी सहित दो प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ दक्षिण कश्मीर में चल रहे एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ कर लिया है। ब्यूरो ने आठ और नौ जुलाई को अनंतनाग जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया था। इसमें कहा गया है, अभियान में 28 किलो अफीम का चूरा (पोस्त) जब्त किया गया और शब्बीर अहमद तथा मोहम्मद अमीन इन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शब्बीर अहमद के परिसर से लगभग 11 किलोग्राम पोस्त बरामद किया गया।

# दिल्ली में कांवड़ मार्ग पर कांच के टुकड़े मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पता लगाने की हो रही कोशिश

दिल्ली पुलिस ने शाहदरा के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) और झिलमिल कॉलोनी इलाकों में सड़कों पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के बाद मामला दर्ज किया है। ये दोनों इलाके कांवड़ यात्रा मार्ग पर हैं।

अधिकारियों के मुताबिक रविवार को सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है ताकि पता लग सके कांच किसी क्षतिग्रस्त वाहन का था या बदमाशों ने फेंका था। सीमापुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह घटना तब प्रकाश में आई, जब दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह मामला उठाया। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि कार्रवाई होगी। इसके बाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लाईओवर के पास तथा आसपास के कांवड़ शिविरों में गश्त की।

# जांच को नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

## आईआईएम-कलकत्ता में दुष्कर्म का मामला

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रबंध संस्थान-कलकत्ता में एक विद्यार्थी के महिला से दुष्कर्म करने के मामले की जांच को पुलिस ने नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस दल का नेतृत्व दक्षिण-पश्चिमी प्रभाग के एक सहायक आयुक्त कर रहे हैं। घटना शुक्रवार को आईआईएम-कलकत्ता के छात्रावास की है। आरोपी विद्यार्थी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां की एक अदालत ने विद्यार्थी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### महिला के पिता का दावा ऐसी कोई घटना नहीं हुई

पीड़ित महिला के पिता ने कहा कि वहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इस दावे के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। महिला के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में यह सब चोटें आई हैं। मुझे शुक्रवार को रात 9.40 बजे बेटी का फोन आया। उसने बताया कि वह गाड़ी से गिर गई और बेहोश हो गई, साथ ही उसे चोट भी लगी है। बाद में मुझे पता चला कि वह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। मेरी बेटी द्वारा मुझे बताए गए विवरण के अनुसार, पुलिस जो दावा कर रही है वैसा कुछ भी नहीं हुआ है।

### छात्रों की चिंताओं को दूर करने को उठा रहे कदम

भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता ने रविवार को कहा कि वह अपने परिसर में महिला के यौन उत्पीड़न के मद्देनजर छात्रों के साथ बातचीत कर रहा है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहा है। आईआईएम-कलकत्ता ने कानूनी कार्यवाही का हवाला देकर विवरण साझा करने से इनकार कर दिया है।

## भारत का नियाग्रा


मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित चित्रकोट जलप्रपात अपनी पूर्ण भव्यता में नजर आया। इसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है, यह इन दिनों पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। एजेंसी

# खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हालत बेहद गंभीर है और वह 95% तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था और 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पीड़िता की हालत में सुधार नहीं है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा, पीड़िता के शरीर का 95% हिस्सा झुलस गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हैं। वह वर्तमान में आईसीयू में है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सरकार छात्रा के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित कर रही है। अस्पताल प्रशासन ने उसकी हालत को बेहद गंभीर बताया है।

### एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

यौन उत्पीड़न की घटना के बाद कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की घटना पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। बालासोर में कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह को बेहद परेशान करने वाली घटना बताते हुए, आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओडिशा के डीजीपी से निष्पक्ष और समयबद्ध'' तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा है।

### राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

ओडिशा विस में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बालासोर कॉलेज में छात्रा द्वारा आत्मदाह के प्रयास को बेहद दुखद बताया और रविवार को राज्यपाल से हस्तक्षेप कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। पटनायक ने एक्स पर कहा, ओडिशा में छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश दुखद है। प्राचार्य को लिखे पत्र में छात्रा ने कहा था कि उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, उसे बचा लिया गया था।

# नई विशेष पीएमएलए अदालतें मुकदमों में तेजी लाएंगी : ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने रविवार को कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में काफी तेजी आएगी। संघीय एजेंसी ने कहा, तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें हैं।

- तेलंगाना में 16 और राजस्थान में पांच विशेष अदालतें अधिसूचित

राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है, जिसमें जोधपुर के लिए एक अदालत भी शामिल है। ईडी के अनुसार, उन राज्यों में अदालतों को अधिसूचित किया गया है, जहां ऐसे न्यायिक मंचों की संख्या अपर्याप्त थी, जिसके कारण मुकदमे की कार्यवाही में विलंब हो रहा था। बयान में कहा गया है, इन विशेष अदालतों के जुड़ने से प्रवर्तन निदेशालय पीएमएलए मामलों में कार्यवाही में उल्लेखनीय तेजी ला सकेगा।

# मराठी विरोधी टिप्पणी पर शिवसेना (उबाठा) ने की ऑटो चालक से मारपीट, वीडियो वायरल

पालघर, एजेंसी

- पुलिस ने कहा- अब तक शिकायत नहीं मिली, इसलिए मामला दर्ज नहीं हूआ है

महाराष्ट्र के पालघर जिले में ऑटो चालक से शिवसेना (उबाठा) कार्यकर्ताओं द्वारा मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए मारपीट करने का वीडियो सामने आया है, जिससे राज्य में भाषा के मुद्दे पर विवाद और बढ़ गया है।

पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। शिवसेना (उबाठा) के स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पालघर के विरार इलाके में रहने वाले प्रवासी ऑटो चालक ने मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो भी पहले वायरल हुआ था, जिस पर सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीतिक समूहों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी थीं। शनिवार को सामने आए नए वीडियो में देखा गया कि शिवसेना (उबाठा) का समूह, जिसमें महिलाएं भी थीं, व्यस्त सड़क पर चालक को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है, बाद में उसे उस व्यक्ति और उसकी बहन से माफी मांगने को कहा गया। घटनास्थल पर मौजूद शिवसेना (उबाठा) की विरार शहर इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने बाद में इस कार्रवाई को उचित ठहराया।

## कारोबार/कृषि

# तिमाही नतीजे बाजार पर डालेंगे प्रभाव

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी होगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

घटनाक्रमों से भरे आगामी सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम और मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार को दिशा मिलेगी।



- वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां करेंगी प्रभावित

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी अलमंड्ज ग्लोबल के वरिष्ठ इक्विटी शोध विश्लेषक सिमरनजीत सिंह भाटिया ने कहा, वैश्विक संकेतक घरेलू शेयर बाजार का रुख तय करते रहेंगे, लेकिन निवेशकों की निगाह भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के संभावित नतीजों पर रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसे में कुल मिलाकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस अनिश्चित माहौल में कारोबारी कोई बड़ा सकारात्मक दांव लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता और तिमाही नतीजों के सीजन की निराशाजनक शुरुआत थी। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11% नीचे आया। वहीं एनएसई का निफ्टी 311.15 अंक या 1.22% टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे देखें तो कंपनियों का तिमाही नतीजों का सत्र महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियों के तिमाही के नतीजे आने हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार भागीदारों की निगाह 14 जुलाई को आने वाले थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

### शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274% से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81% की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474% की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274% बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# व्यापक आर्थिक भागीदारी: व्यापार का नया युग

बात काम की



व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) बहुपक्षीय व्यापार समझौता है, जिसे 15 एशिया-प्रशांत देशों ने 2020 में हस्ताक्षरित किया। इसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, सेवा, बौद्धिक संपदा और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसमें आसियान देशों के साथ चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। भारत शुरू में वार्ता में शामिल था, 2019 में कुछ चिंताओं के कारण इससे हट गया। आरसीईपी वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव गहरे हैं।

### क्या है आरसीईपी

आरसीईपी एक महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, जिसमें विश्व की लगभग 30% जनसंख्या और वैश्विक जीडीपी का 30% हिस्सा शामिल है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच टैरिफ कम करना, व्यापार को आसान बनाना और आर्थिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना है। आरसीईपी विश्व का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता माना जाता है।

### वैश्विक स्तर पर महत्व

- यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र को एकीकृत कर वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूत करता है।
- चीन, जापान और द. कोरिया जैसे देश एक मंच पर आते हैं, जो निवेश-तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देता है।
- आरसीईपी से सदस्य देशों को नई बाजार पहुंच, निवेश के अवसर और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि मिलती है।

### भारत का दृष्टिकोण

भारत ने घरेलू उद्योग, कृषि, डेयरी, और चीन से बढ़ते आयात की आशंका को देखते हुए इसमें शामिल न होने का फैसला किया। भारत को डर था कि आरसीईपी से चीनी वस्तुओं का बाजार में बाढ़ आ सकती है और घरेलू उत्पादक क्षमताओं को नुकसान हो सकता है।

### संभावित लाभ

- सदस्य देशों के लिए टैरिफ में कटौती से व्यापार में वृद्धि।
- निवेश प्रवाह और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- संपत्ति अधिकार, ई-कॉमर्स और सेवा क्षेत्र में सुधार की संभावना।
- क्षेत्रीय स्थिरता और राजनीतिक सहयोग को बल।

# छोटी, मझोली इकाइयां भी देती हैं अच्छा रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।



- मिड और स्मॉलकैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम

उनका कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। सेबी के अनुसार, शीर्ष 100 कंपनियों को लार्ज, 101 से 250 कंपनियों को मिड और 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है। जहां लार्जकैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 20,000 करोड़ या उससे अधिक होता है, वहीं मिडकैप का 5,000 से लेकर 20,000 करोड़ के बीच और छोटी कंपनियों की बाजारी पूंजी 5,000 करोड़ से कम होता है। हाल में मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव से निवेशकों को नुकसान हुआ है। कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा होगा, तो निराशा हाथ लगती है।

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाएं राज्य : कृषि मंत्री चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री पर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है।



- केंद्रीय मंत्री ने नकली और घटिया उत्पादों का परीक्षण करने को कहा

उन्होंने कहा, पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और दोषसिद्धि के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने से जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में 6% की गिरावट आई, जबकि रूस



- भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का किया आयात

से आयात में मासिक आधार पर 8% की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शोध संस्थान ने कहा कि रूस से किए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2% की गिरावट है। सऊदी अरब से आयात 5,81,000 बैरल प्रतिदिन (मई से अपरिवर्तित) रहा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात 6.5% बढ़कर 4,90,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

# भारत की लड़खड़ाती पारी को केएल राहुल का सहारा

## इंग्लैंड के 193 रनों के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम ने 58 रन पर गंवा दिए चार विकेट

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत को जीत के लिए 193 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में भारतीय टीम ने स्टंप तक 58 रन पर चार विकेट गंवा दिए। केएल राहुल दिन का खेल खत्म होने तक 33 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने दो विकेट झटके जबकि जोफ्रा आर्चर और कप्तान बेन स्टोक्स को एक एक विकेट मिला। इंग्लैंड की दूसरी पारी 192 रन पर सिमट गई जिसमें भारत के लिए स्पिन आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने 22 रन देकर चार विकेट झटके। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने दो दो जबकि नीतिश कुमार रेड्डी और आकाशदीप ने एक एक विकेट हासिल किया। इंग्लैंड ने सुबह बिना विकेट गंवाए दो रन से आगे खेलना शुरू किया। उसके लिए पहली पारी के शतकवीर जो रूट ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। इंग्लैंड और भारत दोनों ने पहली पारी में 387 रन बनाए थे।

इससे पहले चायकाल के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को बोल्ड कर अपना तीसरा विकेट झटका। इसके बाद ब्राइडन कार्स (एक) और क्रिस वोक्स (10) बुमराह का शिकार बने। 63वें ओवर की पहली गेंद पर सुंदर ने शोएब बशीर (दो) को बोल्ड कर इंग्लैंड की


तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को बल्लेबाजी करते समय आकाश दीप चूक गए। ● एजेंसी

दूसरी पारी का 192 के स्कोर पर अंत कर दिया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप (एक-एक विकेट) ने सुबह के सत्र में लंच तक इंग्लैंड के 98 के स्कोर पर चार विकेट झटक लिये थे। दूसरे सत्र में भारतीय टीम को दो महत्वपूर्ण विकेट मिले और यह सब वॉशिंगटन सुंदर की बदौलत था।

उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और रफ का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड के दो महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को आउट किया। हालांकि अन्य गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी भले ही की, लेकिन विकेटों के लिए जूझते रहे। सुंदर ने आक्रमण पर आने के बाद जो रुट (40) और फॉर्म में चल रहे जेमी स्मिथ (8) को बोल्ड किया। चायकाल के समय कप्तान बेन स्टोक्स 27 और क्रिस वोक्स आठ रन बनाकर क्रीज पर हैं।

जैक क्रॉली और बेन डकेट की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया। अभी टीम का स्कोर 20 रन पहुंचा था कि मोहम्मद सिराज ने बेन डकेट (12) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

**इंग्लैंड पहली पारी: 387 रन**
**भारत पहली पारी: 387 रन**

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**192/10** (62.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली का जायसवाल बो रेड्डी | 22 |
| बेन डकेट का बुमराह बो सिराज | 12 |
| ओली पोप पगबाधा बो सिराज | 04 |
| जो रूट बो सुंदर | 40 |
| हैरी ब्रुक बो आकाशदीप | 23 |
| बेन स्टोक्स को सुंदर | 33 |
| जैमी स्मिथ बो सुंदर | 08 |
| क्रिस वोक्स बो बुमराह | 10 |
| ब्राइडन कार्स बो बुमराह | 01 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 05 |
| शोएब बशीर बो सुंदर | 02 |

गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 16-3-38-2, मोहम्मद सिराज 13-2-31-2, नीतिश कुमार रेड्डी 5-1-20-1, आकाशदीप 8-2-30-1, रविंद्र जडेजा 8-1-20-0, वाशिंगटन सुंदर 12.1-2-22-4

### भारत दूसरी पारी

**192/10** (62.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो आर्चर | 00 |
| केएल राहुल खेल रहे हैं | 33 |
| करुण नायर पगबाधा बो कार्स | 14 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो कार्स | 06 |
| आकाशदीप बो स्टोक्स | 01 |

**गेंदबाजी** : क्रिस वोक्स 5-2-11-0, जोफ्रा आर्चर 4-0-18-1, बेन स्टोक्स 4.4-0-15-1, ब्राइडन कार्स 4-1-11-2

### मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए पंत: राहुल

**लॉर्ड्स** : भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुये। मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा, "यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फ़ील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता।" उन्होंने कहा, "जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

## एक नजर


लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पोलैंड की इगा स्वियाटेक के खिलाफ महिला एकल फाइनल मैच हारने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा अपनी निराशा को छिपा नहीं पाईं।

### भारतीय शतरंज प्रतिभा ने फिडे विश्व कप में चमक बिखेरी

**नई दिल्ली** : भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु और लिंग वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। भारतीय दल ने चुनौती का डटकर सामना किया और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब और चार अतिरिक्त पोडियम स्थान हासिल किए। एआईसीएफ सचिव देव पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और कौशल को दर्शाता है।

### पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**लुसार्ने (स्विट्जरलैंड)** : नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे पोलैंड ने शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहे पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया। सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं।

### ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली** : भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका, जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में छह निशाने चूक गए, जिससे उन्हें पोडियम पर पहुंचने का मौका गंवाना पड़ा।

### मोनाको डायमंड लीग में साबले को 'मामूली चोट' लगी : कोच

**नई दिल्ली** : अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए। दौड़ से बाहर निकलते समय उन्हें घुटने के पिछले हिस्से से अपनी जांघ के निचले हिस्से को पकड़े हुए देखा गया। पुणे स्थित सैन्य खेल संस्थान में कार्यरत कुमार ने बताया साबले को घुटने के आसपास मामूली चोट लगी है। वह आराम करेंगे और एक या दो हफ्तों में ठीक हो जाएंगे।

# क्रॉली ने समय बर्बाद करने का बेहतरीन नमूना दिखाया : वॉन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके द्वारा अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था।



तीसरे दिन के खेल के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं फेंक पाया जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत के 387 रन पर आउट होने के बाद मेहमान टीम के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था लेकिन क्रॉली के चोट का बहाना बनाने और जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार गेंद खेलने से पीछे हट जाने की रणनीति के कारण देरी हुई। भारत को इससे सिर्फ एक ओवर फेंकने का मौका मिला जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन बनाए। वॉन ने 'बीबीसी' के टेस्ट मैच स्पेशल पॉडकास्ट में कहा यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि कल गिल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था - (लोकेश) राहुल मैदान से बाहर थे और वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाते। वॉन ने कहा कि यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा मामला है।

# भारतीय महिला टीम का शृंखला पर कब्जा

● शेफाली के अर्धशतक के बावजूद अंतिम टी20 में हारा भारत, सीरीज 3-2 से जीती

बर्मिंघम, एजेंसी



बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांचवें महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट मैच में सीरीज जीतने के बाद टीम के साथियों के साथ ट्रॉफी उठाए भारत की श्री चरणी। ● एजेंसी

इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 शृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि शृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई।

# कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस महिला युगल चैंपियन बनीं

**लंदन** : वेरोनिका कुदेरमेटोवा और एलिस मेर्टेंस की जोड़ी ने रविवार को विम्बलडन महिला युगल के फाइनल में हसीह सु-वेई और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। कुदेरमेटोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनी है जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विम्बलडन युगल खिताब है।


रूस की वेरोनिका कुदेर्मेतोवा (दाएं) और बेल्जियम की एलिस मेर्टेंस मैच के दौरान सर्विस तैयार करती हुईं। ● एजेंसी

कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विंबलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी पर फिर शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। कुदेरमेटोवा ने कहा मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिये। और अब यह मेरा है।

### इवानोव ने कार्की को हराकर जूनियर खिताब जीता

**लंदन** : बुल्गारिया के इवान इवानोव ने रविवार को यहां विंबलडन जूनियर फाइनल में अमेरिका के रोनित कार्की को 6-2, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

सोलह वर्षीय इवानोव 2008 में ग्रेगर दिमित्रोव के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे बुल्गेरियाई खिलाड़ी बने। कार्की के खिलाफ उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 22 विनर लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने छह विनर लगाए। कार्की 2014 में नोआ रुबिन के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले क्वालीफायर बनने की कोशिश कर रहे थे।


जमैका के सबीना पार्क में तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज के एंडरसन फिलिप ने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को हवा में उड़ते हुए कैच आउट किया। ● एजेंसी

## फीफा ने खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा की

**ज्यूरिख** : फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है।

फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुईं। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ियों के संघ ने कहा था एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और फुटबॉल की शासी निकाय के अन्य अधिकारियों ने न्यूयॉर्क में दुनिया भर के खिलाड़ियों के संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। फीफा ने चर्चाओं को 'प्रगतिशील' करार देते हुए कहा खिलाड़ियों का स्वास्थ्य 'सर्वोच्च प्राथमिकता' है।

# मुक्केबाजी संघ चुनावों में देरी का पता लगाने के लिए समिति गठित

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने जांच की जिम्मेदारी सहदेव यादव को सौंपी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है।

शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं। आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं। आदेश में कहा गया कि यह समिति 'बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति 'विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि 'विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके।' इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि 'विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें।

## हरिकृष्णन भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने

**नई दिल्ली** : चौबीस साल के हरिकृष्णन ने शुक्रवार को फ्रांस के ला प्लेन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया।

श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। कोच श्याम सुंदर मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। ये उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 225 रन पर समेटा

किंगस्टन (जमैका), एजेंसी

शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग आठ जबकि कप्तान रोस्टन चेज तीन रन बनाकर खेल रहे थे।

वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर चार


ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ शॉट लगाते हुए। ● एजेंसी

विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर तीन विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सैम कोन्सटास (17) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर 50 रन बनाए। उन्हें ग्रीव्स ने पगबाधा किया। दूसरे सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (23) और कैमरन ग्रीन (46) के विकेट गंवाकर स्कोर तीन विकेट पर 138 रन तक पहुंचाया। तीसरा सत्र हालांकि वेस्टइंडीज के नाम रहा और उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सात विकेट 68 रन पर चटकाए। स्टीव स्मिथ 48 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे।

# सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन डिब्बों में लगाए जाएंगे कैमरे

नई दिल्ली, एजेंसी



● हर डिब्बे में चार, इंजन में उच्च गुणवत्ता के छह कैमरे लगेंगे

रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि यात्रियों की सुरक्षा बढाने के लिए सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रत्येक डिब्बे में चार और इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध कराएंगे। रेलवे के अनुसार यात्री डिब्बों में कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। कैमरे लगने के बाद अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी जो यात्रियों का फायदा उठाते हैं।

यात्रियों की निजता को कायम रखने के लिए कैमरे दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को एक बैठक में इंजनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की है।

## वकीलों को ईडी के तलब करने पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह मामला ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब करने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी न करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

## क्यों इतनी लंबी खिंचती है...

# विमान दुर्घटना की जांच

विमान दुर्घटनाओं की जांच एक बेहद जटिल और तकनीकी प्रक्रिया है जो अंतरराष्ट्रीय रूप से निर्धारित होती है। इसी कारण ऐसी जांचें आम तौर पर वर्षों तक खिंच जाती है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि यह जांच सिर्फ दुर्घटना का कारण जानने तक सीमित नहीं होती बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, जांच के बाद इसके लिए भी सिफारिशें की जाती हैं। कुछ उदाहरण जांच रिपोर्ट पर विवाद के भी हैं। इनमें एक चर्चित विवाद बोइंग के अनधिकृत रूप से एमसीएएस सॉफ्टवेयर को लागू करने का था जिसमें खामी थी। दो हादसों के बाद इसका पता चला तो कंपनी पर 2.5 बिलियन डॉलर का जुर्माना डाला गया और उसके सीईओ को इस्तीफा भी देना पड़ा।

### ये होती है जांच की प्रक्रिया

- ब्लैक बॉक्स डेटा विश्लेषण : क्रैश साइट से ब्लैक बॉक्स निकालना, डेटा रिकवर कर उसे डीकोड करना, इसमें काफी समय लगता है। आवाज और उड़ान संबंधी हर डेटा की बारीकी से जांच होती है।
- मलबे की फॉरेंसिक जांच : विमान के टुकड़ों की संरचना, जले हिस्से, इंजन आदि की जांच की जाती है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई तकनीकी खराबी थी या विस्फोट हुआ।
- सावधानी की जरूरत : मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, पायलट ट्रेनिंग, मेडिकल रिकॉर्ड जैसे सभी पहलुओं की जांच होती है। जांच के निष्कर्षों का सुबूत के तौर पर अदालतों में भी इस्तेमाल होता है।
- एजेंसियों में समन्वय : एयरलाइन, विमान निर्माता, इंजन निर्माता, स्थानीय अथॉरिटी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की जांच में सहभागिता होती है, इनके समन्वय में भी समय लगता है।



### जांच के प्रमुख बिंदु

- मानव त्रुटि, थकान, प्रशिक्षण के बिंदुओं पर पायलट की भूमिका की जांच।
- इंजन, कंट्रोल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि तकनीकी पहलुओं पर फोकस।
- मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, संवाद, समय और निर्देशों का विश्लेषण।
- मलबे की स्थिति, ब्लैक बॉक्स डेटा, अलार्म और कंट्रोल मूवमेंट की स्थिति।
- मेंटीनेंस रिकॉर्ड, हालिया मरम्मत, टक्कर, आग और विस्फोट के संकेत।

### ये एजेंसियां होती हैं शामिल

भारत की डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और यूरोप की यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी। जांच के लिए एयरबस बोइंग, रोल्स रायस जैसी निर्माता कंपनियां भी अपने इंजीनियर भेजती हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर, मौसम विशेषज्ञ, मानव व्यवहार विशेषज्ञ भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करने के लिए आईसीएओ के पर्यवेक्षक शामिल होते हैं।

### ऐसे होती है रिपोर्ट तैयार

जांच रिपोर्ट के मसौदे में हादसे का विस्तृत विवरण, जांच में पाए गए तथ्य, संभावित कारण और सुरक्षा के सुझाव शामिल होते हैं। इसे आईसीएओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों और दूसरे संबंधित पक्षों को भेजा जाता है। संबंधित देश, एयरलाइन और निर्माता कंपनी से भी इस पर टिप्पणी मांगी जाती है। कोई पक्ष असहमत हो तो डिसेंट नोट जोड़ा जाता है। टिप्पणियों की समीक्षा के बाद अंतिम रिपोर्ट जारी की जाती है। इसके साथ सुरक्षा सुधारों की सिफारिशें भी होती हैं जिन्हें देश की एविएशन अथॉरिटी लागू करती है।

## एक नजर

### बांग्लादेश : मुक्ति संग्राम प्रदर्शन से जुड़ा ढांचा ध्वस्त

**ढाका।** बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के युद्ध अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने की मांग को लेकर 2013 में शाहबाग में हुए विरोध प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया है। यह ढांचा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की भावना की प्रकटीकरण स्थल के रूप में उभरा था। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक यहां शाहबाग स्थित प्रोजोनमो छत्तर संरचना को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को ध्वस्त कर दिया गया। शाहबाग पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) खालिद मंसूर ने पुष्टि की कि आवास और लोक निर्माण मंत्रालय की ओर से संरचना को ध्वस्त कर दिया गया है।

### छात्रों ने विकसित किया ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

**फगवाड़ा।** सीमा पार तस्करी, निगरानी और अनधिकृत घुसपैठ के लिए ड्रोन के बढ़ते दुरुपयोग के जवाब में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के छात्रों ने एक अत्याधुनिक, एआई-संचालित ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया है। यह प्रणाली एक साधारण कैमरे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके वास्तविक समय में ड्रोन का पता लगाती है और जो महंगे रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित प्रणालियों का एक कम लागत वाला विकल्प प्रदान करती है।

### हिमाचल में ड्रग्स मामले में 5000 केस दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ढाई वर्षों में मादक पदार्थों से संबंधित पांच हजार से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं और करीब 37 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। राज्य ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण और नियंत्रण), 2025, और हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थ और नियंत्रित पदार्थ (निवारण, नशामुक्ति और पुनर्वास), 2025 नाम से दो कानून बनाए। इनमें मृत्युदंड, आजीवन कारावास और संपत्ति जब्ती सहित कठोर दंड के प्रावधान हैं।

### पाकिस्तान में नाटक समूह ने किया रामायण का मंचन

**कराची।** कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

# अटकलों के आधार पर विमान के पायलटों को बदनाम करना गलत

## पायलट एसोसिएशन ने जताया विरोध, कहा- पायलटों ने जिम्मेदारी से किया काम

मुंबई, एजेंसी

'इंडियन कॉमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन' (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एआई171 उड़ान के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने प्रशिक्षण और जिम्मेदारियों के अनुरूप काम किया। उन्हें अटकलों के आधार पर बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

एसोसिएशन ने कुछ हलकों में पायलट के आत्महत्या करने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब तक आधिकारिक जांच पूरी नहीं हो जाती और अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, कोई भी अटकलबाजी अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। 'एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने भी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग करते हुए शनिवार को दावा किया था कि हादसे की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। आईसीपीए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में 'नैरो बॉडी' वाले विमान बेड़े के पायलटों का संगठन है। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को बोइंग 787-8 विमान हादसे की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी कर दी है, जिसमें कुल 260 लोग मारे गए थे।



अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया का विमान। ● फाइल फोटो

### पायलट पर निष्कर्ष जल्दबाजी: पूर्व एएआईबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** एएआईबी के पूर्व प्रमुख अरबिंदो हांडा ने कहा कि विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट से पायलट की भूमिका के बारे में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। अंतिम रिपोर्ट में दुर्घटना के सर्वाधिक संभावित कारण का उल्लेख होगा। हांडा ने कहा, हमें एएआईबी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच पूरी करने देनी चाहिए। हांडा ने 2020 में कोझिकोड में हुई विमान दुर्घटना सहित सौ से अधिक विमान दुर्घटनाओं की जांच की है। उन्होंने कहा, एएआईबी ने अच्छा काम किया है। वे अब यह पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि ये ईंधन स्विच क्यों और कैसे हिले। क्या कोई यांत्रिक और/या विद्युत विफलता/खराबी हो सकती है।

### जांच का हिस्सा बनने के लिए कानूनी रास्ता तलाश रहा है एएलपीए

**मुंबई।** पायलटों के समूह एएलपीए-इंडिया ने रविवार को कहा कि वह एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की जांच में अपने सदस्यों को शामिल करने के लिए कानूनी सहारा लेने पर विचार कर रहा है। इससे एक दिन पहले उसने आरोप लगाया था कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-इंडिया) देश भर की एयरलाइन और हेलीकॉप्टर कंपनियों के 800 से अधिक पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) का एक सदस्य है। आईएफएएलपीए का दावा है कि 100 देशों के एक लाख पायलट इसके सदस्य हैं।

## व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने चीन पहुंचे अल्बनीज

**बीजिंग।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीजिंग की यात्रा पर हैं। अल्बनीज ने रविवार को शंघाई पार्टी के सचिव चेन जिनिंग से मुलाकात की, जो उच्च स्तरीय मुलाकात की श्रृंखला में पहली है।

● सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

इस दौरान उनका चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्विंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष झाओ लेजी के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। अल्बनीज शनिवार को शंघाई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चीन के सरकारी प्रसारक सीजीटीएन से बातचीत में कहा कि वह ''बहुत बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल'' का नेतृत्व कर रहे हैं, जो ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक एक सप्ताह की यात्रा के दौरान, अल्बनीज शंघाई और चेंग्दू में व्यापार, पर्यटन और खेल प्रतिनिधियों से मिलेंगे। वह मंगलवार को बीजिंग में सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के कई प्रमुख राजनीतिक नेता नजरबंद

श्रीनगर, एजेंसी

● मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबाबू समेत कई नेताओं ने लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर में भाजपा को छोड़कर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों के प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने रविवार को दावा किया कि 1931 में आज ही के दिन डोगरा सेना द्वारा मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने से उन्हें रोकने के लिए नजरबंद कर दिया गया। हालांकि उनके जाने के दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, 13 जुलाई का नरसंहार हमारे लिए जलियांवाला बाग है। कश्मीर भी ब्रिटिश हुकुमत का हिस्सा था। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने वाले सच्चे नायकों को आज केवल इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि दिल्ली और कश्मीरियों के बीच अविश्वास तभी खत्म होगा जब भारत कश्मीरी 'शहीदों' को अपना मानेगा। उन्होंने दावा किया, खुर्शीद आलम, जोहेब मीर, हामिद कोहशीन, आरिफ लियागरू, सारा नईमा, तबस्सुम, बशारत नसीम सहित पार्टी के कई नेता जो घरों से निकलने में कामयाब रहे, उन्हें थानों में हिरासत में लिया गया है। वे मजार-ए-शुहादा जा रहे थे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने भी दावा किया कि उन्हें अपने घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि कश्मीर अपने बेटों-बेटियों के बलिदान की दर्दनाक गाथा का गवाह है। फारूक शुक्रवार से नजरबंद हैं।

### मजार-ए-शुहादा जाने वाले सभी रास्ते सील

जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

# अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने की तैयारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



● गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने की घोषणा

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज़' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं।

नोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 100 वर्ग किमी में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था।

### ट्रंप के खिलाफ मुकदमों में शामिल रहे अभियोजक बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध की गई अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल अतिरिक्त वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि कुल कितने लोगों को बर्खास्त किया गया है, लेकिन यह कार्रवाई जैक स्मिथ द्वारा शुरू की गई गोपनीय दस्तावेज़ों और चुनाव हस्तक्षेप से जुड़ी दोनों अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है।

## इजराइली सेना के हमलों में मारे गए 110 से ज्यादा फलस्तीनी

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं।

अल जजीरा ने बताया कि ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इजराइल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने निंदा की है। गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5,000 अन्य घायल हुए हैं।

## परंपरा



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बेलिया में बंगाली महीने अषार के दौरान लोग धर्मराज मंदिर के सामने कीचड़ में लोटने के बाद तालाब में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे गठिया रोग ठीक होता है और देवता का आशीर्वाद मिलता है। एजेंसी

# इजराइल ने अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया अपना संचार उपग्रह

यरूशलम, एजेंसी



● इजराइल स्पेस एजेंसी ने अपनी महत्वपूर्ण सफलता बताया

इजराइल ने रविवार को सरकारी कंपनी इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा विकसित और निर्मित संचार उपग्रह ड्रोर-1 को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। आईएआई और इजराइल अंतरिक्ष एजेंसी (आईएसए) द्वारा जारी अलग-अलग बयानों यह जानकारी दी गई है।

इस उपग्रह को अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के ज़रिए सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। आईएसए के अनुसार इसे अगले 15 वर्षों के लिए इजराइल की संचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, चाहे वह नियमित संचालन हो या आपात स्थिति और यह देश की रक्षा प्रणाली के मिशनों में भी सहायता करेगा।

यह उपग्रह अंतरिक्ष में 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर एक निश्चित बिंदु से प्रसारण करेगा। इसका वज़न लगभग 4.5 टन है, इसके पंखों का फैलाव 17.8 मीटर है और इसमें 2.8 मीटर व्यास का एक एंटीना लगा है, जो इजराइली संचार उपग्रहों द्वारा उपयोग के लिए बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा एंटीना है। आईएसए ने कहा, 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर वाला ये प्रोजेक्ट इजराइल के लिए संचार स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## बांग्लादेश: हिंदू कबाड़ व्यापारी की हत्या में 7 गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। नौ जुलाई को हत्या के बाद हमलावरों के लाश पर नाचने से मामला चर्चा में आया था। इस घटना से पूरे बांग्लादेश में आक्रोश फैल गया था।

गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद रविवार को देशव्यापी तलाशी अभियान शुरू किया गया। बृहस्पतिवार को सामने आए वीडियो में व्यापारिक विवाद के बाद कबाड़ विक्रेता की कंक्रीट के स्लैब से हमला कर हत्या करते हुए दिखाया गया। मौत की पुष्टि के बाद हमलावर उसकी लाश पर नाचते रहे।

**पहल** पश्चिम बंगाल के दीघा में दूसरा जगन्नाथ धाम बनाए जाने और इस्कॉन के साथ विवादों के बाद सरकार ने लिया निर्णय

# जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का कॉपीराइट लेगा ओडिशा

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी के प्रतीकात्मक राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने कहा है कि राज्य सरकार ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का 'कॉपीराइट' हासिल करने की कवायद शुरू कर दी है ताकि इसकी पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा की जा सके।

विदेशों में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा भगवान जगन्नाथ के अनुष्ठानों के असामयिक आयोजन और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दीघा में स्थित एक मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' घोषित करने को लेकर भगवान जगन्नाथ के भक्तों में व्याप्त रोष के बीच देब का यह बयान आया है। भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाने वाले गजपति महाराज ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपराओं का घोर उल्लंघन है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को समुद्र तटीय शहर दीघा में एक मंदिर का उद्घाटन किया और इसे 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया, जिससे ओडिशा सरकार, पुरी गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाराज हो गए। इस्कॉन को दीघा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और देवी सुभद्रा की पूजा और अनुष्ठान करने का कार्य सौंपा गया है।

हाल ही में विदेशों में रथ यात्रा उत्सव को, पुरी में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले उत्सव से अलग तिथियों पर आयोजित करने को लेकर इस्कॉन को आलोचना का सामना करना पड़ा है। देब ने कहा, इस्कॉन द्वारा वर्ष में अनियमित समय पर रथ यात्रा और स्नान यात्रा (स्नान अनुष्ठान) निकालना और दीघा मंदिर को जगन्नाथ धाम घोषित करना दुनिया भर में भगवान जगन्नाथ के प्रत्येक भक्त के लिए अत्यंत चिंता का विषय हैं। यह हमारे पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपरा का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आपत्तियां जताए जाने के बाद, भारत में इस्कॉन ने शास्त्रों द्वारा निर्धारित तिथियों पर भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' और रथ यात्रा निकालने की स्थापित परंपरा का सम्मान करने का निर्णय लिया है।

### ममता से किया है मंदिर का नाम बदलने का आग्रह

मई में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनसे दीघा स्थित नए मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द के इस्तेमाल पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि दोनों राज्य सरकारें इस मुद्दे को सुलझा लें। अगर ऐसा होता है, तो सभी विवादों का अंत हो जाएगा। देब ने कहा, इसे कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें परंपरा के उल्लंघन को रोकने के लिए अन्य संभावनाओं पर विचार करना होगा। सरकार विशेषज्ञों की राय लेकर उचित कदम उठाएगी।